रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर


हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 10 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-140 मूल्य 3.00 ₹


**क्विक न्यूज़**

### धनखड़ शनिवार को बेंगलुरु की यात्रा पर



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को कर्नाटक के बेंगलुरु की यात्रा पर रहेंगे और राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के 25वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने गुरुवार को यहां बताया कि श्री धनखड़ 11 जनवरी को बेंगलुरु के दौरे पर रहेंगे। अपनी यात्रा के दौरान वह राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के 25वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

### नयी दिल्ली विधानसभा में मतदाताओं के नाम जोड़ने और हटाने को लेकर हो रही धांधली : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने नयी दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के खिलाफ़ चुनाव आयोग से शिकायत की और कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम जोड़ने और हटाने को लेकर धांधली हो रही है। केजरीवाल के साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और सांसद संजय सिंह ने नई दिल्ली विधानसभा में गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए शिकायत की। केजरीवाल ने शिकायत के बाद पत्रकारों से कहा कि नई दिल्ली सीट पर 22 दिन में साढ़े पांच हज़ार वोट कटाने के आवेदन आ गए हैं। जिन 89 लोगों के नाम से वोट काटने के आवेदन लगाए गए, उनमें से सामने आए 18 लोगों ने कह दिया कि उन्होंने आवेदन नहीं किया है।

### उत्तर, मध्य, पूर्वी भारत में अगले चार दिन तक घने कोहरे का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी, मध्य और पूर्वी हिस्सों में अगले तीन से चार दिन तक घना से बहुत घना कोहरा छाये रहने का अनुमान जताया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों, उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में कल तक और 12 जनवरी को राजस्थान में रात और सुबह के समय घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहने के आसार हैं।

### वैश्विक आर्थिक वृद्धि 2025 में 2.8 प्रतिशत, भारत की वृद्धि 6.6 प्रतिशत रहेगी : संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक कार्य प्रभाग की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार निवेश और उपभोक्त I मांग में नरमी तथा देशों पर कर्ज के बोझ की समस्या का सामाना कर रही विश्व अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर वर्ष 2025 में 2024 के अनुमानित 2.8 प्रतिशत के स्तर पर बनी रहेगी। विश्व की आर्थिक स्थिति एवं संभावनाओं पर- वर्ल्ड इकोनॉमिक सिचुएशन एवं प्रॉस्पेक्ट्स (डब्ल्यूईएसपी, 2025) शीर्षक इस रिपोर्ट में 2025 में भारत की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इस रिपोर्ट का अनुमान है कि वैश्विक व्यापार में 2025 में वृद्धि 3.2 प्रतिशत रह सकती है।

# फैक्ट्री की चिमनी गिरने से कई मजदूर दबे
# कई गंभीर घायल, कुछ मजदूरों की मौत

**पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली**
www.dailypioneer.com

मुंगेली जिले के सरगांव ब्लाक के अंतर्गत कुसुम लोहा फैक्ट्री में एक बड़ा हादसा हो गया है। फैक्ट्री की विशाल चिमनी अचानक गिर गई, जिसमें 25 से अधिक मजदूरों के दबने की आशंका जताई जा रही है। घटना में कई मजदूरों की मौत की आशंका जताई जा रही है। वहीं एक मजदूर मनोज कुमार कश्यप निवासी दगोरी, बिलासपुर की उपचार के दौरान मौत हो गई है। वहीं मौत के आंकड़े की बढ़ने की आशंका है। गंभीर हालत में कई मजदूरों को अस्पताल दाखिल कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। यहां पर काम करने वाले कई मजदूरों को बाहर निकाला गया है और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी मजदूरों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से जारी है। घटना के बाद फैक्ट्री के आसपास बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। इस हादसे ने इलाके में दहशत और आक्रोश पैदा कर दिया है। स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासन और फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की जा रही है। मामले को लेकर परिजनों ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।



### कई फैक्ट्रियों की हालत जर्जर, पर्यावरण संरक्षण मंडल कार्यवाही के नाम पर कर रहा सिर्फ खानापूर्ति

मुंगेली जिला ही नहीं राज्य के विभिन्न हिस्सों में संचालित कई फैक्ट्रियों की हालत जर्जर है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा इंडस्ट्रियों को नोटिस जारी कर छोड़ दिया जाता है। कई फैक्ट्रियों को 5 से 7 बार भी नोटिस जारी किए गए। उसके बाद भी उनमें खामियां पाई जाती हैं। विभाग द्वारा पुनः नोटिस जारी कर अपने दायित्वों से पल्ला झाड़ा जाता है। जबकि इंडस्ट्रियों में सघन जांच कर अनियमितताओं पर कार्यवाही करने की जरूरत होती है। लेकिन विभाग सिर्फ नोटिस जारी कर अपना उल्लू सीधा करने के काम पर जुटा हुआ है। कहते हैं कि इस फैक्ट्री की हालत भी जर्जर थी। स्ट्रक्चर का मेंटेनेंस भी समय पर नहीं किया जा रहा था, बहरहाल यह सब जांच का विषय है। वहीं प्लांट के विस्तार की भी बड़ी जल्दबाजी थी, जिसका खामियाजा आज मजदूरों को अपनी जान गंवाकर भुगतना पड़ रहा है। इससे पहले भी क्षेत्रवासी प्रदूषण को लेकर काफी परेशान थे, लेकिन विभाग अपने दायित्वों के निर्वहन में सिर्फ खानापूर्ति करते नजर आ रहा है।

हमारे पर्याप्त संसाधन और मशीनरी मौजूद हैं। फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता, रेस्क्यू जारी है। कुछ मजदूर मिसिंग हैं, जिसके लिए रेस्क्यू जारी है, पूरी रिपोर्ट सामने आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

**- राहुल देव,** कलेक्टर मुंगेली

घटना की जानकारी सामने आने के बाद प्रशासनिक अमला तुरंत घटना स्थल पर पहुंच गया, स्वास्थ्य अमला, पुलिस सहित पुरा प्रशासन घटना स्थल पर राहत कार्य में जुटा हुआ है। दो घायलों को ईलाज के लिए बिलासपुर भेजा गया है।

**-भोजराम पटेल,** पुलिस अधीक्षक

## पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम फहराने का सपना साकार करने कार्यकर्ता संकल्पित : नितिन नवीन




**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जो सपना है पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम फहराने का, आगामी नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों में हम सब उस सपने को साकार करने संकल्पित हैं। नवीन ने कहा कि विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में जैसी प्रचंड जीत छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिली, जनता-जनार्दन का वही विश्वास निःसंदेह हम फिर अर्जित करेंगे। भाजपा प्रदेश प्रभारी नवीन ने पार्टी के कोर ग्रुप की बैठक के बाद कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि अब कार्यकर्ताओं को नेतृत्वकर्ता बनाने की प्रक्रिया में नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव है। पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा का झंडा लहराने के अपने संकल्प की पूर्ति का सबसे स्वर्णिम अवसर निकाय व पंचायत चुनाव के रूप में हमारे सामने है। नवीन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार से 1 साल में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार में जनता से जुड़े हुए हर मुद्दे को उन्होंने पूरा किया, चाहे गरीबों को प्रधानमंत्री आवास देने का हो, चाहे महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को लाभ देने का हो, चाहे किसानो की बात हो, चाहे मजदूरों की बात हो। हर क्षेत्र को ध्यान में रखना चाहिए, हर चीज को ध्यान में रखकर चाहे युवाओं की बात हो युवाओं के जो मुद्दे थे, उसके लिए भी प्रदेश की भाजपा सरकार ने काम किया तो युवा महिला मजदूर किसान हर वर्ग को और जो गरीब प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थी हैं। सब वर्ग के लोगों को अगर किसी ने एड्रेस किया मात्र 1 साल में तो विष्णुदेव साय की सरकार ने किया है। नवीन ने विश्वास व्यक्त किया कि जनता-जनार्दन पूरी तरीके से पंचायत से पार्लियामेंट तक भगवा लहराने के लिए खड़ी है।

नितिन नबीन ने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं है। फिलहाल निकाय और पंचायत चुनाव सामने है, जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ता तैयारी में जुट गए हैं। समय आने पर मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा।

## सुकमा-बीजापुर सीमा पर मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर



फाईल फोटो

**पायनियर संवाददाता ‹ सुकमा**
www.dailypioneer.com

सुकमा और बीजापुर जिलों की सीमा से लगे कोर माओवादी क्षेत्र में गुरुवार की सुबह सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ के दौरान तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया गया। सुकमा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) किरण चव्हाण ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ के बारे में आगे की जानकारी ऑपरेशन पूरा होने के बाद अलग से जारी की जाएगी। सुकमा डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी), स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन (कोबरा) की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को शुरू किया गया यह ऑपरेशन, क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर किया गया था। पूरे दिन छिटपुट गोलीबारी की खबरें मिलती रहीं। इस बीच बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुंदरराज पी ने कहा कि माओवादियों के कोर जोन में यह मुठभेड़ हो रही है। सुकमा डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा की संयुक्त पुलिस पार्टी माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुई थी। इस अभियान के दौरान सुबह से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि मुठभेड़ स्थल और आसपास के क्षेत्रों की सुरक्षा बलों द्वारा सघन सर्चिंग भी जारी है। सुरक्षा बल फिलहाल मुठभेड़ स्थल और उसके आसपास गहन तलाशी अभियान चला रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में होंगे शामिल



**रायपुर।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान दुर्ग के नगपुरा में आयोजित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि चौहान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और पीएम जनमन के आवास हितग्राहियों को खुशियों की चाबी देंगे। इस दौरान रूरल मेसन प्रशिक्षणार्थियों को सामग्री का वितरण, उत्कृष्ट काम करने वाले ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को पुरुस्कृत, व्यक्तिगत शौचालय के हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि, स्वच्छाग्राही स्वच्छता समूह का सम्मान एवं स्वच्छता किट का वितरण, समूहों को बैंक लिंकेज एवं डेमो चेक वितरण, ड्रोन दीदीयों को प्रशस्ति पत्र वितरण, लखपती दीदी को प्रशस्ति पत्र और स्वामित्व योजना अधिकार अभिलेख वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद दुर्ग विजय बघेल, विधायक जगदलपुर किरण देव सिंह, विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्राकर, विधायक दुर्ग शहरी गजेन्द्र यादव, विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन, विधायक साजा ईश्वर साहू शामिल होंगे।

## जेल व फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ अपराधों के तरीकों का विश्लेषण करे पुलिस ब्यूरो : शाह



**पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के कामकाज की समीक्षा की और ब्यूरो को जेल अधिकारियों तथा फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ मिलकर अपराधों के तरीकों का विश्लेषण करने को कहा। गृह मंत्रालय ने बताया कि गृह मंत्री ने ब्यूरो के छह प्रभागों के साथ-साथ क्षेत्रीय कार्यालयों की उपलब्धियों, कार्यों और भविष्य की रूपरेखा का अवलोकन किया। उन्होंने नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन में ब्यूरो के प्रयासों और पहलों की भी विशेष समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ब्यूरो भारतीय पुलिस बलों को आवश्यक बौद्धिक, भौतिक और संगठनात्मक संसाधनों से युक्त करके पुलिसिंग के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए उन्हें स्मार्ट बलों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में चर्चा के दौरान गृह मंत्री ने कहा कि ब्यूरो को जेल अधिकारियों तथा फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ मिलकर अपराधों के तरीकों का विश्लेषण करना चाहिए जिससे अपराधों को रोकने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि ब्यूरो जमीनी स्तर पर पुलिसिंग में आने वाली कठिनाइयों को चिन्हित कर उनका समाधान निकालने की दिशा में शोध करे। शाह ने शोध अध्ययनों और परियोजनाओं में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थानों के साथ सहयोग सहित विभिन्न हितधारकों के योगदान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने पुलिस बलों को अधिकतम लाभ प्रदान करने के साथ-साथ पुलिस की सार्वजनिक छवि को बेहतर बनाने के लिए ब्यूरो की परियोजनाओं और अध्ययनों के साथ-साथ प्रकाशनों के दायरे के वैश्विक स्तर पर विस्तार और 'आउटरीच' के निर्देश दिए।

## पत्रकार हत्याकाण्ड : हत्या के पहले ठेकेदार सुरेश ने निकाली थी बड़ी रकम



**बीजापुर।** बस्तर के पत्रकार मुकेश चन्द्राकर हत्याकाण्ड की परतें खुलना शुरू हो गई है। पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जानकारियां साझा की है। एसआईटी द्वारा जारी की गई जानकारी के अनुसार हत्या का प्रमुख आरोपी ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर ने 27 दिसम्बर 2024 को अपने बैंक खाते से बड़ी रकम निकाली थी, जिसको लेकर चारों ओर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या ठेकेदार के साथ और भी लोग शामिल हैं? ठेकेदार ने हत्या के तीन दिन पहले ही इतनी बड़ी रकम क्यों निकाली? निकाली गई रकम को सुरेश ने कहां खपाया या किसे दिया? यह भी जांच का प्रमुख बिन्दु हो सकता है। इसके साथ ही सभी आरोपियों के मोबाईल नंबर से बहुत से डाटा डिलिट मिले हैं। एसआईटी टीम ने घटना स्थल का दो बार रिक्रिएशन आरोपियों से करवाया है। एफएसएल टीम जगदलपुर से भी पृथक से रूम नंबर 11 एवं अन्य संबंधित स्थानों का निरीक्षण करवाया गया है, जिसमें भौतिक साक्ष्य भी पुलिस के हाथ लगे हैं। घटना में प्रयुक्त वाहन मिक्शर मशीन, भागने के लिए किए गए वाहन, घटना में प्रयुक्त लोहे एवं अन्य को भी बरामद किया गया है। घटना में उपयोग किए गए लोहे की राड़ व अन्य साक्ष्य को आरोपियों के द्वारा नेलसनार नदी के किनारे जंगल के झाड़ी में छिपाकर रखा गया था।

### बीजापुर एसपी को हटाने की मांग

पत्रकार मुकेश हत्याकाण्ड को लेकर राज्य के पत्रकार अभी भी काफी आक्रोशित हैं। जगह-जगह ज्ञापन सौंपकर अपराधियों को फांसी देने की मांग की जा रही है। इसके साथ ही वर्तमान पुलिस अधीक्षक बीजापुर का ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर से नजदीकी रिलेशन होने का आरोप लगाया जा रहा है। सुरेश चन्द्राकर और पुलिस अधीक्षक की सोशल मीडिया में वायरल हो रही फोटो की इन दिनों जमकर चर्चा हो रही है। हालांकि इस हत्याकाण्ड को लेकर सरकार ने अब तक एक भी अधिकारी या कर्मचारी को नहीं हटाया है। जिसको लेकर अंचल के पत्रकार आशंकित हैं और एसपी को हटाने की मांग कर रहे हैं।

**प्रधानमंत्री ने कहा- भविष्य बुद्ध में है, युद्ध में नहीं**

# प्रवासी भारतीय देश के राजदूत, दुनिया में भारत का सिर ऊंचा किया : मोदी

**वार्ता ‹ भुवनेश्वर**
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रवासी भारतीयों को विदेशों में भारत का राजदूत करार देते हुए कहा है कि उन्होंने अपनी मेहनत तथा सामाजिक मूल्यों से विश्व में भारत का सिर ऊंचा किया है। मोदी ने यहां जनता मैदान में आयोजित '18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन' का उद्घाटन करते हुए राज्य के ऐतिहासिक स्थल धौली को शांति का प्रतीक बताया और कहा कि सम्राट अशोक ने यहां शांति का मार्ग चुना। उन्होंने कहा कि जब दुनिया भर में अनेक जगहों पर युद्ध तथा टकराव चल रहे हैं यह विरासत दुनिया को प्रेरित करती है कि भविष्य बुद्ध में है, युद्ध में नहीं। प्रधानमंत्री ने दुनिया के विभिन्न भागों से आए सभी प्रतिनिधियों और प्रवासियों का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में दुनिया भर में प्रवासी भारतीयों के विभिन्न कार्यक्रमों में आज यहां प्रस्तुत उद्घाटन गीत बजाया जाएगा। उन्होंने ग्रैमी पुरस्कार विजेता कलाकार रिकी केज और उनकी टीम की शानदार प्रस्तुति की सराहना की, जिसमें भारतीय प्रवासियों की भावनाओं को दर्शाया गया।मोदी ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि त्रिनिदाद और टोबैगो गणराज्य की राष्ट्रपति, क्रिस्टीन कार्ला कंगालू को उनके वीडियो संदेश में गर्मजोशी और स्नेह भरे शब्दों के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने भी भारत की प्रगति का उल्लेख किया है जो सब के लिए गौरव की बात है। प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम को भारत और उसके प्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा, प्रवासी भारतीय दिवस भारत और उसके प्रवासियों के बीच बंधन को मजबूत करने वाली एक संस्था बन गई है। उन्होंने कहा कि इस दिन हम सब मिलकर भारत, भारतीयता, अपनी संस्कृति और प्रगति का जश्न मनाते हैं और साथ ही अपनी जड़ों से जुड़ते हैं। मोदी ने कहा कि ओडिशा में हर कदम पर हम अपनी विरासत देख सकते हैं। उन्होंने कहा, ओडिशा की महान भूमि, जहां हम एकत्र हुए हैं, भारत की समृद्ध विरासत का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि उदयगिरि और खंडगिरि की ऐतिहासिक गुफाओं या कोणार्क के भव्य सूर्य मंदिर या ताम्रलिप्ति, माणिकपटना और पलुर के प्राचीन बंदरगाहों को देखने पर हर कोई गर्व से भर जाएगा। उन्होंने कहा कि सैकड़ों साल पहले, ओडिशा के व्यापारियों और सौदागरों ने बाली, सुमात्रा और जावा जैसे स्थानों पर लंबी समुद्री यात्राएं की थीं और आज भी ओडिशा में बाली यात्रा उसी की याद में मनाई जाती है। उन्होंने कहा, ओडिशा का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल धौली शांति का प्रतीक है। सम्राट अशोक ने यहां शांति का मार्ग चुना था, जबकि दुनिया तलवार की ताकत से साम्राज्यों का विस्तार कर रही थी। यह विरासत भारत को दुनिया को यह बताने के लिए प्रेरित करती है कि भविष्य बुद्ध में है, युद्ध में नहीं। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि उन्होंने हमेशा प्रवासी भारतीयों को भारत का राजदूत माना है। प्रवासी भारतीयों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्होंने वैश्विक मंच पर गर्व के साथ सिर ऊंचा करने का अवसर देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि पिछले एक दशक में, उन्होंने कई विश्व नेताओं से मुलाकात की है, जिनमें से सभी ने प्रवासी भारतीयों की उनके सामाजिक मूल्यों और उनके संबंधित समाजों में योगदान के लिए प्रशंसा की है।





Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges

श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल

NABH

1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

अब मात्र ₹ 100/-

के पंजीयन - शुल्क पर साल भर ओ.पी.डी

आयुष्मान कार्ड से ऑपरेशन एवं ICU में भर्ती

सारी जांच प्रचलित दरो से आधी कीमत (50%) पर



नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन*

गर्भवती महिलाओं के लिए नि:शुल्क डिलीवरी* (नॉर्मल एवं सिजेरियन)

मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842
7389116903, 9926191294, 0771- 4241000/01/02

# भारतीय सेना ने खानाबदोश समुदाय के साथ जुड़ाव, विकास, विश्वास पर चर्चा की

वार्ता < जम्मू
www.dailypioneer.com



भारतीय सेना ने विकास एवं शिक्षा से संबंधित चिंताओं को समझने के लिए जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के बिलावर बेल्ट के रामपुर में गुज्जर-बकरवाल समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत की। रक्षा प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि इस बातचीत का उद्देश्य गुज्जर-बकरवाल समुदाय के मुद्दों को संबोधित करना, उन्हें क्षेत्रीय विकास में सेना की भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान करना और सेना में उनके विश्वास को मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान जीओसी गुर्ज डिवीजन ने इस बात पर बल दिया कि भारतीय सेना न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बल्कि दूरदराज एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के कल्याण और प्रगति के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं को अपना ध्यान शिक्षा पर केंद्रित करने और बेहतर भविष्य के लिए रोजगार के अवसर की तलाश करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रवक्ता ने बताया कि मंच के माध्यम से गुज्जर-बकरवाल समुदाय के उत्थान एवं कल्याण के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न पहलों एवं योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि इस अवसर को चिह्नित करने के लिए, भारतीय सेना ने गुज्जर-बकरवाल समुदाय को नववर्ष की मिठाइयां बांटीं, जिससे सेना और स्थानीय आबादी के बीच सद्भाव एवं आपसी विश्वास की भावना को बढ़ावा मिला।

## तमिलनाडु सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत, 35 घायल

**रानीपेट (वार्ता)।** तमिलनाडु में रानीपेट सिपकॉट एस्टेट के पास चेन्नई-बेंगलुरू राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार तड़के यहां चेन्नई-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर रानीपेट एसआईपीसीओटी एस्टेट के पास कर्नाटक राज्य परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस और दो ट्रकों की भिडंत में चार लोगों की मौत हो गई और अन्य 35 घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान मंजूनाथन (30) और शंकरन (32) के रूप में की गई है, दोनों आयशर ट्रक के चालक और क्लीनर थे जो आंध्र प्रदेश से चेन्नई तक फल और सब्जियां लेकर जा रहे थे। दो अन्य लोग कृष्णप्पा (65) और सोमशेखरन (31) दोनों केएसआरटीसी बस में यात्रा कर रहे थे। दुर्घटना में घायल हुए बस के 35 यात्रियों को इलाज के लिए वालाजापेट के सरकारी मुख्यालय अस्पताल और यहां के निजी अस्पतालों में ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि पीछे से आ रहा टिप्पर ट्रक अपना नियंत्रण खो बैठा और बस से टकरा गया। जिसमें तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। केएसआरटीसी की बस मेलमारुवथुर में आधिपराशक्ति मंदिर की तीर्थयात्रा के बाद कर्नाटक के कोलार लौट रही थी। यह दुर्घटना उस समय हुई जब केएसआरटीसी बस चालक ने रेत से लदे एक टिपर ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया और विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बस की भिडंत हो गयी। रानीपेट के पुलिस अधीक्षक विवेकानन्द शुक्ला ने घटनास्थल पर पहुंच कर बचाव अभियान का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# कश्मीर में संदिग्ध गिरफ्तार हथियार और गोला-बारूद बरामद

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में एक संदिग्ध व्यक्ति को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। यह जानकारी सेना ने गुरुवार को दी। उन्होंने कहा कि यह गिरफ्तारी बुधवार को एक विशिष्ट खुफिया इनपुट के आधार पर की गई, जिसके बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ ठोकरपुरा मोहल्ला, कैमोह, कुलगाम में एक संयुक्त घेरा एवं तलाशी अभियान चलाया गया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने संदिग्ध की पहचान का खुलासा नहीं किया लेकिन कहा कि उसके पास से चार मैगजीन और 120 राउंड के साथ एक एके राइफल, दो हथगोले और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गई। चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 08 जनवरी को, विशिष्ट खुफिया इनपुट के आधार पर, सेना और जम्मू-कश्मीर द्वारा ठोकरपुरा मोहल्ला, कैमोह, कुलगाम में एक संयुक्त घेरा एवं तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान, 01 एके राइफल, 04 एके मैगजीन, 120 एके राउंड, 02 हैंड ग्रेनेड और अन्य युद्ध भंडार की बरामदगी की गई, साथ एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। बयान में कहा कि पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है। पिछले माह, कुलगाम जिले में एक मुठभेड़ हुई थी जिसमें हिजबुल मुजाहिदीन का एक शीर्ष कमांडर मारा गया था, जो कश्मीर घाटी में सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाला आतंकवादी था। मुठभेड़ में सेना के दो जवान भी घायल हुए थे।

# चिंतन शिविर का कल उदयपुर में शुभारंभ

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

Ministry of Women and Child Development
Government of India

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी शुक्रवार को राजस्थान के उदयपुर में चिंतन शिविर का उद्घाटन करेंगी, जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के महिला एवं बाल विकास विभागों के मंत्री भी शामिल होंगे। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि 10 से 12 जनवरी तक राजस्थान के उदयपुर शहर में चिंतन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के गणमान्य व्यक्तियों और वरिष्ठ अधिकारियों सहित प्रमुख पक्ष एक साथ एक मंच पर उपस्थित होकर देश भर में महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास एवं कल्याण से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा करेंगे, ताकि उनसे निपटने के लिए सर्वोत्तम संभव समाधान निकाले जा सकें। इस कार्यक्रम में श्रीमती अन्नपूर्णा देवी कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी और चर्चा का नेतृत्व करेंगी। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में मंत्रालय की प्रमुख पहलों पर ध्यान केंद्रित करने वाले कई महत्वपूर्ण सत्रों में मिशन वात्सल्य, मिशन शक्ति और मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण शामिल हैं। विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से सर्वोत्तम अभ्यास प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

# महाकुंभ नगर में डिजिटल केंद्रों पर मिलेगा खोया सामान, मिलेगी घाटों की जानकारी

एजेंसी < महाकुम्भ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश पुलिस ने सुरक्षित, सुव्यवस्थित और भव्य महाकुम्भ की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की परिकल्पना को साकार करते हुए दस डिजिटल खोया पाया केंद्रों की स्थापना की है। डिजिटल खोया पाया केंद्रों में वेटिंग रूम भी रहेंगे। इसके साथ ही चिकित्सीय सुविधाओं के लिए अलग से मेडिकल रूम बनाया गया है। महिलाओं और बच्चों के लिए रिफ्रेशमेंट एरिया की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सभी केंद्रों में 55 इंच का एलईडी स्क्रीन लगाया गया है। इसे पब्लिक एड्रेस सिस्टम से कनेक्ट किया गया है। खोए-पाए सामान और व्यक्तियों के बारे में लाइव जानकारी दी जाएगी। इतना ही नहीं इन केंद्रों पर महाकुम्भ से संबंधित घाटों और मार्गों के बारे में सारी व्यवस्थाओं की भी जानकारी दी जाएगी। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) जोन भानु भास्कर ने बताया कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। उनके आने-जाने और स्नान की सुरक्षित व्यवस्था की जा रही है। श्रद्धालुओं की सहायता, सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 10 कंप्यूटराइज्ड खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं। संगम वापसी मार्ग के पश्चिमी छोर पर स्थित मुख्य मॉडल केंद्र में सामान्य दिनों में 5 कर्मचारी और स्नान पर्व के दौरान 9 कर्मचारी तैनात रहेंगे। खोए-पाए व्यक्तियों की जानकारी कंप्यूटर पर दर्ज की जाएगी और सूचना देने वाले को कंप्यूटराइज्ड रसीद प्रदान की जाएगी। 55 इंच के बड़े एलईडी स्क्रीन पर खोए व्यक्तियों की फोटो और विवरण प्रसारित किए जाएंगे। सभी केंद्र एक-दूसरे से आधुनिक संचार प्रणाली द्वारा जुड़े हुए हैं। सूचना का प्रसारण फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए भी होगा। महाकुम्भ में यात्रियों की सहायता के लिए मेला क्षेत्र में पूछताछ केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर महाकुम्भ, प्रयागराज शहर और मेला क्षेत्र से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी।

## कांग्रेस पार्टी को बाबा साहब पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : अमर कुमार बाउरी

**रांची।** झारखंड में भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आज पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं संविधान गौरव अभियान के प्रदेश संयोजक अमर कुमार बाउरी की अध्यक्षता में अभियान की प्रदेश एवं जिला टोली की बैठक संपन्न हुई। सभी सांगठनिक जिलों से अभियान से जुड़े जिला संयोजक एवं सह संयोजक शामिल हुए। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश के सह संयोजक राकेश भास्कर, नंद जी प्रसाद,अमरदीप यादव उपस्थित थे। बैठक में आगामी कार्ययोजना ,सभी जिला,मंडल स्तर पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों,गोष्ठियों पर क्षेत्रीय एवं प्रदेश संगठन महामंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं संविधान गौरव अभियान के प्रदेश संयोजक अमर कुमार बाउरी ने कहा आगामी 11से 25 जनवरी तक भाजपा द्वारा देश भर में संविधान गौरव अभियान चलाया जाएगा। झारखंड में पार्टी का सदस्यता अभियान कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं की व्यस्तता को देखते हुए यहां यह अभियान 15 जनवरी से 25 जनवरी तक होगा। उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर पर बोलने का नैतिक अधिकार खो दिया है। उन्होंने कहा कि ये वही कांग्रेस पार्टी है जिसने बाबा साहब को चुनाव में हराने का प्रयास किया था। दलितों के प्रति कांग्रेस की सोच कैसी थी यह कांग्रेस पार्टी के इतिहास से पता चलता है।

# नीतीश सरकार में जिला परिवहन कार्यालय बन गया भ्रष्टाचार का अड्डा : भाकपा

एजेंसी < पटना
www.dailypioneer.com

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि नीतीश सरकार में बिहार के सभी जिला परिवहन कार्यलय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। पांडेय ने गुरुवार को यहां कहा कि बिचौलिया कार्यालय चला रहे हैं और बिना रिश्वत के कोई कार्य नहीं होता है। पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में तो बेचौलिया समानांतर जिला परिवहन कार्यालय चला रहे हैं। पटना जिला परिवहन कार्यालय का हाल और बेहाल है। सरकार मूकदर्शक बन बैठी हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद हस्तक्षेप करें। जिला परिवहन कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी पदाधिकारी पर सख्त कार्रवाई की जाए। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि कुमार कहते हैं कि कफन में जेब नहीं होता है, लेकिन उनकी सरकार में भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है। बिना रिश्वत का कोई काम नहीं होता है। लाइसेंस बनाने, गाड़ियों का निबंधन कराने, रोड परमिट लेने सहित विभिन्न कार्यों के लिए लोगों को रिश्वत देना पड़ता है। जिला परिवहन पदाधिकारी कार्यालय में नहीं बैठते हैं, पूरा कार्य बिचौलियों ही देखता है। मुख्यमंत्री परिवहन योजना अन्तर्गत लाभुकों के चयन में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। पांडेय ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कुमार से बिहार के सभी परिवहन कार्यालत में व्याप्त भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराने, जिलों में चल रहे समानांतर कार्यालय को बंद कराने और भ्रष्ट पदाधिकारी पर सख्त कार्रवाई करने की मांग करती है।

# सिंधिया ने पर्यटकों की सुविधा के लिए नये वाहनों का किया लोकार्पण





एजेंसी < शिवरी
www.dailypioneer.com

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज माधव राष्ट्रीय उद्यान में टाइगर सफारी जोन में घूमने के लिए तथा पर्यटकों की सुविधा के लिए नये वाहनों का लोकार्पण किया। माधव राष्ट्रीय उद्यान के सूत्रों ने बताया कि माधव राष्ट्रीय उद्यान में टाइगर सफारी बनाई गई है यहां आने वाले पर्यटकों को घूमने के लिए सिंधिया द्वारा दो वाहनों का शुभारंभ किया गया। उनकी बुकिंग के लिए ऑनलाइन सुविधा का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कई विधायक, जिला कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ तथा वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सिख समुदाय 12 जनवरी को गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश

वार्ता < हैदराबाद
www.dailypioneer.com




तेलंगाना में प्रबंधक कमेटी गुरुद्वारा साहब सिकंदराबाद (जीएसएस), दसवें और अंतिम सिख गुरु तथा खालसा पंथ के संस्थापक 'गुरु गोबिंद सिंह' के 358वें प्रकाश पर्व को मनाने के लिए 12 जनवरी को क्लासिक गार्डन में 'विशाल दीवान' (सामूहिक समागम) का आयोजन करेगी। यहां गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में जीएसएस प्रबंधक समिति के अध्यक्ष बलदेव सिंह बग्गा, महासचिव जगमोहन सिंह और उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह गुलाटी ने कहा कि क्लासिक गार्डन, सिकंदराबाद में सामूहिक समागम का आयोजन किया जाएगा, जहां सैकड़ों सिख श्रद्धालु और अन्य धर्मों के समुदाय के सदस्य शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न भागों से विशेष रूप से आमंत्रित किए गए प्रतिष्ठित रागी जत्थों की ओर से गुरबानी कीर्तन (पवित्र भजन) किया जाएगा। प्रतिष्ठित रागी जत्थे, भाई सरबजीत सिंह (पटना साहब), भाई जसकरन सिंह (पटियाला), ज्ञानी जगदेव सिंह, भाई चरणजीत सिंह और अन्य प्रतिष्ठित रागी जत्थे, शबद कीर्तन (पवित्र भजन और कथा) करेंगे और सिख गुरुओं की शिक्षाओं पर प्रकाश डालेंगे। समागम के समापन के बाद, श्रद्धालुओं को गुरु का लंगर (निःशुल्क सामुदायिक रसोई) परोसा जाएगा। गुरु गोविंद सिंहजी ने कमजोर और दीन-दुखियों की रक्षा के लिए अपने प्राण तथा परिवार का बलिदान दिया और देश को आक्रमणकारियों के चंगुल से मुक्त कराया। विज्ञप्ति के अनुसार, 11 जनवरी को शाम सात बजे से 10 बजे तक गुरुद्वारा साहिब सिकंदराबाद में रात्रि कीर्तन दरबार आयोजित किया जाएगा, जिसमें रागी जत्थे शबद कीर्तन और कथा का पाठ करेंगे और उसके बाद गुरु का लंगर होगा।

# अदालत ने धन की हेराफेरी मामले में डीएमएससीएल अध्यक्ष को ईडी की हिरासत में भेजा

एजेंसी < मुम्बई
www.dailypioneer.com

मुंबई की एक विशेष अदालत ने व्यवसायी एवं ज्ञानराधा मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड (डीएमसीएसएल) के अध्यक्ष सुरेश कुटे को धन की अवैध हेराफे री और धोखाधड़ी मामले में शुक्रवार तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। एक वकील ने गुरुवार को बताया कि उन पर कुटे समूह की विभिन्न कंपनियों में 2,467 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित करने का आरोप है। विशेष न्यायाधीश एसी डागा ने कुटे को एजेंसी की हिरासत में भेजते हुए कहा, आरोपी की अपराध में प्रथम दृष्ट्या संलिप्तता प्रतीत होती है। अपराध की गंभीरता को देखते हुए, साथ ही इस तथ्य को भी ध्यान में रखते हुए कि जांच एजेंसी 1,400 करोड़ रुपये की संपत्ति की पहचान कर सकती है, उन्हें हिरासत में रखकर पूछताछ की आवश्यकता है। गौरतलब है कि कुटे, यशवंत वी कुलकर्णी और अन्य की ओर से प्रबंधित तथा नियंत्रित डीएमसीएसएल ने 12 प्रतिशत से 14 प्रतिशत के बीच रिटर्न की पेशकश करने वाली विभिन्न जमा योजनाओं को बढ़ावा दिया। चार लाख से अधिक निवेशकों को उच्च रिटर्न के वादे के साथ अपने धन को जमा करने के लिए लुभाया गया था। हालांकि, परिपक्वता पर, निवेशकों को या तो आंशिक या कोई भुगतान नहीं मिला, जिससे उन्हें काफी वित्तीय नुकसान हुआ। इससे पहले, ईडी ने डीएमसीएसएल, इसके अध्यक्ष कुटे और अन्य से जुड़े धनशोधन मामले में 333 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी। ईडी के अनुसार, कुटे ने ऋण की आड़ में धन के हेराफेरी करने के लिए 22 कंपनियां और चार एलएलपी फर्म बनाई थीं।

# अनाज खरीद पोर्टल में हेराफेरी करने के आरोप में चार व्यक्ति गिरफ्तार

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देशों के अनुसार साइबर अपराध के खिलाफ चल रही कार्रवाई के बीच, पंजाब पुलिस के राज्य साइबर अपराध प्रभाग ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया है। साइबर अपराध डिवीजन की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) वी.नीरजा ने गुरुवार को बताया कि अनाज खरीद पोर्टल के जरिये किसानों से फसल का भुगतान अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किये गये लोगों की पहचान मनीष, जसवीर सिंह, अंग्रेज सिंह और बलविंदर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने धोखाधड़ी करने के लिये उनके द्वारा इस्तेमाल किए गये डिजिटल डिवाइस और राउटर भी बरामद किये हैं। वी.नीरजा ने बताया कि आरोपियों ने किसानों की फसल का भुगतान धोखाधड़ी से अपने खातों में ट्रांसफर करने के लिये एक नया तरीका अपनाया। इसके लिये वे किसानों के मोबाइल नंबर को अपने मोबाइल फोन नंबर से बदल देते थे और उसके बाद उसी का इस्तेमाल किसानों के बैंक खाते की जानकारी अपडेट करने के लिये करते थे। उन्होंने बताया कि पकड़े जाने से बचने के लिये आरोपी भुगतान की प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद मूल विवरण को पुनर्स्थापित कर देते थे। उन्होंने बताया कि घोटाले में शामिल अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिये राज्यव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, पंजाब से एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें यह बात सामने आयी है कि कुछ किसानों को 2024 के धान सीजन के दौरान अपनी फसल बेचने का भुगतान नहीं मिला है। आगे की जांच में पता चला कि इन किसानों का भुगतान अलग-अलग व्यक्तियों के विभिन्न बैंक खातों में जमा किया गया है।

# जनता को लूटकर पूंजीपतियों को फायदा दे रहा है मोदी का जीएसटी : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के जरिए आम लोगों की जेब पर डाका डाल रही है और सामान्य लोगों से ज्यादा कर वसूल कर पूंजीपतियों की पूंजी में बढ़ोतरी कर रही है। कांग्रेस नेता शक्ति सिंह गोहिल ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में जीएसटी को आम लोगों के लिए आतंक करार दिया और कहा कि सरकार किसान से कॉटन पर एडवांस कर ले रही है तथा इसके बदले ब्याज भी नहीं दिया जा रहा है। खेती किसानी में प्रयोग होने वाले उपकरणों और कीट नाशक रसायनों पर भारी कर लगाया जा रहा है और पूंजीपतियों को करों से राहत दी जा रही है। जीएसटी का आधार सरलीकरण था और इसका आधार एक ही होना चाहिए था लेकिन मोदी सरकार ने इसमें स्लैप बढ़ाकर जीएसटी का आतंक खड़ा कर दिया है जिससे आम आदमी परेशान हो गया है। पॉपकॉर्न पर तीन स्लैब में कर लिया जा रहा है और ऐसा कर सरकार आम लोगों के साथ अत्याचार कर रही है। गोहिल ने कहा कि मोदी सरकार में गरीब और आम लोगों से जीएसटी जमकर लिया जा रहा है लेकिन जो लोग अरबों-खरबों की कमाई कर रहे हैं उन पूंजीपतियों को कर से छूट दी जा रही है। इसी का परिणाम है कि आज गरीबों और अमीरों के बीच जबरदस्त खाई बढ़ गई है और यह अंग्रेज शासन के समय से भी ज्यादा चौड़ी हो गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पूंजीपतियों को दो लाख करोड़ रुपए के कर में छूट दी है। यहीं नहीं, बड़े उद्योगपतियों का सरकार ने 17 लाख करोड़ रुपए का एनपीए माफ किया है और इस माफी के बदले इन पूँजीतियों ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड खरीदकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चंदा दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जीएसटी का मतलब कर लेने की व्यवस्था का सरलीकरण करना था लेकिन मोदी सरकार ने आनन-फानन में जीएसटी लागू कर इसे जटिल बना दिया है और उस पर जो स्लैब बनाए हैं उनमें जनता पिस रही है। इस टैक्स के जरिए देश के गरीब से पैसे छीने जा रहे हैं। कर सेस लेने की व्यवस्था है और इसका मकसद सबका हित करना था लेकिन केंद्र सरकार सेस लगाकर जबरदस्त कमाई कर रही है और सेस लगाकर सिर्फ अपनी जेब भर रही है। उन्होंने कहा कि मुश्किल यह है कि कर व्यवस्था में किसानों के साथ भी धोखा किया जा रहा है और किसान अपनी फसल को अपनी फसल को कीट पतंगों से बचाने के लिए जिन रसायनों का इस्तेमाल करते हैं उन पर 28 प्रतिशत जीएसटी लिया जा रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में जो बीमा की व्यवस्था है उस पर 18 फ़ीसदी जीएसटी लिया जा रहा है। सरकार आम आदमी से बहुत ज्यादा टैक्स लेकर अपने चंद पूंजीपतियों की पूंजी में बढ़ोतरी कर रही है। कांग्रेस नेता ने मोदी सरकार के विकास मॉडल को रावण के विकास का मॉडल जैसा बताया और कहा कि जिस तरह से लंका में कुछ महल सोने के थे, वे सब रावण के चहेते लोगों के थे जबकि वहाँ की आम जनता परेशान थी। मोदी सरकार बात तो 'राम राज्य' की करती है लेकिन कर वसूली का उनका प्रशासन 'रावण की शैली' में काम कर रहा है।

# मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह योजना में राशि स्वीकृत करने के अधिकार अब कलेक्टर को

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह योजना के तहत हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने 2 लाख रूपये तक की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत करने के अधिकार जिला कलेक्टर को प्रदान कर दिये है। आधिकारिक जानकारी अनुसार प्रमुख सचिव, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सशक्तिकरण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि दिव्यांगों को विवाह करने के लिये विभाग द्वारा मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में विवाह करने वाले दम्पती में अगर एक व्यक्ति दिव्यांग होता है तो राज्य सरकार दो लाख रूपये तथा दम्पत्ति में दोनों दिव्यांग होते है तो एक लाख रूपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान करती है। इस योजना में हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि आसानी से प्राप्त हो सके। इस उद्देश्य से राशि स्वीकृति के अधिकार जिला स्तर पर अब कलेक्टर को दिये गये है। कलेक्टर निराश्रित निधि की मूल राशि या ब्याज की राशि से प्रोत्साहन राशि स्वीकृत कर सकेंगे।

## अधिकारी लडेंगे मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव : माता प्रसाद

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने गुरूवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मिल्कीपुर विधानसभा का उपचुनाव अधिकारियों के बल पर लड़ना चाहती है और वहां भाजपा नहीं बल्कि अधिकारी चुनाव लडेंगे। पाण्डेय ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) का जनाधार निरन्तर बढ़ रहा है। इससे भाजपा घबड़ा गयी है। वर्तमान समय में मिल्कीपुर विधानसभा का उपचुनाव है,इस चुनाव में प्रदेश सरकार के अधिकारी भाजपा की तरफ से चुनाव लड़ेंगे। इसके बावजूद समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में फिर इण्डिया समूह मिल्कीपुर में जीत हासिल करेगा।

# शैक्षणिक गुणवत्ता एवं विभिन्न योजनाओं में कसावट लाने के लिए स्कूलों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल एवं जिला मिशन समन्वयक की दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में खंड स्रोत संबंधित अजय शर्मा द्वारा स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण किए गए शाला माध्यमिक शाला करंजी, हायर सेकेंडरी स्कूल करंजी, माध्यमिक शाला पोटानार प्राथमिक शाला पोटानार हायर सेकेंडरी स्कूल पोटानार प्राथमिक शाला सिंघनपुर माध्यमिक शाला सिंघनपुर प्राथमिक शाला पुजारी पर सिंघनपुर माध्यमिक शाला पुजारी पर सिंघनपुर, प्राथमिक शाला धाकड़ पारा सिंघनपुर, डीएवी सिंघनपुर। कक्षा 10वीं 12वीं के मॉक टेस्ट की परीक्षा संचालित है जिसका भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश शिक्षकों को दिया गया। वर्तमान में अपार आईडी का कार्य चल रहा है इसमें आने वाली समस्याओं के संबंध में शिक्षकों से चर्चा कर आधार सुधार हेतु आवश्यक दस्तावेज शीघ्र तैयार कर आधार में सुधार करने का भी सुझाव दिया गया है इसके साथ ही परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रविष्टियां में तेजी लाने हेतु संस्था प्रमुख को निर्देशित किया गया है। यू डाइस में शिक्षक प्रोफाइल छात्र प्रोफाइल और स्कूल प्रोफाइल को तत्काल पूर्ण करने तथा ड्रॉप बॉक्स में जो बच्चे दिख रहे हैं उन्हें तत्काल इंपोर्ट करने की जानकारी शिक्षकों को दी गई । निरीक्षण के दौरान बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता की जांच किया गया है स्लो लर्नर स्टूडेंट्स के लिए उपचारात्मक शिक्षा देने के निर्देश दिए गए साथ ही मध्यान भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा मध्यान भोजन कक्ष की साफ सफाई बेहतर करने का भी निर्देश दिया गया है एफएलएन के अंतर्गत मासिक आकलन की रिपोर्ट बेहतर हो इसके लिए बच्चों को प्रतिदिन गृह कार्य एवं पठान एवं लेखन कौशल के विकास हेतु अतिरिक्त कल खंड में विशेष क्लास लेते हुए लेखन और पठन कौशल को सुधार करने को कहा गया कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षा इस वर्ष से प्रारंभ हो रही है सभी कक्षाओं के पाठ्यक्रम पूर्ण करना अनिवार्य है यदि पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं है तो अतिरिक्त समय देते हुए शिक्षक पाठ्यक्रम को पूर्ण करेंगे। इसके साथ ही शिक्षा विभाग की प्रमुख महत्वपूर्ण योजनाएं चर्चा पत्र, नियद नेलानार, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, एल्यूमी गठन, विद्यांजलि ऐप में प्रत्येक स्कूलों की प्रविष्टि के कार्यों में तेजी लाने को कहा गया है। शाला अनुदान की राशि प्रत्येक स्कूलों को प्राप्त हो चुकी है संस्था एवं छात्र हित में उक्त राशि का उपयोग करते हुए संस्था को आकर्षक बनाने एवं टीएलएम का निर्माण करते हुए उच्च कोटी की शिक्षा क्लासरूम में दी जाए। छोटे-छोटे मरम्मत कार्य शाला अनुदान से करने की निर्देश दिए गए। माध्यमिक शाला करंजी एवं डीएवी पब्लिक स्कूल में परीक्षा पर चर्चा पर किसी स्टूडेंट की प्रविष्टि नहीं की गई इसके लिए शो कॉस नोटिस जारी किया जा रहा है। इस महीने की चर्चा पत्र में है जो रुब्रिक्स 20 बिंदुओं के दिए गए हैं उसके आधार पर शाला की मॉनिटरिंग करने के निर्देश संकुल समन्वयक को दिए गए।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना से संवर रही विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार की जिंदगी

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




कोण्डागांव जिले के दूरस्थ विकासखण्ड बड़ेराजपुर से 12 कि.मी. की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत कोसमी के चनाभर्री जहां विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के 10 कमार परिवार निवासरत हैं। ग्राम पंचायत कोसमी अन्तर्गत चनाभर्री बसाहट वनग्राम में आता है, जो जंगल से लगा हुआ है। इन परिवारों का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं वनोपज पर आधारित हैं, जिससे वे अपना गुजर-बसर करते हैं। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (जनमन) अंतर्गत चनाभर्री को विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के बसाहट के रूप में चिन्हाकित कर यहां निवासरत सभी 10 कमार परिवारों को केंद्र एवं राज्य शासन की सभी योजनाओं से जोड़कर उन्हें सभी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से योजना के बेहतर क्रियान्वयन का प्रयास किया जा रहा है। चनाभर्री निवासी गंगाराम मरकाम उन्हीं कमार जनजाति परिवारों में से एक हैं, जिन्हें जनमन योजनान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास का लाभ मिला है। गंगाराम आज पक्का आवास पाकर बहुत खुश हैं और इससे उनके जीवन में एक बदलाव की शुरुआत हुई है। आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे गंगाराम का परिवार पहले कच्चा झोपड़ीनुमा मकान में रहकर गुजर-बसर करते थे, जो लकड़ी और छत में प्लास्टिक को डाल कर बनाए थे। गंगाराम अपनी पत्नी और माता-पिता के साथ रहते हैं और उनके माता-पिता वृद्ध हो चुके हैं। गंगाराम घर चलाने के लिए बांस से विभिन्न प्रकार के घरेलु उपयोग के परम्परागत समान बनाते हैं और इस कार्य में उनकी पत्नी गंगाराम का हाथ बटाती है। गंगाराम अपनी पत्नी के साथ मिलकर वनोपज का भी संग्रहण करते हैं, जिसमें चार-चिरोंजी, महुआ आदि शामिल है। इन उत्पादों को गंगाराम विश्रामपुरी बाजार में बेचने के लिए लाते हैं और इससे जो आय प्राप्त होता है, उससे घर की छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करते हैं। गंगाराम बताते हैं कि इससे उनके परिवार का गुजारा बड़े ही मुश्किल से हो पाता है। जंगल से लगे होने के कारण उनके परिवार को सांप, बिच्छू और अन्य वन्यजीवों के खतरों का भी सामना करना पड़ता था।

# स्पोर्टस क्लब रेल्वे किरन्दुल द्वारा पत्रकार एवं शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि




पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल स्पोर्ट्स क्लब रेलवे द्वारा बुधवार बीजापुर के पत्रकार स्व. मुकेश चंद्रकार और नक्सली हमले में शहीद हुए दंतेवाडा डीआरजी के 8 जवान व एक ड्राइवर को किरंदुल फुटबॉल ग्राउंड में श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए जिसमे खेल प्रेमी,थाना स्टाफ,जनप्रतिनिधि, पत्रकार,मजदूर यूनियन के लोग मौजूद थे शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनिट का मौन धारण कर मृतक आत्मा की शांति प्रदान करने ईस्वर से प्राथना की गई।तत्पश्चात खेल प्रारंभ किया गया।

# किरंदुल कॉन्ट्रेक्टर संघ के तत्वाधान में नववर्ष मिलन समारोह संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com




एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में कार्यरत ठेकेदारों की संस्था किरंदुल कॉन्ट्रेक्टर वेलफे यर एसोसिएशन के तत्वाधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार रात्रि स्थानीय मंगल भवन में नववर्ष मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।सर्वप्रथम मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख संजीव साही, मुख्य महाप्रबंधक वर्कस किशन आहूजा, महाप्रबंधक उत्पादन राजा कुमार, महाप्रबंधक खनन एस के कोचर, कार्मिक प्रमुख बी के माधव, उप महाप्रबंधक कार्मिक के एल नागवेणी, उप महाप्रबंधक यांत्रिकी बी सेल्वा कुमार, श्रमिक संघ एस के एम एस के अध्यक्ष देवरायलु, इंटक यूनियन के सचिव ए के सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय,थाना प्रभारी प्रहलाद साहू एवं उपस्थित एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के विभिन्न विभागों अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर नव वर्ष के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।किरंदुल ठेकेदार वेलफे यर एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल सिंह ने स्वागत भाषण दिया। नववर्ष मिलन समारोह को एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही, कार्मिक प्रमुख बी के माधव, मुख्य महाप्रबंधक वर्कस किशन आहूजा, श्रमिक संघ एस के एम एस के अध्यक्ष देवरायलु, इंटक यूनियन के सचिव ए के सिंह ने संबोधित करते हुए एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के निरंतर प्रगति और दिन प्रतिदिन किरंदुल परियोजना की रिकॉर्ड तोड़ उत्पादन की उपलब्धि पर स्थानीय ठेकेदारों की महती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए ठेकेदार संघ की भूरी भूरी प्रशंशा की। इस दौरान किरंदुल कॉन्ट्रेक्टर संघ के वरिष्ठ सदस्य के ए पापाचंद, सुरेंदर नायर, रविंद्र सोनी, संघ के अध्यक्ष अतुल सिंह, सचिव हरिशंकर मुखर्जी, पदाधिकारी बाबू राव, सुजीत पिल्लई, जी अमन, नवीन राय,विशेष रूप से मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन विप्लव मल्लिक ने किया।

# खदान मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात तथा कलेक्टर को सौंपा पत्र





पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

खदान मजदूर संघ (सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ) शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, सचिव महेन्द्र कुमार, बचेली शाखा के अध्यक्ष दीप देवांगन, राजेंद्र यादव, अनूप, लिशान्त सिंह, दानेश्वर जोशी, मिथुन द्वारा दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के जिलाधीश मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक गौरव राय से सौजन्य भेंट कर भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल एवं बचेली के पदाधिकारियों का परिचय एवं संगठन के बारे में सारगर्भित परिचर्चा की। खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के पदाधिकारियों द्वारा कलेक्टर को पत्र सौंपते हुए कुछ अनियमितताओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए उसकी विस्तृत जानकारी लेकर आवश्यक आगामी कार्रवाई एवं अन्य समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई हेतु मांग की गई। केएमएस के पदाधिकारियों ने माननीय सांसद, प्रभारी मंत्री एवं विधायक महोदय से हुई चर्चा एवं उनसे मिले निर्देश के संदर्भ में भी सविस्तार चर्चा किया, जिस पर जिलाधीश महोदय द्वारा संज्ञान लेकर आगामी कार्रवाई की बात कही गई।

# कोड़ेनार में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरन्दुल के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता ही सेवा के थीम पर सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत कोड़ेनार में किया गया। जिसका समापन बुधवार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ की गई।इस अवसर पर बच्चों ने नृत्य,गायन,देशभक्ति एवं स्थानीय भाषा विभिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।मौके पर ग्राम पंचायत कोड़ेनार सरपंच मीना मंडावी,प्राचार्या उमा ठाकुर,संकुल समन्वयक शंकर चौधरी,कार्यक्रम अधिकारी रत्ना वर्मा,परमेश्वरी साहू,दिनेश चेलक उपस्थित थे।

## वित्तीय घोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन



**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार और जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के मार्गदर्शन में जिला कोण्डागांव के 383 ग्राम पंचायत तथा 576 गांव में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता दी जा रही है और उन्हें वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। एनआरएलएम कोंडागांव के डीएमएम विनय सिंह ने बताया कि जिले के सभी गांवों में वित्तीय धोखाधड़ी संबंधी, अनजान व्यक्ति या कम्पनी से ऋण लेने से बचने के लिए लगातार वित्तीय साक्षरता रैली, दिवाल लेखन और जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिससे सभी लोगों को वित्तीय प्रबंधन तथा वित्तीय साक्षरता संबंधी जानकारी प्राप्त हो रही है। इस हेतु जिले में कार्यरत समस्त कैडर जैसे की सक्रिय महिलाएं, बैंक सखी, वित्तीय साक्षरता सीआरपी कृषि सखी पशु सखी और आरबीके इत्यादि निष्ठापूर्वक अपने कार्य का संपादन कर रही हैं।

# पेयजल भी नहीं मिलता छात्रों को, कुंए से पीते हैं पानी









पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

दीपिका ने यह भी बताया की आंगनबाड़ी के छोटे-छोटे बच्चे आज भी कुंआ का पानी पीने को मजबूर हैं जिससे उन्हें बीमार होने का डर बना रहता है बारिश में तो और भी बुरा हाल हो जाता है ज़ब पानी भी गंदा हो जाता है मैं पुनः इस गाँव में इन छोटी छोटी सुविधाओं के साथ लौटूंगी यदि मै इनकी समस्याओं में से इन छोटी छोटी समस्याओं को हल कर सकूंगी तो ही मेरा यहाँ आना सार्थक होगा मैंने कोंडासावली के ग्रामीणों से वादा भी किया है की आज से आपकी समस्या मेरी समस्या है।

## किसानों से कलेक्टर ने टोकन, बारदाने और धान उठाव संबंधी जानकारी ली

# कलेक्टर ममगाईं ने किया धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com





राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर जिले में 17 धान खरीदी केन्द्र बनाया गया है जहां पर सुचारू रूप से धान खरीदी की जा रही है। नवपदस्थ कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने धान खरीदी केन्द्र गढ़बेंगाल और बाकुलवाही का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने धान बेचने आए कृषकों से धान खरीदी केंद्र में दी जा रही सुविधाओं के साथ सोसायटी में बारदाने की उपलब्धता, धान की गुणवत्ता, टोकन काटने की प्रक्रिया और किसानों को दी जानी वाली भुगतान की जानकारी ली और बारदाना गोदाम, धान बोरे की स्टेकिंग, ड्रेनेज और पेयजल की व्यवस्था संबंधी सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने गढ़बेंगाल धान खरीदी केन्द्र में धान बेचने आए गरावंड़ के किसान धनीराम उईके से धान उत्पादन संबंधी जानकारी लेते हुए ऋण लेने सहित बारदाने के बारे में विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर के द्वारा किसान धनीराम के धान का सॉफ्टवेयर में अपलोड करने का अवलोकन किया गया। गढ़बेंगाल धान खरीदी केन्द्र में 873 किसान पंजीकृत हैं, उनमें से 663 किसानों ने अब तक धान की बिक्री किये हैं। अब तक किसानों से 32125.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है, जिसमें से खरीदी केन्द्र से 13460 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। आज 26 किसानों को टोकन दिया गया है, वे धान का विक्रय करेंगें। कलेक्टर ने धान उठाव के संबंध में जानकारी ली जहां पर 12 हमालो की व्यवस्था की गई है। इसके पश्चात कलेक्टर ममगाई ने धान खरीदी केन्द्र बाकुलवाही का निरीक्षण करते हुए नमी मापक यंत्र से किसानो के धान की नमी का जांच किया। कलेक्टर ने धान बेचने आए ग्राम गुमियापाल के किसान बलदेव से चर्चा करते हुए बारदाने के बारे में पूछा।बाकुलवाही धान खरीदी केन्द्र में 959 किसान पंजीकृत हैं, उनमें से 597 किसानों ने अब तक धान की बिक्री की हैं। अब तक किसानों से 25820.40 क्विंटन धान की खरीदी की गई है जिसमें से खरीदी केन्द्र से 7097.97 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर ममगाई को कृषकों ने बताया कि उन्हें धान बेचने में कोई समस्या नहीं आ रही है। जिले के किसान जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी के लिए किए गए व्यवस्थाओं से बेहद खुश हैं। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य अधिकारी एमडी अलाउद्दीन, सहकारिता विभाग के नोडल अधिकारी प्रतीक अवस्थी मौजूद थे।

ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK
REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.

GOLD AUCTION NOTICE

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below:

DATE OF AUCTION: 20-01-2025 TIME: 2 PM TO 5 PM
AUCTION VENUE: THROUGH E-AUCTION
AUCTION ADDRESS: https://egold.auctiontiger.net
Contact Number: 9099013705/6351896640

To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site.

BRANCHES & LOAN ACCOUNT NUMBERS

**Bagbahara**:63230000296668, 75230000865891, 1510033, 2510535, 75240001591929, 1658894, **Baikunthpur**:75230001883369, 75240001599044, **Balod**:75230002226740, 2238817, **Bhilai**: 63230000552537, 75230002494703, 75240001571387, 1576288, 1576318, 1578084, 1592967, 1593165, 1597508, 1597698, 1599314, 1601363, 1601553, 1602281, 1602291, 1610505, 1613070, 1613970, 1618021, 1621034, 1621254, 1621274, 1632364, 1639081, 1639291, 1673395, 1674904, **Champa**: 75230002523831, 2538603, **Durg**:63230000390551, 75240001592297, **Jagdalpur**:75240001624219, **Katghora**: 63230000553355, 63240000413181, 430148, **Kawardha**: 63230000545461, 75240001621064, 1689495, **Korba**: 63230000404307, **Mahasamund**: 75240001601083, 1696012, **Mungeli**:75240001631735, 1633182, 1685823, 1686651, 1696662, **Pakhanjore**: 63230000545061, **Pithora**: 63240000283824, **Raigarh**: 63230000416154, 75240001918716, **Raipur**: 75230002527803, **Rajnandgaon**:63240000281987, 410736, 75230001807344, **Sarangarh** : 63240000265698, 75230002512372.

Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction.
Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.

Thrissur
Date: 10-01-2025
Sd/-
Authorized Signatory

# मुख्यमंत्री ने की धमतरी में नालंदा परिसर, कण्डेल में शास.महा.भवन शास.महा.धमतरी में विधि विभाग के लिए भवन निर्माण की घोषणा

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने धमतरी प्रवास के दौरान स्थानीय डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय स्कूल के एकलव्य खेल परिसर में आयोजित स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आपके जिले में 268 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किए हैं, इसके लिए आप सभी को बहुत.बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि इससे धमतरी जिला में निश्चित रूप से विकास की गंगा बहेगी। इसके साथ ही 9 हजार ज्यादा हितग्राहियों को उनके भूमि का मालिकाना हक प्रदाय करने के उद्देश्य से स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया है, इसके लिए हितग्राहियों को बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशेष पहल से लोगों को स्वामित्व योजना का लाभ मिल रहा है। हमने हमारे एक साल के कार्यकाल में मोदी जी की गारंटी को शत-प्रतिशत पूरा करने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को पक्का मकान देकर उनका गृहप्रवेश भी करा रहे हैं। चालू खरीफ विपणन वर्ष में हमने प्रदेश में समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड धान खरीदी की है। इसी तरह महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को हर माह एक हजार रूपये की राशि प्रदाय की जा रही है। तेन्दूपत्ता प्रति मानक बोरा को बढ़ाकर 5500 रूपये किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को न्याय दिलाते हुए पीएससी घोटाला करने वालों पर सख्त कार्यवाही की गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री की मंशा अनुरूप सबका साथ सबका विकास तर्ज पर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने धमतरी के विकास के लिए तीन बड़ी घोषणाएं कीं। इनमें धमतरी में नालंदा परिसर का निर्माणए कण्डेल में शासकीय महाविद्यालय भवन निर्माण, शासकीय महाविद्यालय धमतरी में विधि विभाग के लिए भवन निर्माण की घोषणा शामिल है। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री साय ने महिला एवं बाल विकास विभाग के सुशासन चक्र स्टॉल का निरीक्षण किया। स्टॉल में महिलाओं ने महतारी वंदन योजना के तहत हर माह मिल रही एक हजार रूपये के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापन किया। वहीं जनसम्पर्क विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओंए कार्यक्रम व जिले की विकास गतिविधियों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर उसकी प्रशंसा की। इसके साथ ही अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी मुख्यमंत्री ने बारी.बारी से निरीक्षण किया। साथ ही नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों को रेखांकित करते कलश में मुख्यमंत्री सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने जल अर्पित किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी और विष्णु के सुशासन में सभी वर्गों को विभिन्न योजनाओं का लाभ बराबर मिल रहा है। साव ने कहा कि शहर से लेकर दूरस्थ ग्रामों तक विकास हो रहा है। उन्होंने शासन की महतारी वंदन योजनाए प्रधानमंत्री आवास योजनाए प्रधानमंत्री जनमन योजनाए आयुष्मान भारत योजनाए स्वामित्व योजना इत्यादि का लाभ लोग उठा रहे हैं। प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने स्वामित्व योजना के तहत जिले में 9402 अधिकार अभिलेखों का वितरण किया गया हैए इसके लिए संबंधित हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश सरकार के एक साल सुशासन में योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी की गारंटी के अनुरूप मुख्यमंत्री विष्णु देव साय योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धमतरी जिले में उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। आने वाले दिनों में इन उद्योगों के क्रियाशील होने और इनसे रोजगार सृजन की बात कही। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार द्वारा एक साल के सुशासन में अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। कार्यक्रम को सांसद रूपकुमारी चौधरी, भोजराज नाग ने भी संबोधित किया और प्रदेश सरकार के एक वर्ष होने पर बधाई दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, पूर्व विधायक धमतरी रंजना साहू, पूर्व विधायक सिहावा पिंकी शाह, श्रवण मरकाम, रामू रोहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वर्षों के इंतजार के बाद निषाद समाज भवन का नगर पंचायत ने अध्यक्ष किया भूमि पूजन



पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

लंबे अरसे के बाद आज करचिया में निषाद समाज भवन के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल बेहरा सीएमओ संतोष स्वर्णकार सेवानिवृत रमाकांत केवरत निषाद समाज अध्यक्ष गोवर्धन निषाद एवं शिवलाल निषाद देशिंग खेदु सहित देवभोग ग्राम पुजारी ने भूमि पूजन किया गया इस बीच नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल बेहरा ने कहा कि सामाजिक सदभाव स्थापित करने में निषाद समाज हमेशा अहम भूमिका अदा करती है ऐसे में निषाद समाज भवन का भूमि पूजन करना काफी उत्साह की बात है क्योंकि सामाजिक भवन नहीं होने के चलते सामाजिक लोगों को बैठक एवं सामाजिक काम काज के निपटारा में काफी ज्यादा कठिनाई देखने को मिलता रहा मगर अब समाज भवन निर्माण होने से परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और इसके सभी तत्परता से कार्य करते जल्द से जल्द भवन को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा इसी तरह समाज प्रमुख गोवर्धन निषाद ने कहा कि वर्तमान सरकार से लगातार मांग करने के बाद सामाजिक लोगों की भावनाओं का सम्मान करते लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तत्काल 10 लाख भवन स्वीकृत किया गया मतलब लोगो के आकांक्षाओं का पूरा सम्मान किया जिसे लेकर सामाजिक लोगों में काफी खुशी है और मुख्यमंत्री का आभार भी प्रकट कर रहे हैं क्योंकि काफी समय से बैठक के लिए परेशानी होती रही कभी बरगद पेड़ के नीचे बैठना पड़ता था तो कभी किसी के घर में लेकिन अब भवन निर्माण की पहल से सामाजिक लोगों को परेशानी नहीं होगी।

## नरेश केसरवानी ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की



पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदा बाजार नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए नरेश केशरवानी में अपनी दावेदारी पेश की है स्वतंत्रता सेनानी परिवार से आने वाले इंजीनियर नरेश केशरवानी वरिष्ठ नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता है भारतीय जनता पार्टी मे विभिन्न पदों में रहकर उनकी संगठन क्षमता के लिए जाना जाता है अपनी सादगी और जनसंपर्क के लिए मशहूर है केसरवानी वैश्य समाज के विभिन्न पदों में रहकर समाज सेवा करते रहे है हाई स्कूल में1979- 80में शालानायक बने थे। सैहा कृषि शाख सहकारी समिति 2012-2017,2017-2022 संचालक रहे । केसरवानी समाज बलौदा बाजार के अध्यक्ष 2018-2022 सन् 2022- 2025केसरवानी प्रदेश वैश्य सभा संगठन मंत्री के रूप में कार्य किया है। रायपुर जिला किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष 2004 - 2007तक ,प्रदेश किसान मोर्चा 2007 से 2010 प्रदेश कार्यकारणी सदस्य, तथा 2010से2013बलौदा बाजार शहर मंडल मंडल उपाध्यक्ष 2013-2018 मंडल महामंत्री बलौदा बाजार शहर, बलौदा बाजार भाटापारा जिला उपाध्यक्ष 2022-2024तक बलौदा बाजार शहर मंडल 2008, 2009, 2013, 2014, 2018, 2019, 2023, तक 2023 विधानसभा,लोकसभा चुनाव में जिला उपाध्यक्ष रहते हुए सर्वाधिक लीड दिलवाई उन्होंने भारतीय जनता पार्टी से नगर पालिका अध्यक्ष पद लिए अपना आवेदन पेश किया है।

## आंकड़े जारी होने के बाद पुलिस विभाग, पब्लिक के निशाने पर

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

पूर्व वर्षों से पुलिस, पब्लिक की मित्रता को और प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से नये साल में तत्कालीन अधिकारियों द्वारा एक स्वल्पाहार का आयोजन किया जाता था जिसमें शहर एवं जिले के पुलिस गतिविधियों को लेकर उनसे सुझाव मांगे जाते थे। ऐसी प्रक्रिया लागू करने से पुलिस विभाग को नित नये सुझाव मिलते रहे और उसमें अमल भी किया जाता रहा और अपराध की जानकारी पुलिस को पहले हो जाती थी। लेकिन अब पुलिस और पब्लिक की मित्रता को लेकर किये जाने वाली भजिया पार्टी समाप्त कर दी गई है। पिछले दिनों अपराधों की समीक्षा को लेकर रक्षित केंद्र में एक आयोजन किया गया जिसमें दावा किया गया था कि 2023 की तुलना में 2024 में 21.54 प्रतिशत की कमी आई है। इस बात को लेकर शहर के नागरिकों में खासी चर्चा है जिन्होंने अपने अपने मत व्यक्त करते हुए पायनियर प्रतिनिधि के समक्ष उक्त दावों को नकार दिया। आंकड़े जारी होने के बाद पुलिस विभाग अब पब्लिक के निशाने पर आ गया है। जिले में अपराधों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। सूखा नशा की चपेट में नाबालिग तक आ चुके हैं। इनके द्वारा नशीली पदार्थों का सेवन कर बात-बात में चाकू चला देने जैसी वारदात हो रही है। आम नागरिक भयभीत है। जुआ, सट्टा, शराब, चोरी, सेंधमारी, दादागिरी खुलेआम हो रही है। इससे पुलिस का उपरोक्त दावा कि अपराध कम हुआ है, गले के नीचे नहीं उतरता। पुलिस विभाग के इन दावो को लेकर जो बात कही गई है उसका पलट पुलिस विभाग, पब्लिक के निशाने पर है। विभाग में तालमेल, सामंजस्य नहीं होने से असंतोष की खबरें भी निकलकर सामने आ रही है। कुछ थाना क्षेत्रों में तो अपराध दर्ज करने से इनकार करने की जानकारी प्राप्त हुई है जिसके चलते भी जनता में पुलिस के प्रति नाराजगी देखी जा रही है।



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं व्यापारी राजेंद्र गोलछा से दूरभाष पर चर्चा किये जाने पर उनका कहना था कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं तेज तर्रार युवा गृहमंत्री विजय शर्मा का महकमे के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश है कि कहीं भी अपराधियों को संरक्षण न दिया जाये। नशा एवं अपराध से जुड़े लोगों पर त्वरित कार्यवाही की जाये ताकि प्रदेश की जनता अमन-चैन से अपना जीवन यापन कर सके। श्री गोलछा से जब यह पूछा गया कि विभाग द्वारा जारी आंकड़ों में जिले में अपराध का कम होना बताया गया है, तो उनका कहना है कि अभी वर्तमान में मैं आंकड़ों को नहीं देखा हूं, परंतु जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ा है, ऐसा मुझे लगता है। लेकिन एक बात निश्चित है कि जिले में पदस्थ अधिकारियों को साय सरकार जो जनता की सरकार है, उनके निर्देशों के अनुरूप जिला पुलिस बल को कार्य करना चाहिये ताकि धमतरी जिला अपराध मुक्त जिला बन सके।



चेंबर ऑफ कॉमर्स प्रदेश महामंत्री धनराज लूनिया से दूरभाष पर चर्चा किये जाने पर उन्होंने कहा कि जिले में अपराध बढ़ने के पीछे सबसे प्रमुख कारण नशा है। नशे के चलते ही अधिकांश अपराध घटित हो रहे हैं। पुलिस विभाग को चाहिये कि जिले में बढ़ते नशाखोरी, खासकर युवाओं में जिस तरह नशे की लत बढ़ते जा रही है, यह काफी चिंतनीय विषय है। विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के संबंध में इनका कहना था कि अपराध तो लगभग सभी जगह बढ़ रहे हैं। विभाग के साथ हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि पुलिस और पब्लिक के बीच अपराधों को रोकने के लिये सुझाव आमंत्रित किये जाने की भी उन्होंने वकालत की है ताकि अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लग सके और व्यापारी एवं शहरवासी शांति के साथ सभी अपना जीवन यापन कर सके। श्री लूनिया का यह भी कहना था कि देर रात तक शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में कुछ दुकानें खुली रहती हैं जहां असामाजिक तत्व बैठे रहते हैं। महकमे के लोगों को चाहिये कि इसकी मॉनिटरिंग कर पुलिस गश्त बढ़ाये और इन पर भी कार्यवाही करने की आवश्यकता है।



पुलिस विभाग द्वारा जारी आंकड़ों पर जनजागरण समिति के अध्यक्ष मितेश राखेचा से दूरभाष पर चर्चा करने पर उनका कहना था कि जिले में अपराध लगातार बढ़े हैं। व्यापारी वर्ग सबसे ज्यादा अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। विभाग द्वारा जारी आंकड़ों में जिले में अपराध कम होने के दावे पर उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग कहां से आंकड़े एकत्रित करती है और कहां अपराध कम हुआ है, ये तो विभाग के लोग ही बता सकते हैं। लेकिन एक बात तय है कि जिले में पिछले कुछ महीनों में जुआ, शराब, सट्टा, सूखा नशा, चाकूबाजी, दादागिरी की घटना में लगातार वृद्धि हुई है। श्री राखेचा ने यह भी कहा कि पुलिस के आला अधिकारी जिले के विभिन्न स्थलों पर जाकर औचक्क निरीक्षण करें तो निश्चित रूप से अपराधों पर कमी आयेगी और पुलिस की छवि जो बिगड़ रही है, उसमें भी सुधार आयेगा।



कपड़ा व्यापारी संघ के उपाध्यक्ष, चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव राजा रोहरा से दूरभाष पर चर्चा किये जाने पर उनका कहना था कि जिले में घटित होने वाले घटनाओं की रिपोर्ट लिखाने में आवेदकों को घंटों इंतजार कराया जाता है। इंतजार के बाद भी कई बार रिपोर्ट लिखने से इनकार करते हुए सिर्फ आवेदन लेकर जांच करने की बात कहकर उन्हें उल्टे पांव लौटा दिया जाता है। यही कारण है कि पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अपराधों में कमी बताया गया है। लेकिन सच्चाई यह है कि यदि घटना की रिपोर्ट पर अगर ईमानदारी से विभाग के लोग दर्ज करना प्रारंभ कर दे तो अपराध जिले में कितना बढ़ा या कम हुआ, यह सच्चाई खुद ब खुद सामने आ जायेगी। श्री रोहरा ने यह भी कहा कि जिले में लगातार हो रही चोरी की घटना से व्यापारी एवं शहरवासी काफी भयभीत हैं। देखा जा रहा है कि नशे में चूर युवाओं की टोली देर रात तक शहर के मुख्य मार्गों के अलावा भीतरी ईलाकों में नजर आते हैं। विभाग को चाहिये कि ऐसे लोगों पर कठोर कार्यवाही करें ताकि जिले में घट रहे अपराधों पर अंकुश लग सके।

## बोदाछापर में सनातन धर्म मंदिर प्रांगण में शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण संपन्न

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



ग्राम बोदा छापर में सनातन धर्म मंदिर प्रांगण में शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण विधायक ओंकार साहू एवं जिला पंचायत सभापति कविता योगेश बाबर की उपस्थिति में फ़ीता काटकर किया गया क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य बाबर को सनातन धर्म समिति ने मंदिर परिसर में शेड निर्माण की माँग विगत दिनों की गई थी जिसे अपने मद से स्वीकृति प्रदान करते हुए 4 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर शेड निर्माण करवाया इसके लिए सनातन धर्म समिति ने बाबर के प्रति आभार व्यक्त किया सनातन धर्म समिति शुरू से ही सनातन धर्म के प्रचार प्रसार एवं धार्मिक वातावरण के निर्माण हेतु सक्रिय रही है जिसके सूत्रधार ग्राम के निवासी दिनेश चंद्राकर ने यह बीड़ा उठाया है और वहाँ पर अपनी लगन व मेहनत से भव्य मंदिर का निर्माण भारतीय वास्तुशैली के अनुसार करवाया कार्यक्रम के इस अवसर पर विधायक साहू एवं बाबर ने समस्त ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्य के संपादन से धर्म को मज़बूती प्रदान कर जन भावनाओं में हिंदू धर्म के प्रति आस्था मज़बूत करने की दिशा में एक अच्छा क़दम है कार्यक्रम के इस अवसर पर जनपद सदस्य माधुरी पटेल, सरपंच रामनारायण ध्रुव, उप सरपंच शोभाराम सिन्हा, विक्रम तिवारी, रामेश्वर साहू, रूपचंद साहू, अर्जुन साहू, पवन साहू, प्रहलाद साहू, यमुना बाई यादव, ईश्वरी बाई साहू, रेखा बाई ध्रुव एवं ग्राम प्रमुख दिनेश चंद्राकर उपस्थित थे।

## ओंकार साहू को नहीं है क्षेत्र के विकास की कोई परवाह : कविंद्र

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय धमतरी जिले के लिए 250 करोड़ की सौगात लेकर आए। उन्होंने जिले की जनता के मांग के अनुरूप और बहुत कुछ बिना मांगे भी उदार हृदय से देकर जनता का दिल जीत लिया। उनके साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा भी इस अनौपचारिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री का धमतरी दौरा सिर्फ यहां कि जनता को विकास कार्यों की सौगात देना था। ऐसे अवसर पर जिले के 3 विधायकों में से 2 विधायकों का नदारद रहना उनकी इस क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी घोर लापरवाही को दर्शाता है। जिले के दोनों कांग्रेसी विधायकों को यदि अपने क्षेत्र की जनता के प्रति अपने दायित्वों का ज़रा भी भान होता तो आज राज्य के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री के समक्ष एक जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता की मांगों को पुरजोर तरीके से रखते और जिन 250 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात सरकार ने दी है उसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद भी करते। धमतरी के विधायक ओंकार साहू को ऐसे मौके में नदारद रहना जब की सरकार के मुखिया उनकी विधानसभा में विकास कार्यों की सौगात लेकर आए हैं ये प्रमाणित करता है उन्हें अपने क्षेत्र की विकास की कोई परवाह नहीं है। आने वाले समय में स्थानीय निकायों के और त्रि स्तरीय पंचायतों के चुनाव हैं। विधायक जब जनता से वोट मांगने जाएंगे तब जनता उनसे इसका जवाब जरूर मांगेगी।

## 53 ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंच की आरक्षण लाटरी निकाला गया



पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर जिला के सभी विकासखंड पर पंचायत चुनाव के लिए निर्धारित रोस्टर अनुसार आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण किया इसी तर्ज पर देवभोग एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम तहसीलदार चितेश देवांगन सीईओ रवि सोनवानी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में हाई स्कूल प्रांगण पर 53 ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंच की आरक्षण लाटरी निकाला गया जिसमें अनुसूचित जाति का 08 जिसमें 04 महिला वहीं अनुसूचित जनजाति का 13 जिसमें 07 महिला और अन्य पिछड़ा वर्ग 05 जिसमें 03 महिलाओं को आरक्षण बचे 26 पंचायतों को सामान्य वर्ग में रखा गया जिसमें 13 महिलाओं के लिए आरक्षण दी गई इस तरह आंकड़े कि बात करें तो देवभोग जनपद के 53 पंचायतों में से 27 पंचायत महिलाओं के लिए आरक्षित रखा गया है ऐसे इस बार सभी वर्ग को ध्यान में रखते नियमानुसार आरक्षण की प्रक्रिया से अधिकांश ग्रामीण भी संतुष्ट नजर आए क्योंकि इस बार महिलाओं की भागीदारी काफी अच्छी है।

### महिलाओं को 50 से भी ज्यादा का आरक्षण

त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने के लिए पचास प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण दिया गया है। लेकिन अब भी इनके अधिकत्तर फैसले पर उनके पति या अन्य स्वजन का हस्तक्षेप होता है। अब पंचायती राज मंत्रालय ने स्पष्ट कहां है कि पंचायत कार्यालय परिसर में महिला पंचायत पदाधिकारी के काम में उनके कोई भी सगा संबंधी , स्वजन या रिश्तेदार हस्तक्षेप नहीं करेंगे ऐसा करने पर महिला प्रतिनिधि पर पंचायत राज अधिनयम के तहत् कारवाही कि जायेगी। वहीं वार्ड के आरक्षण में मतदाता संख्या के आधार पर अनुसूचित जाति और जनजाति को वार्ड में आरक्षण दिया गया है।

### चौक चौराहा में चुनावी मौहल तैयार करने में जुटे

आरक्षण लाटरी प्रि या पूरा होने के बाद से ही ग्राम पंचायत के संभावित प्रत्याशियों ने गांव गांव के चौक चौराहा में मौहल बनाते नजर मतलब चुनाव अभी से उफान पर हैं जिसे देख इस बार पंचायती चुनाव काफी ज्यादा दिलचस्प होने की संभावना बन रही हैं खासकर नदी पार के पंचायतों इस काफी रोचक चुनाव होगा।

## रामचंडी महाविद्यालय द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com




ग्राम लिमगांव में 31 दिसंबर से 6 जनवरी तक जिला संयोजक मालती तिवारी निर्देशन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एन के भोई मार्गदर्शन और ठ्ह्यह्य प्रभारी भरत कुमार प्रधान के नेतृत्व में आयोजित लिमगांव किया गया। जिसमें स्वयं सेवकों के द्वारा प्रातः 5 से प्रभातफेरी व जागरूकता के नारे लगाना, गांव गली, तालाब घाट, स्कूल परिसर, आंगनबाडी, पेयजल परिसर, आदि की साफसफाई स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिसमें मुख्य अतिथि गांव के गणमान्य नागरिक के सी चौधरी कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ एन के भोई विशिष्ट अतिथि अवधराम चौधरी, चितरंजन, नरेश चौधरी, राजाराम चौधरी, शौकीलाल चौधरी आदि की उपस्थिति में किया गया। शिविर के छठे दिवस की सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि चातुरी नन्द विधायक ने स्वयं सेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए ग्रामीण जनों को पर्यावरण संतुलन और स्वछता हेतु प्रेरित किया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ एन के भोई विशिष्ट अतिथि सतीशचंद्र साहू (कार्यकारी संचालक रामचंडी महाविद्यालय बगाईजोर) दीपांजलि साहू , प्रदीप बारीक विभागाध्यक्ष शिक्षा, अक्षय चौधरी सरपंच ग्राम पंचायत लिमगांव, विशिष्ट अतिथि अमिताभ चौधरी, इकराम जौहरी, राजेश चौधरी, विनोद चौधरी आदि उपस्थित रहे।विशेष शिविर का समापन समारोह में मुख्य अतिथि के एस प्रधान अध्यक्ष रामचंडी महाविद्यालय, अध्यक्षता डॉ एन के भोई, विशिष्ट अतिथि सुभाष चंद्र साहू संचालक रामचंडी महाविद्यालय , प्रदीप बारीक विभागाध्यक्ष शिक्षा ठंडाराम टिकुलिया प्राचार्य हाई स्कूल लिमगांव, संकुल समन्वयक गिरधारीलाल पटेल, दिनेश पटेल एवं समस्त शिक्षणगणों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयं सेवकों ने विभिन्न परियोजना कार्य किए। दलनायक अंजली मालाकार एवं उपदलनायक नितेश साव के नेतृत्व में स्थानीय तीनों स्कूल परिसर, आंगन बाड़ी, सहकारी उचित मूल्य की दुकान, तलब घाट, पेयजल परिसर, गांव गली, की साफ सफाई किया गया। शिविर के प्रत्येक दिवस बौद्धिक परिचर्चा सम्पन्न हुआ। शिविर के द्वितीय दिवस में साइबर सुरक्षा की जानकारी राजेश महाणा (अधिवक्ता) द्वारा एवम विधिक साक्षरता ए बी बारीक ( अधिवक्ता एवं महाविद्यालय के विधिक सलाहकार) ने स्वयंसेवकों को अवगत कराया। वक्ता डॉ एन के पटेल ने पैरा मेडिकल एवम कोविड 19 का स्वास्थ्य पड़ने वाले प्रभाव को सूक्ष्मता से जानकारी दी। इस बौद्धिक परिचर्चा के कार्य क्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एन के भोई, सपन दास कंप्यूटर साइंस सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे।शिविर के तृतीय दिवस में बौद्धिक परिचर्चा युवा भारत के लिए युवा विषय पर वक्तागण यशवंत कुमार चौधरी (विकासखंड सचिव स्काउट गाइड) ने संबोधित किया। चक्रधर प्रसाद डड़सेना जी ने व्यक्तित्व समाज में स्काउट गाइड के योगदान के बारे में अवगत कराया। सुरेंद्र प्रधान ने मॉडर्न टेक्नोलॉजी के बारे में स्वयं सेवकों को अवगत कराया एवं मनीष प्रधान ने स्काउट गाइड के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित किया । इस कार्यक्रम में सम्मिलित रामचंडी महाविद्यालय के खेल प्रभारी राम प्रसाद यादव ने खेलों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया एवं इससे जुड़ी जानकारी दी।

# लोगों को वित्तीय धोखाधड़ी के प्रति सावधान करने जिला प्रशासन चलाएगा विशेष अभियान

## शत प्रतिशत किसानों को किसान केडिट कार्ड का दिलाएं लाभ: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता जशपुर नगर
www.dailypioneer.com




जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभाकक्ष में हुआ। इस बैठक में कलेक्टर ने बढ़ते हुए वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को देखते हुए जिले के लोगों में वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने जिले के हाट बाजारों, मेलों, उत्सवों आदि में नुक्कड़ नाटक, गीत, पाम्पलेट वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को वित्तीय धोखाधड़ी के संबंध में जागरूक करने को कहा। इन कार्यक्रमों में जय हो स्वयंसेवकों, एनसीसी, स्काउट गाइड के कैडेट एवं बीसी सखियों को भी जोड़ने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले में बैंकों के डिजिटल कव्हरेज बढ़ाने तथा जिले के विकास हेतु निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के द्वारा विभिन्न नवीन परियोजनाओं में भागीदारिता हेतु बैंकों को आमंत्रित किया। उन्होंने जिले में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से किसानों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए। केसीसी के द्वारा अधिक से अधिक पशुपालकों, मत्स्यपालकों, वनाधिकार पट्टा हितग्राहियों को लाभान्वित करने एवं शत प्रतिशत किसानों के लिए केसीसी निर्माण के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त पीएम जनमन योजना के हितग्राहियों का प्राथमिकता के आधार पर केसीसी निर्माण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिले के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा अधिक से अधिक रोजगार मूलक प्रशिक्षण लोगों को देने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, विश्वकर्मा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुद्रा योजना, मत्स्य संपदा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री बीमा योजना, स्वनिधि योजना एवं अन्य हितग्राहीमूलक ऋण योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों के लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने हितग्राहीमूलक योजनाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बैंक शाखाओं के मैनेजरों को सम्मानित भी किया। इस बैठक में आरबीआई के एलडीओ मैनेजर सदानंद बास्के, अग्रणी बैंक प्रबंधक वाल्टर बेंगरा सहित सभी बैंकों के प्रतिनिधि एवं पशुपालन, बिहान, मत्स्यपालन, अंत्यावसायी, उद्योग, खादी ग्रामोद्योग, नगरीय निकाय के जिला अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जनपद अध्यक्ष अनुसूचित जाति महिला, जनपद नवागढ़ सामान्य मुक्त, जनपद साजा सामान्य मुक्त, जनपद बेरला मे अन्य पिछड़ा वर्ग महिला हेतु आरक्षित

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 हेतु छ.ग. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के परिपालन मे जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा कि उपस्थिति मे जिला पंचायत के सदस्य पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन आरक्षण तथा जनपद पंचायत के अध्यक्ष पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन आरक्षण कि कार्यवाई कि गई इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, सभी जिला एवं जनपद पंचायत के आरक्षण जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में संपन्न की गई। जिसमें बेमेतरा जिला पंचायत सदस्य के आरक्षण के तहत जिला पंचायत बेमेतरा अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र कठौतिया मे आरक्षित प्रवर्ग अनारक्षित महिला, बालसमुंद मे आरक्षित प्रवर्ग अनारक्षित मुक्त, चंदनु मे आरक्षित प्रवर्ग अनुसूचित जनजाति महिला, बसनी मे अनुसूचित जाति महिला, मल्दा मे अनारक्षित मुक्त, संबलपुर मे अनुसूचित जाति मुक्त, प्रतापपुर मे अनुसूचित जाति महिला, उमरावनगर मे अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, खैरझिटीकला मे अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, मोहतरा मे अनारक्षित मुक्त, सुरुजपुरा मे अनारक्षित मुक्त, भाठासोरही मे अनारक्षित महिला, सुरहोली मे अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, बेरलाकला मे अनारक्षित मुक्त कि कार्यवाई कि गई। जनपद पंचायत अध्यक्ष के आरक्षण की जानकारी जनपद पंचायत बेमेतरा मे आरक्षित प्रवर्ग अनुसूचित जाति महीला, जनपद पंचायत नवागढ़ मे आरक्षित प्रवर्ग सामान्य मुक्त, जनपद पंचायत साजा मे आरक्षित प्रवर्ग सामान्य मुक्त, जनपद पंचायत बेरला मे आरक्षित प्रवर्ग अन्य पिछड़ा वर्ग महिला कि कार्यवाई कि गई है।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी और जनहित में सुनिश्चित की गई है, इससे नागरिकों को बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा और सभी वर्गों को समान अवसर प्राप्त होंगे। इस आयोजन के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। उन्होंने कहा कि आरक्षण की यह प्रक्रिया कानून और संविधान के दिशा-निर्देशों के अनुसार की गई है, ताकि समतामूलक और न्यायसंगत व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# लीनेस ने भिक्षुक भोज और कंबल बांट कर वंचितों को दी राहत

## नववर्ष के पहले सप्ताह में लीनेस क्लब भिलाई का विशिष्ट सेवा कार्य

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com







ऑल इंडिया लीनेस क्लब डि सीएम-1 सम्पदा के अंतर्गत लीनेस क्लब भिलाई ने नववर्ष के पहले हफ्ते में दो अलग-अलग स्थानों पर सेवा कार्यों को अंजाम दिया। जिसमें भिक्षुकों को भोजन करवाया गया वहीं ठंड के इस मौसम में परेशान वंचित समुदाय के बीच कम्बल का वितरण किया गया। लीनेस क्लब पदाधिकारियों ने साई बाबा मंदिर सेक्टर-6 के आसपास बैठे भिक्षुकों को भोजन करवाया। सभी भिक्षुकों ने लीनेस पदाधिकारियों का इसके लिए आभार जताया। इसी तरह लीनेस क्लब ने औद्योगिक क्षेत्र स्थित बस्ती में वंचित समुदाय के बीच कम्बल का वितरण किया। जिससे इस भीषण ठंड में लोगों को राहत मिले। इन दोनों विशिष्ट सेवा कार्य में लीनेस क्लब की ओर से जया त्रिवेदी, अर्चना मिश्रा, नीता गुप्ता, शालिनी सोनी, प्रिया रस्तोगी सुषमा गुप्ता, उज्जवला सिंघल, करुणा बंसल, गीता मिश्रा, मनोरमा राणा, उमा गुप्ता, सीमा यादव, उर्मिला टावरी, अंजना विनायक, संगीता अग्रवाल, मंजू सुराणा, कल्पना, सुषमा उपाध्याय, मीनाक्षी, सुरेखा, नीलू सिंघल, पुष्पा, लता गायकवाड, नूतन गंधोक, मंजू तिवारी, मीना सिंह, उषा अग्रवाल, अरुण और लक्ष्मी का विशेष सहयोग रहा।

# हुडको मस्जिद में जगमगा उठा अजमेरी गुम्बद, छठी शरीफपर हुई फातिहा

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com

हुडको आमदी नगर स्थित हजरत बिलाल सुन्नी मस्जिद के गुम्बद को अजमेर शरीफ ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह के सुनहरे गुम्बद का प्रतिरूप दिया गया है।

अजमेर शरीफ में ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स मुबारक में छठी शरीफ पर सौंदर्यीकरण के बाद यह अजमेरी गुम्बद रोशनी से नहा उठा। इस मौके पर मस्जिद कमेटी की ओर से फातिहा ख्वानी करवाई गई और दुआए खैर की गई। सदर शाहिद अहमद रज्जन ने बताया कि कमेटी की कोशिश थी कि सौंदर्यीकरण के साथ मस्जिद की एक अलग पहचान साबित हो। इसलिए यहां अजमेरी गुम्बद बनवाया गया है। इसके लिए फतेहपुर राजस्थान से आए कारीगरों समीर बाबा, काशिद अहमद, जुम्मन अली और मुमताज अली ने काफी मेहनत की और ख्वाज गरीब नवाज की मजार मुबारक के गुम्बद की हूबहू नकल यहां बना दी। यह गुम्बद वाई शेप ब्रिज से भी साफ नजर आता है। फातिहा ख्वानी के मौके पर नईम अहमद, आसिफ खान, जावेद अहमद अब्दुल जिलानी, रियाज खान, अकरम, खलील अहमद अब्दुल हक और मुनव्वर बेग सहित कमेटी के तमाम ओहदेदार मौजूद थे।

# ठंड को देखते हुए प्रमुख चौंक चौराहो पर अलाव की व्यवस्था की गई



पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com

बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई के सभी प्रमुख चौंक चौराहो पर प्रातः कालीन एवं संध्या कालीन अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है।

इससे स्थानीय निवासियो को ठंड से राहत मिल रही है। विशेष करके रिक्शा, आटो, सब्जी बेचने वाले एवं चलते हुए राहगीर हाथ सेक करके ठंड से राहत पा रहे है। शासन के आदेश के परिपालन में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार गदा चौंक, सुपेला चौंक, पावर हाउस सब्जी मंडी, सुपेला सब्जी मंडी, लक्ष्मी मार्केट, अण्डा चौंक, अवंती बाई चैंक, विजय टाकिज फल मंडी, जलेबी चैंक आदि नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन में अलाव की व्यवस्था की गई है। झिल्ली पन्नी बिनने वाली फगनी बाई ने कहा कि सुबह-सुबह हाथ सेक लेते है, तो बहुत अच्छा लगता है, नहीं तो हाथ ठंड से ठिठूर जाता है। निगम द्वारा बहुत ही अच्छा व्यवस्था किया जा रहा है, जो हम जैसे लोगो का भी सुध लेता है।

# श्याम श्यामा गौशाला में कार्यकर्म सम्पन्न,राज्य सरकार का प्रयास है कि गौशालाएं भी बने आत्मनिर्भर-रामविचार नेताम

पायनियर संवाददाता रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



रामविचार नेताम कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं विधायक रामानुजगंज के द्वारा जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत देवगई में स्थित श्याम श्यामा गौशाला में लोकार्पण और शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ माता की पूजन कर प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात उसे मनरेगा मद से बने हुए नवीन सेड का लोकार्पण कर उन्होंने गौशाला में गोदाम बनवाने की घोषणा करते हुए उसका शीला न्यास भी किया गया। उन्होंने अपनी पत्नी पुष्पा नेताम के साथ वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न किया। उक्त संस्था की अध्यक्ष खोज मुनी कोरवा के द्वारा जमीन दान देने पर नेताम ने उनको साल एवं श्रीफल प्रदान कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेताम ने कहा कि गौ-पालक ही गाय का महत्व समझता है हमारे देश में गाय पालना, गौशाला चलाना पवित्र काम माना जाता है हमे गायों को घर में ही पालने का प्रयास करना चाहिये।यदि घर में पर्याप्त जगह है,तो गाय अवश्य पालें आगे उन्होंने कहा कि ये हमारी पुरानी परंपरा है हामरे पूर्वज गाय को माँ स्वरूप मानते हैं और कृषि के साथ पशु पालन की भी परम्परा रही है राज्य सरकार का प्रयास है कि गौशालाएं भी आत्मनिर्भर बनें। मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, सदस्य जिला पंचायत तारावती सिंह,रामचरितर सोनवानी, कन्हैयालाल अग्रवाल,सुनिल तिवारी, बद्री यादव सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सीताराम गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन आनंद चौबे के द्वारा किया गया। कोरवा जनजाति की महिला ने दान में दी 50 डिस्मल जमीन श्याम श्यामा गौशाला के लिए गांव की ही महिला खोजमनी कोरवा के द्वारा अपने की स्वामित्व की भूमि में से 50 डिसमिल भूमि दान स्वरूप दी गई।

# घर में सोलर पैनल लगवाके प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उठावें लाभ

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें क्रेडा एवं सोलर पैनल लगाने वाले एजेंसी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए। किस प्रकार से हम सब अपने घरो में सोलर पैनल लगवाके इस योजना का लाभ ले सकते है। उपस्थित सदस्यो द्वारा यह बताया गया कि प्रतिमाह 300 युनिट बिजली तक की योजना का लाभ लेने पर 78000 हजार तक सब्सिडी आवश्यकतानुसार सस्ते ब्याज दर पर बैंको द्वारा लोन भी प्रदान किया जा रहा है। 0 से 2 किलो वाट तक अनुदान 30 हजार से 60 हजार तक, 150 से 300 खपत युनिट तक सोलर प्लांट 2 से 3 किलो वाट पर 60 हजार से 78 हजार तक एवं 300 युनिट खपत तक 3 किलो वाट से अधिक 78 हजार रूपये तक का सब्सिडी शासन द्वारा प्रदान किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं निगम के मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, अधिक्षण अभियंता दीपक जोशी द्वारा अधिकारी कर्मचारियो की उपस्थिति में एजेंसी के सदस्यो से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। जैसे- सोलर पैनल लगाने पर यदि अतिरिक्त बिजली बचता है तो क्या करेगें। इस पर एजेंसी द्वारा बताया गया कि सी.एस.ई.बी. बचत बिजली को अपने यहां स्टोर करेगी, जब भी व्यक्ति को आवश्यकता होगी उसे प्रदान किया जायेगा। सब्सिडी के साथ जो लगवायेगा उसे 7 प्रतिशत ब्याज द्वारा बैंको द्वारा लोन भी प्रदाय किया जायेगा। एजेंसी के सदस्य लोगो के बीच में जाकर इसके लाभ के बारे में बता रहे है।

आयुक्त पाण्डेय ने कहा यह शासन की बहुत अच्छी योजना है, सभी अधिकारी एवं कर्मचारियो अपने घर से लगाकर इसकी शुरूवात करनी चाहिए। भिलाई निगम का भी प्रयास होगा कि आफिसों में सोलर पैनल लगवाकर बिजली के बिल में कमी की जावे। निगम भिलाई के निवासियो, जनप्रतिनिधियो, वार्ड पार्षद, हाउसिंग सोसायटी, कालोनियों आदि में जाकर इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। जिससे शासन के इस प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का सब लाभ ले सकें।

# कलेक्टर एवं निगम प्रशासक ने बुजुर्ग एवं असमर्थ लोगों के घर पंहुच कर आयुष्मान कार्ड बनाने के दिए निर्देश




पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत लगातार घर घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पात्र जरूरतमंदों तक पहुंचाना है। कलेक्टर व निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश एवं नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में घर-घर आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजन को प्रभावी बनाने के लिए दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन व मितानिनों की टीम सहित अन्य कर्मचारियों की टीम गठित की गई है। इसका उद्देश्य कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से दूर न रहे।बुजुर्ग एवं असमर्थ लोगों को उनके घर जाकर योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए गए हैं। घर घर पहुंचकर 15 दिन के भीतर बुजुर्ग एवं असमर्थ 70 वर्ष के ऊपर आयु के 435 बुजुर्गो का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। साथ ही अन्य 909 लोगो का भी आयुष्मान कार्ड बनाया गया। वार्ड क्रमांक 38 त्रिवेणी उइके 90 साल व सुखबति 85 साल की बुजुर्ग महिला के घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाया गया। शिविर में सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। निगमायुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा संबंधित विभाग द्वारा बुजुर्ग एवं असमर्थ लोगों को उनके घर जाकर योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर में सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जुड़ी पूरी जानकारी प्रदान कर लाभार्थियों के नाम सूचीबद्ध कर योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देना सुनिश्चित किया जा रहा है।

## सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन की आपात बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा, मैनेजमेंट से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

# मैनेजमेंट की नीतियों से छोटे ठेकेदारों को अपात्र होने की आशंका, लगाई गुहार

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com



सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन की आपात बैठक इंडियन काफी हाउस भिलाई निवास में अध्यक्ष के.ए. अब्दुल कादर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया और प्रबंधन से तत्काल समाधान की मांग की गई। बैठक में सदस्यों ने कहा कि पिछले कुछ माह से बी.एस.पी द्वारा समस्त छोटे कार्यादेश को समाप्त कर एक बड़े कार्यादेश में तब्दील करने की प्रक्रिया चल रही है। बीएसपी ने अपने हर विभाग में कार्य करने के लिए विभिन्न श्रेणी के ठेकेदार का पंजीयन किया है, जिससे कई वर्षो से कार्य कर रहे छोटे ठेकेदार अपात्र होने के कारण कार्य से वंचित हो जाएँगे। इससे उनका जीवनयापन मुश्किल हो जाएगा। बैठक में सदस्यों ने प्रबधन से मार्मिक अपील की कि अपने फैसले पर पुनर्विचार करें। सदस्यों ने मांग की कि प्रबंधन की आवश्यकता अनुसार हर कार्य समय से करने वाले समस्त ठेकेदारों का ध्यान रखते हुए श्रेणी के अनुरूप ठेकेदारों को काम दिया जाए और वर्षो से चल रही परंपरा को खत्म न किया जाए। एक अन्य मुद्दा उठाते हुए सदस्यों ने कहा कि पिछले कुछ माह से सुरक्षा विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस जांच के दौरान श्रमिकों की फोटो खींचकर ठेकेदार पर मनमाना अर्थदंड बिना किसी सूचना के लगाया जा रहा है। जिसकी जानकारी ठेकेदार को वित्त विभाग द्वारा की जा रही सीधी कटौती से मिल रही है। एसोसिएशन ने मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए इस अर्थदंड को कम करने की मांग की है। सदस्यों ने आरोप लगाया कि वर्तमान में ठेका कार्मिकों का चिकित्सीय परीक्षण निजी संस्था द्वारा मनमानी दर पर किया जा रहा है। एसोसिएशन ने मांग की है कि यह जांच राज्य सरकार द्वारा संचालित ई.एस.आई.सी के भिलाई स्थित चिकित्सालय में करवाई जाए। सदस्यों ने नए ठेकेदारों के पंजीयन पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि वर्तमान में लगभग 500 ठेकेदार पंजीकृत है, प्रबंधन उन्हें कार्य नहीं दे पा रहा है अपितु नए पंजीयन निरंतर चल रही है जो समझ से परे है। बैठक में पात्रता मानदंड/समान कार्य मुद्दे पर केंद्रीय सूचना आयोग नई दिल्ली के दखल के बावजूद मैनेजमेंट द्वारा पहल नहीं किए जाने का मुद्दा उठा।

वहीं आदेश क्र सीएलसी/एमओएसटीएल/ए/2017/1333439 के परिपत्र का अनुपालन प्रबंधन द्वारा कदम न उठाए जाने विचार विमर्श एवं ओएंडएम /प्रोसीजर/1307 दिनांक 22.10.2018 के संबंध में भी चर्चा की गई। सदस्यों ने निविदा में पारदर्शिता एवं लाटरी सिस्टम के साथ कार्यादेश पात्रता पर विचार विमर्श किया। बैठक में अध्यक्ष के. ए. अब्दुल कादर ने कहा कि इन सारी समस्याओं के समाधान और कांट्रेक्टर से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। इस बैठक में मुख्य रूप से स्नेहा कंस्ट्रक्शन कंपनी, पेरिस इंजीनियरिंग वर्क्स, शांति कंस्ट्रक्शन, आदित्य फैब्रिकेटर, उमापति कॉन्ट्रैक्टर्स, नितेश एंटरप्राइजेज, सूर्य वेणी कंस्ट्रक्शन, मन्ना कंस्ट्रक्शन, आर.एन. कंस्ट्रक्शन, बीएमसी इरेक्टर्स, तिरुपति इंजीनियर्स, टैब्स एसोसिएशन, एस.एस. इरेक्टर्स, एल.के. कंस्ट्रक्शन, सुमित कंस्ट्रक्शन, सिग्मा इंटरप्राइजेज, ए.के. कंस्ट्रक्शन, ताज कंस्ट्रक्शन कंपनी, मिश्रा कंस्ट्रक्शन, रोशनी एंड प्रेरणा कंपनी, ब्रॉडवे इंजीनियर्स, विकास कंस्ट्रक्शन, साही कंस्ट्रक्शन, नास इंटरप्राइजेज और एरो इंजीनियरिंग के प्रतिनिधियों सहित संतोष खिरोडकर, पप्पू शर्मा, राजेश कुमार सचदेव, राम सुंदर मेहता, जी. मनोहरन नायर व के. ए. अंसार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष बने नितिन राय

## बच्चों से जुड़े न्यायिक मामलों पर करेंगे काम



**जशपुरनगर।** 18 वर्ष से कम के बच्चों से जुड़े न्यायिक मामलों और उनके अधिकारों के संरक्षण को लेकर बनाई गई वैधानिक बाल कल्याण समिति का नया अध्यक्ष बीजेपी के कर्मठ, जुझारू युवा नेता नितिन राय को बनाया गया है. नितिन राय छात्र राजनीति से ही बीजेपी से जुड़े हुए हैं और बीजेपी के वरिष्ठ कद्दावर नेता कृष्ण कुमार राय के भतीजा हैं. नितिन राय ने कहा, इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी वाले पद के लिए शासन का खासकर सीएम विष्णु देव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी को धन्यवाद दिया है।


# टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने सिंघोडा में शिविर आयोजित

**सरायपाली।** विकासखंड अंतर्गत निक्षय निरामय योजना के तहत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के सेक्टरो में टीबी संभावित मरीजों की पहचान हेतु शिविर में निशुल्क एक्स रे जांच किया जा रहा है इसी कड़ी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघोड़ा में 54 व रूड़ा में 79 लोगों का जांच कर 134 लोगों को लाभान्वित किया गया जहां पर खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टी आर धृतलहरे के उपस्थिति में स्वास्थ्य टीम विकास विसर, रूपचंद साहू, नवल किशोरदीप, डी मालाकार, भरत लाल नायक, अनुज रात्रे, पुरुषोत्तम पटेल, आरती सिदार इत्यादि ने कार्य किया।

## संपादकीय

### ट्रूडो का त्यागपत्र राजनीतिक परिवर्तन

आगामी चुनाव के पहले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का त्यागपत्र एक महत्वपूर्ण राजनीतिक परिवर्तन है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 6 जनवरी, 2025 को अपने इस्तीफे की घोषणा कर दी जो कनाडा की राजनीति में परिवर्तनकारी मोड़ है। अक्टूबर, 2015 से प्रधानमंत्री रहे ट्रूडो ने यह निर्णय अपनी पार्टी के भीतर बढ़ते दबाव तथा अपने नेतृत्व को बढ़ती चुनौतियों के कारण लिया। ट्रूडो ने पीछे हटने का निर्णय सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी में बढ़ते असंतोष के कारण भी लिया। ओटावा में रिड्यू कॉटेज के बाहर की गई घोषणा में ट्रूडो ने आंतरिक मतभेदों को स्वीकार किया जो उनके नेतृत्व में बाधा बन गए थे। एक रणनीतिक कदम के रूप में ट्रूडो ने गवर्नर मैरी साइमन से मुलाकात कर 24 मार्च तक संसद स्थगित करने की संस्तुति की ताकि 27 जनवरी को शुरू होने वाले सत्र में संभावित अविश्वास प्रस्ताव को टाला जा सके। इस निर्णय ने लिबरल पार्टी को नया नेता चुनने तथा संभावित राजनीतिक उथलपुथल के पहले अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर दे दिया है। ट्रूडो का त्यागपत्र राजनीतिक व व्यक्तिगत चुनौतियों की परिणति है। लिबरल पार्टी में बढ़ता बिखराव ट्रूडो के नेतृत्व में बड़ी बाधा बन गया था। सांसदों और पार्टी सदस्यों में असंतोष बढ़ रहा था जिसे नीतिगत मुद्दों, प्रशासनिक शैली तथा जनता में घटते समर्थन ने हवा दी थी। यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि अल्पमत सरकार चलाने के लिए ट्रूडो द्वारा खालिस्तान-समर्थकों का साथ करने तथा निज्जर की हत्या का आरोप भारतीय राजनयिकों पर लगाने से भारत-कनाडा संबंध बहुत खराब हुए।



लगभग एक दशक तक पद पर रहने के बाद ट्रूडो के प्रशासन को आर्थिक प्रबंधन, स्वास्थ्यरक्षा तथा कनाडा की जलवायु नीति जैसे मुद्दों पर आलोचना का सामना करना पड़ रहा था। इन चुनौतियों ने जनता में समर्थन घटाया था तथा अगले चुनाव में वे कम संभावनाओं वाले उम्मीदवार बन गए थे। अगले चुनाव के पहले ट्रूडो के इस्तीफे से लिबरल पार्टी को अपना नेतृत्व पुनर्जीवित करने तथा मतदाताओं के सामने नया चेहरा पेश करने का मौका मिल गया है जिससे संभवतः चुनावी जोखिम घटाया जा सकता है। ट्रूडो की विदाई के महत्वपूर्ण राजनीतिक और राष्ट्रीय प्रभाव होंगे। इस इस्तीफे ने लिबरल पार्टी के भीतर प्रतियोगी नेतृत्व का मैदान साफकर दिया है। अगले नेता का चयन महत्वपूर्ण होगा क्योंकि यह पार्टी की भावी दिशा तथा सत्ता में बने रहने की उसकी क्षमता प्रदर्शित करेगा। ट्रूडो के इस्तीफे ने कनाडा की राजनीतिक स्थिति बदल दी है। विपक्ष व खासकर कंजरवेटिव पार्टी इस समय का लाभ उठा कर लिबरल पार्टी के प्रशासनिक रिकार्ड को चुनौती देते हुए जल्दी चुनाव के लिए दबाव डालेगी। ट्रूडो का कार्यकाल उल्लेखनीय उपलब्धियों से भरा है जिसमें कैनाबिस को वैध करना, जेंडर समानता को बढ़ावा देना तथा जलवायु पहलें शामिल हैं। लेकिन अब उनकी विदाई के संदर्भ में इनका मूल्यांकन होगा। उनकी विरासत इस बात पर निर्भर करेगी कि लिबरल पार्टी नए नेतृत्व में अपनी उपलब्धियां बनाए रख सकती है या नहीं। जस्टिन ट्रूडो का त्यागपत्र तेजी से विकसित होते परिदृश्य में दीर्घकालीन राजनीतिक नेतृत्व की जटिलतायें प्रदर्शित करता है। हालांकि, त्यागपत्र देने का उनका यह निर्णय व्यक्तिगत एवं राजनीतिक व्यावहारिकता प्रदर्शित करता है, पर यह कनाडाई लोकतंत्र में एक महत्वपूर्ण क्षण का भी संकेत देता है। आने वाले महीनों में तय होगा कि लिबरल पार्टी कितनी प्रभावशीलता के साथ इस परिवर्तनकारी समय से निपटती है तथा क्या कनाडा के राजनीतिक संस्थान परिवर्तन के बीच अपना स्थायित्व बनाए रख पाते हैं। ट्रूडो का त्यागपत्र कनाडा के राजनीतिक भविष्य में अवसरों और चुनौतियों का नया मार्ग खोलता है।

# भारत-ब्राजील कृषि सहयोग : वैश्विक खाद्य सुरक्षा की नई इबारत

**भारत और ब्राजील, दोनों देश कृषि उत्पादन में अग्रणी हैं। इनकी समानताएं और विशिष्टताएं इस बात का संकेत देती हैं कि यदि ये परस्पर सहयोग करें, तो दोनों देशों की कृषि को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।**



डॉ. राजाराम त्रिपाठी
राष्ट्रीय संयोजक : अखिल भारतीय किसान महासंघ (आईफा)




**साझे** प्रयासों से हर क्षेत्र में हरियाली संभव है। यह उक्ति भारत और ब्राजील जैसे दो कृषि-प्रधान देशों के लिए विशेष रूप से सटीक बैठती है। हाल ही में मुझे ब्राजील देश के सरकारी निमंत्रण पर ब्राजील की कृषि यात्रा का अवसर मिला, जहां मैंने उनकी उन्नत कृषि तकनीकों, प्रयोगशालाओं और खेतों पर खड़ी शानदार फसलों को देखा। कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण की बड़ी इकाइयों का भ्रमण किया। किसानों और इंब्रापा के कृषि विशेषज्ञों से चर्चा, उनके सहकारी प्रयासों का अध्ययन किया, और ब्राजील के कृषि मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं भारत के राजदूत से संवाद ने कृषि ज्ञान तथा मेरे दृष्टिकोण को और समृद्ध किया। कृषि अध्ययन टूर का यह 11 दिवसीय आयोजन ब्राजील सरकार के अपेक्स-ब्राज़ील की पहल पर किया गया था और इसमें श्री डोमिनिक कृषि-जागरण, ध्रुविका सोढ़ी तथा ब्राजील दूतावास समूह तथा श्री डोमिनिक का भी विशेष योग रहा। इस यात्रा में मेरे सहयात्री वरिष्ठ पत्रकार संदीप दास, मनीष गुप्ता, चंद्रशेखर, कृषि उद्यमी रत्नम्मा भी शामिल रहे। अपेक्स ब्राजील के अनिरुद्ध शर्मा, एंजेलो मारिसिओ, एड्रिआना, पॉउला सोआरेस, डेब्रा फेइटोसा,, डाला कालीगारो, फिलिपे आदि अधिकारियों का इस ऐतिहासिक ब्राज़ील कृषि-भ्रमण कार्यक्रम को सर्वविध सफल बनाने में विशेष योगदान रहा है।

ब्राजील का क्षेत्रफल भारत से लगभग ढाई गुना है जबकि जनसंख्या बहुत कम है। पृथ्वी के दो अलग-अलग छोर पर बसे होने के बावजूद, ब्राजील में मैंने भारतीयों के प्रति सर्वत्र मित्रता तथा सौहार्द का भाव पाया जो कि एक उत्साहवर्धक स्थित है। भारत और ब्राजील, दोनों देश कृषि उत्पादन में अग्रणी हैं। इनकी समानताएं और विशिष्टताएं इस बात का संकेत देती हैं कि यदि ये परस्पर सहयोग करें, तो दोनों देशों की कृषि को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

### भारत और ब्राजील की कृषिः तुलनात्मक दृष्टि

**भारत :-**

कृषि प्रधान देशः लगभग 50त्र जनसंख्या कृषि पर निर्भर। प्रमुख फसलेंः चावल, गेहूं, गन्ना, दलहन, तिलहन, और मसाले।

**पशुधन :** भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक है।

2024 के आंकड़ेः भारत ने 51 अरब डॉलर का कृषि निर्यात किया।

**चुनौतियां :** मानसून पर निर्भरता और छोटे किसानों की सीमित संसाधन क्षमता।

**ब्राजील :-**

**वैश्विक कृषि निर्यातकः** कृषि क्षेत्र का 25त्र योगदान।

**प्रमुख फसलें :** सोयाबीन, कॉफी, गन्ना, मक्का, और संतरे।

**पशुधन :** ब्राजील विश्व का प्रमुख मांस निर्यातक है।

**2024 के आंकड़े :** कृषि निर्यात 150 अरब डॉलर के पार।

**विशेषता :** प्रभावी कृषि शोध, सहकारिता आधारित बड़े फार्म, मशीनीकरण, और इथेनॉल उत्पादन में अग्रणी।

**ब्राजील कृषि-यात्रा से सीखे गए सबक :-**

ब्राजील की प्रयोगशालाओं में उन्नत बीजों, पौधों तकनीकों का तीव्र विकास हुआ है,पर उससे भी बड़ी बात यह है कि वह सारे उन्नत बीज और नई तकनीकें उनके अधिकांश खेतों तक पहुंच गई हैं। बड किसानों द्वारा उन्नत बीजों तथा नई तकनीकों का खेतों पर व्यापक प्रयोग देखकर यह स्पष्ट हुआ कि भारत भी अपने किसानों को इन्हीं तकनीकों से सशक्त बना सकता है । इसके लिए हमें अपने प्रयोगशालाओं तथा किसानों और खेतों की बीच की खाई को पाटना होगा।

उनकी सफल सहकारिता, मशीनीकरण और स्मार्ट तकनीकों का उपयोग प्रेरणादायक था। वहीं, भारत की जैविक खेती,उच्च लाभदायक मेडिसिनल और एरोमेटिक प्लांट्स, हर्बल्स, स्टीविया एवं काली मिर्च जैसी उच्च लाभदायक फसलों की खेती तथा बहुस्तरीय खेती के ज्ञान एवं विशेष रूप पाली हाउस के विकल्प के रूप में वृक्षारोपण द्वारा बनाए गए 'नेचुरल ग्रीनहाउस' ने ब्राजील के विशेषज्ञों में विशेष रुचि पैदा की।

**सहयोग के संभावित क्षेत्रः-**

**1. पशुधन प्रबंधन :** ब्राजील ने भारत की गीर जैसी देसी नस्लों की गायों का आयात करके उन पर काफी शोध कार्य करते हुए उनकी और भी नई प्रजातियों का विकास किया है। वहां की संस्था 'एबीसीजेड' का गीर नस्ल की गायों पर किया गया कार्य उल्लेखनीय है।

ब्राजील का पशुधन प्रबंधन और मांस उत्पादन तकनीक भारत के लिए उपयोगी हो सकती है। वहीं, भारत ब्राजील को दुग्ध-उत्पादन के क्षेत्र में सहयोग दे सकता है।

**2. कपास और गन्ना :**

ब्राजील गन्ने से इथेनॉल उत्पादन में अग्रणी है।

भारत, अपने गन्ना उत्पादकों को इस तकनीक से जोड़कर ऊर्जा उत्पादन बढ़ा सकता है।

भारत के कपास उगाने वाले किसान इन दिनों कई तरह की कठिनाइयों से जूझ रहे हैं । इन किसानों को ब्राजील के बड़े पैमाने पर कपास उत्पादन की लाभकारी तकनीकों से फायदा मिल सकता है।

**3. सोयाबीन और दलहन :**

ब्राजील की सोयाबीन तथा अन्य बीन्स उत्पादन तकनीक भारत के पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्रों में संभावनाएं खोल सकती है। देखनी है कि ब्राजील तुअर यानी अरहर की खेती विशेष रूप से भारत के लिए ही करता है और वहां अरहर का उत्पादन भारत के उत्पादन से लगभग ढाई गुना तक है। प्रोटीन के लिए मुख्य रूप से दालों पर निर्भर भारत जैसे शाकाहारी देश के लिए बींस तथा दलों के क्षेत्र में ब्राजील के साथ हर स्तर पर सहयोग लाभकारी होगा।

**4. जैव ऊर्जा :**

ब्राजील का इथेनॉल और जैव ईंधन उत्पादन, भारत के ऊर्जा क्षेत्र में क्रांति ला सकता है।

वहीं भारत की पारंपरिक टिकाऊ तथा पर्यावरण हितैषी कृषि विधियां ब्राजील को सतत विकास में सहयोग दे सकती है।

**सहयोग के लाभः-**

**1. आर्थिक उन्नति :-** कृषि व्यापार बढ़ने से दोनों देशों की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

**2. खाद्य सुरक्षा :-** फसल उत्पादन और विविधता में वृद्धि से खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी।

**3. तकनीकी प्रगतिः-** ब्राजील से मशीनीकरण और तकनीक लाकर भारत अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ा सकता है।

**4. वैश्विक नेतृत्वः-** संयुक्त अनुसंधान और सहयोग से दोनों देश जलवायु परिवर्तन और खाद्य संकट से निपटने में विश्व का नेतृत्व कर सकते हैं।

**ब्राजील यात्रा की उपलब्धियां और अनुभव**

**किसानों से संवाद :** किसानों ने बताया कि कैसे बड़े पैमाने पर खेती और सहकारी संस्थाएं उनके जीवन को बेहतर बना रही हैं।

**अधिकारियों से चर्चा :** कृषि मंत्री और सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने भारत के साथ दीर्घकालिक सहयोग की रुचि व्यक्त की।

**राजदूत से संवाद :** भारत के सफल राजदूत सुरेश रेड्डी ने दोनों देशों के बीच कृषि व्यापार को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदमों की आवश्यकता के साथ ही माना कि दोनों देशों को अपने देश के प्रगतिशील किसानों के दलों को एक दूसरे के यहां 'कृषि स्टडी टूर' पर नियमित रूप से भेजा जाना चाहिए।

**चुनौतियां और समाधान-**

**1. भाषा और सांस्कृतिक भिन्नता :** नियमित संवाद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दूरी कम की जा सकती है।

**2. तकनीकी लागत :** भारत में स्थानीय परंपरागत तकनीकों का विकास कर इसे सस्ता बनाया जा सकता है।

**3. नीतिगत अंतर :** जी -20 , ब्रिक्स के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय समझौतों और व्यापारिक गठबंधनों से इस अंतर को कम किया जा सकता है।

भारत और ब्राजील, कृषि क्षेत्र में परस्पर सहयोग से न केवल अपनी अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत बना सकते हैं, बल्कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। मेरी इस यात्रा का अनुभव यह दिखाता है कि दोनों देशों के पास एक-दूसरे से सीखने और सिखाने की अपार संभावनाएं हैं।

अंत में, कहा गया है कि जहां चाह, वहां राह। दोनों देशों के बीच यह सहयोग वैश्विक कृषि का भविष्य बदल सकता है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारत और ब्राजील दोनों मिलकर पूरे विश्व का पेट भर सकते हैं। इसलिए भारत और ब्राजील एक नैसर्गिक मित्र तथा स्वाभाविक साझेदार हैं। जरूरत है इस साझेदारी एवं मित्रता के पौधे के विकास हेतु क इसे समय-समय पर नियमित रूप से खाद-पानी देते रहने कि और यह जिम्मेदारी दोनों देश दूतावासों को सरकारों को तथा दोनों देश की जनता को मिलजुल कर एकजुटता के साथ निभानी चाहिए ।

# नव वर्ष के दस संकल्प

> समय आ गया है कि हम नव वर्ष संकल्पों को अपनी आकांक्षाओं से जोड़ें। हमें सार्थक रचनात्मक चीजों पर ध्यान देना चाहिए जिनसे हमारे व्यक्तिगत विकास के साथ चारों ओर की दुनिया पर हमारा प्रभाव पड़े।

शाइनी शर्मा
(लेखिका शिक्षाविद हैं।)



नव वर्ष का प्रारंभ आपको अपनी बात रखने, अपनी प्राथमिकतायें पुनः तय करने तथा भविष्य की पुनः कल्पना करने का नया कैनवस प्रदान करता है। 2025 हमें इस बात का अवसर देता है कि संकल्प न केवल आकांक्षाओं से जुड़े हों, बल्कि जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने वाले भी हों। यहां दस संकल्प प्रस्तुत हैं जो आपके लिए 2025 को सर्वोत्तम वर्ष बना सकते हैं। 1. डिजिटल बेहतरी संकल्प-पहला और सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व उपकरणों के लिए 'सनसेट आवर' तय कर स्क्रीन के नशे से मुक्ति पाना है। सोने के पहले एक घंटे तक आफलाइन गतिविधियों जैसे पढ़ने या ध्यान से नींद की गुणवत्ता तथा मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी। 2. वित्तीय जानकारी उच्चीकरण संकल्प-वित्तीय स्थायित्व तनाव मुक्त जीवन का प्रमुख आधार है। इसके लिए खर्च करने की आदतों का मूल्यांकन करने के साथ हर सप्ताह कम से कम 30 मिनट खर्च कर यथार्थवादी बजट बनाने तथा निवेशों और वित्तीय नियोजन का काम करना चाहिए। लगातार बचत करने तथा कर्ज घटाने के लिए काम करने और वित्तीय लक्ष्य तय करने से स्पष्टता एवं प्रेरणा प्राप्त होगी। 3. टिकाऊ व्यवहार संकल्प-पर्यावरण चुनौतियों पर दुनिया भर में जागरूकता फैलने के साथ पहले की तुलना में टिकाऊ आदतें अपनाना ज्यादा जरूरी हो गया है। व्यावहारिक कदमों जैसे पुनः प्रयोग वाले उत्पादों का प्रयोग कर हम पर्यावरण पर प्रभाव न्यूनतम कर सकते हैं। इसके लिए वनस्पति आधारित भोजन दिवस तथा मासिक कार्बन फुटप्रिंट की गणना सुधार के महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। 4. स्पेस सुव्यवस्थित करने का संकल्प-सहज परिवेश सहज मस्तिष्क का प्रतीक है। 2025 में अपने जीवन और कार्यस्थल को सहज बनाने व संगठित करने के लिए समय निकालें। ऐसी चीजों के पुनः प्रयोग या उनको दान करने के बारे में विचार करें जिनकी अब आवश्यकता न हो




और ऐसी स्थिति बनाए रखने की व्यवस्था करें। 5. संबंध समृद्ध बनाने का संकल्प-मानव संबंध प्रसन्नता और संपूर्णता की कुंजी हैं। इस वर्ष परिवार, मित्रों और सहयोगियों से बेहतर संबंध बनाने का सचेतन प्रयास करें।

6. शारीरिक स्वास्थ्य संकल्प- नियमित शारीरिक गतिविधि विकसित करना अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है। 2025 में दैनिक आदत में इसे शामिल करें। इसमें शक्ति प्रशिक्षण, योग, तैराकी या तेजी से टहलना शामिल हैं। ऐसी गतिविधि का चयन करें जो आपको पसंद हो और जिसे जारी रखा जा सके। कार्डियोवैस्कुलर स्वास्थ्य में सुधार, मांसपेशियों को मजबूत करने तथा मानसिक बेहतरी के लिए प्रति सप्ताह कम से कम 150 मिनट मध्यम से कठिन व्यायाम करें। 7. मानसिक स्वास्थ्य संकल्प-सकारात्मक सोच हमारे अनुभवों का विस्तार कर सकती है। 2025 में हर स्थिति पर गौर करें, आत्मसंतोष का अभ्यास करें तथा स्वयं को प्रगति कर रहे लोगों से जोड़ें। दैनिक मानसिक स्वास्थ्य व्यवहार करें, जैसे पांच मिनट ध्यान, कृतज्ञता ज्ञापन या थेराप्टिक रचनात्मकता। सकारात्मकता से दृढ़ता पैदा होती है तथा चुनौतियों से गरिमापूर्ण ढंग से निपटना संभव होता है। 8. ज्ञान विस्तार संकल्प-हर माह ऐसे विषयों पर एक पुस्तक पढ़ें जो आपको आराम दे। इससे दृष्टिकोण व्यापक होगा तथा आपका मस्तिष्क बदलती दुनिया के अनुरूप बनेगा। 9. सामुदायिक संबंध संकल्प- दूसरों की सहायता एक उद्देश्य व संबंध स्थापित करती है। देखभाल का एक क्षेत्र चुनें तथा उसके लिए समय या संसाधन निर्धारित करें। सामुदायिक सेवा से न केवल दूसरों को सहायता मिलेगी, बल्कि नेटवर्किंग अवसरों से व्यक्तिगत संतोष भी पैदा होगा। स्वयंसेवी कार्य से न केवल जरूरतमंद लोगों को लाभ मिलता है, बल्कि आपका अपना जीवन भी सार्थक और संतोषजनक बनता है। 10. रचनात्मक अभिव्यक्ति संकल्प-हर सप्ताह रचनात्मकता पर समय लगाएं जिसमें लेखन, पेंटिंग, संगीत या हस्तकौशल शामिल हैं। रचनात्मक कार्यों से तनाव घटता है तथा समस्या समाधान कौशल बढ़ता है। 2025 में हमें परंपरागत संकल्पों के बजाय सार्थक रचनात्मक चीजों पर ध्यान देना चाहिए जिनसे हमारे व्यक्तिगत विकास के साथ चारों ओर की दुनिया पर हमारा प्रभाव पड़े।

## आप की बात

### संवेदनशील कदम

सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने एक अत्यंत सराहनीय और मानवीय पहल करते हुए कैशलेस इलाज योजना शुरू की है। सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा घोषित इस योजना के तहत, सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को 1.5 लाख रुपये तक का निशुल्क और कैशलेस इलाज प्रदान किया जाएगा। दुर्घटना के बाद पुलिस को 24 घंटे के भीतर सूचना दर्ज करनी होगी, और इलाज की प्रक्रिया 7 दिनों तक बिना किसी आर्थिक बोझ के जारी रहेगी। यह अभिनव पहल न केवल पीड़ितों के जीवन को बचाने में सहायक होगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं तक त्वरित पहुंच सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे उन परिवारों को राहत मिलेगी जो आर्थिक रूप से इलाज का खर्च उठाने में सक्षम नहीं होते। गंभीर मामलों में मुआवजे की त्वरित व्यवस्था इस योजना को और भी प्रभावी बनाती है। देश में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में हजारों लोग अपनी जान गंवाते हैं, जिनमें से अधिकांश युवा होते हैं। इस योजना के माध्यम से सरकार न केवल त्वरित उपचार सुनिश्चित कर रही है, बल्कि सड़क सुरक्षा के महत्व को भी बढ़ावा दे रही है। हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर बल देकर यह पहल जागरूकता फैलाने में भी सहायक होगी। यह मानवीय कदम सरकार की संवेदनशीलता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

-प्रो. आरके जैन अरिजीत, बड़वानी

### वक्फ पर सख्त तेवर

वक्फ़ बोर्ड का दावा कि संभल एवं कुंभ की ज़मीन उनकी संपत्ति है, एकदम उल्टा पड़ता नज़र आ रहा है। एक साक्षात्कार के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कह दिया कि हर भूमि की पूर्णतह जाँच होगी और यदि कोई अनियमितता मिलती है तो एक एक इंच वापस ली जाएगी। एक पुरानी कहावत चरितार्थ होती प्रतीत हो रही है कि नमाज़ बक्शवाने गए थे और रोज़े गले पड़ गये। एक ओर संभल में चौकी भी बन गई और दूसरी ओर सरकार ने जाँच पड़ताल शुरू करके भूमि वापस लेने और जनहित में प्रयोग करने का फ़ैसला भी ले लिया। ऊपर से योगी जी के तेवर सख्त इसलिए लग रहे हैं, क्योंकि उन्होंने वक्फ़ बोर्ड की तुलना भू माफिया से कर दी है। एक बड़े प्रदेश का मुखिया खुले मंच से यदि कह रहा है तो स्थिति वाक़ई गंभीर होगी, अन्यथा इतना बड़ा दावा करना आसान नहीं। अब विपक्ष के सलाहकार और वक्फ़ के हिमायती शायद अपनी गलती पर पछता रहे होंगे क्योंकि स्थिति उगलें या निगलें वाली हो चुकी है। शायद युग बदल रहा है जनता स्थिति और उसकी गंभीरता को भाँप रही है, इसलिए झूठे सच्चे, आधे पके आधे कच्चे दावे होकर भ्रमित करने का प्रयास करेंगे तो मुश्किल बढ़ना लगभग तय है। लोग जागरूक हो रहे हैं और वक्फ को लेकर झूठ चलने वाला नहीं है।

-मनोज पुरुषार्थी, मेरठ

### वायरस से बचाव

चीन से फैली बीमारी ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस से दो बेंगलुरु, एक गुजरात, दो चेन्नई, तीन कोलकाता और दो नागपुर में संक्रमण की पुष्टि हुई है। श्वसन संबंधी बीमारियों पर निगरानी की समीक्षा करने लिए केंद्र सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन से ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) वायरस से संबंधित अपडेट मांगे हैं । एचएमपीवी वायरस पीड़ित व्यक्ति के सांस लेने की प्रक्रिया को प्रभावित करके संक्रमित करता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने वर्चुअल मोड में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बैठक में वायरस की रोकथाम के लिए लोगों को अपने स्तर पर जागरूक कर ही रही है। किंतु लोगों को खासकर पब्लिक ट्रांसपोर्ट , ट्रेन, मैट्रो की भीड़ में यात्रा करते समय खुद सावधानी रखनी होगी। कार्यालय में अक्सर साबुन और पानी से बार-बार हाथ धोने की आदत डालनी होगी। बिना धुले हाथों से आंख, नाक या मुंह को छूने से बचना होगा। खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को अपनी और दूसरे की सुरक्षा में ढकना होगा। जिस तरह कर्नाटक, पंजाब और झारखंड के स्वास्थ्य मंत्रियों ने देश के अन्य हिस्सों में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के मामलों का पता चलने पर लोगों को आश्वस्त किया है कि वे घबराएं नहीं। इस तरह अन्य राज्य सरकारें को भी विज्ञापनों एवं संदेश के प्रचार प्रसार के माध्यम से बचाव के उपाय बताने चाहिए। इससे लोगों में घबराहट नहीं फैलेगी और वे सुरक्षित रहेंगे।

-युगल किशोर शर्मा, फरीदाबाद

### आत्म चिंतन करे भाजपा

केंद्र में तो यशस्वी प्रधानमंत्री जी की सरकार है। परंतु दिल्ली विधानसभा में विगत समय से कुशल नेतृत्व वाली सरकार का आभाव है। अब दिल्ली की बारी है और मोदी का जादू दिल्ली पर चलना भी ज़रूरी है। वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए मोदी की निर्देशन में चलने वाली सरकार की बेहद ज़रूरत है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव का ऐलान हो गया। 5 फरवरी को 70 सीटों पर वोटिंग होना है और 8 फरवरी को परिणाम घोषित होंगे। 2020 के नतीजों पर अगर नज़र डाला जाए तो आप पार्टी को 62 सीटें यानी 53.8% वोट मिले और भाजपा 8 सीटों पर ही सिमट कर रह गई। कांग्रेस तो पटल से लुप्त प्राय ही रही। खैर कुछ भी हो आने वाले दिल्ली के विधान सभा चुनाव में भाजपा को कारगर रणनीति तैयार करनी होगी। जनता जनार्दन के बीच जाकर उनकी मनोभावना की गहराई में जाना होगा। दिल्ली के विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। अन्य कई राज्यों में तो मोदी का जादू असरकारक सिद्ध हुआ है लेकिन दिल्ली में भाजपा को आत्मचिंतन कर काम करना होगा। तभी अच्छा परिणाम मिलेगा।

-योगेश जोशी, बड़वाह

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# बालोद जिले में चहुंमुखी विकास सुनिश्चित करेंगे : मुख्यमंत्री

## जुंगेरा में आयोजित विकास कार्यों के भूमिपूजन, लोकार्पण एवं हितग्राही सम्मान समारोह में जिले वासियों को दी विभिन्न विकास कार्यों की सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com




जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओ को संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बड़ी घोषणा करते हुए धान खरीदी पूरी होते ही अंतर की राशि सभी किसानों के खातों में डालने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के पास फंड की कोई कमी नही हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री सहित प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओ को आने वाले निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव के लिए तैयार रहने की अपील की। वही जिले कें तीनो विधानसभा में जीत के लिए अभी से जुटने की अपील की। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओ से भाजपा संगठन के सभी कार्यकर्ताओ में जोश भरने का प्रयास किया गया ।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारी सरकार समुचे छत्तीसगढ़ राज्य सहित बालोद जिले के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि हम सब बालोद जिले वासियों के सहयोग से बालोद जिले में विकास की गंगा प्रवाहित कर इस कृषि प्रधान जिले का चहुँमुखी विकास सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव से ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम जुंगेरा में आयोजित जिले के विकास कार्यों के भूमिपूजन, लोकार्पण एवं हितग्राही सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालोद जिले वासियों को 141 करोड़ रुपए की राशि के कुल 115 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर जिले वासियों को विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिला मुख्यालय बालोद में 400 सीटर भव्य आडीटोरियम निर्माण के साथ-साथ ग्राम जुंगेरा के बंजारी माता मंदिर में डोम शेड निर्माण करने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधा एवं परिवेश उपलब्ध कराने हेतु जिला मुख्यालय बालोद में नालंदा परिसर को शीघ्र विकसित करने की भी जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग, संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व सांसद मोहन मण्डावी, पूर्व विधायक प्रीतम साहू एवं विरेन्द्र साहू, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू, भाजपा नेता केसी पवार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, राकेश यादव, लीला शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### 31 हजार से अधिक परिवारों को पक्का आवास किया गया प्रदान

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालोद जिलेवासियों को विकास कार्यों की बड़ी सौगात मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में भूमिपूजन और लोकार्पण किए गए विकास कार्य आने वाले समय में जिले के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से 29 करोड़ 18 लाख रुपए की राशि की लागत से जिले के डौण्डीलोहारा ब्लॉक के मटियामोती जलाशय के नहरों का लाईनिंग मरम्मत एवं जीर्णोद्धार पुर्ननिर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया है। इस नहर में लाईनिंग मरम्मत एवं जीर्णोद्धार पुर्ननिर्माण कार्य पूरा हो जाने से जिले के अन्नदाता किसानों के खेतों को सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सकेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी के सहयोग से छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा अपने 01 वर्ष के कार्यकाल के दौरान सभी वर्गों के विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार के 01 वर्ष के कार्यकाल के दौरान राज्य में हुए विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अब तक बालोद जिले के 31 हजार से अधिक परिवारों को लाभान्वित कर उन्हें पक्का आवास प्रदान किया गया है।

### लेफ्टिनेंट नर्सिंग आफिसर वीणा को दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन ने कहा कि हमारी सरकार के द्वारा पिछले वर्ष 13 मार्च को बालोद की धरती से कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत राज्य के 24 लाख 72 हजार किसानों के खातों में अंतर की राशि को अंतरित करने का कार्य किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत किसानों के धान खरीदी के लक्ष्य में वृद्धि करते हुए प्रति क्विंटल 3 हजार 100 रुपए की दर से धान की खरीदी की जा रही है। इसी तरह तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य के अंतर्गत 4 हजार मानक बोरा को बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपये करने तथा तेंदुपत्ता संग्राहकों के हितों को ध्यान में रखते हुए लगातार 15 दिन तक तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य जारी रखने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत अब तक 20 लाख भक्तों को भगवान रामलला का दर्शन कराने की भी जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अभी हाल ही में भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट नर्सिंग आफिसर के पद पर चयनित होने वाली के ग्राम जमरूवा निवासी वीणा साहू की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### हितग्राहियों को मुख्यमंत्री एवं अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर किया सम्मानित

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में राज्य में सभी वर्गों के कल्याण के लिए सांय-सांय विकास कार्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिसका परिणाम आप सभी के सामने परिलक्षित हो रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के मंशानुरूप हमारी सरकार के द्वारा सभी वर्गों के कल्याण सुनिश्चित कर राज्य को सजाने एवं संवारने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद भोजराज नाग ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ एवं बालोद जिले के विकास के लिए जो कार्य किए गए हैं। वो कार्य वास्तव में अतुलनीय है। आने वाले वर्षों में उनका व्यापक परिणाम दिखने लगेगा। इस अवसर पर उन्होंने बालोद जिले के प्रमुख मांगों की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने विगत एक वर्षो के दौरान जिले में जो विभिन्न विकास कार्यों तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने किया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा बालोद जिले के विकास पर आधारित 'उन्नति की ओर कदम बढ़ाता हमर बालोद' पुस्तक का भी विमोचन भी किया गया। शासन के विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों को मुख्यमंत्री एवं अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम स्थल में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर आईजी रामगोपाल गर्ग, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# आचार्य शास्त्री का श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



तीर्थराज प्रयाग की पावन भूमि में महाकुंभ एवं मकर संक्रांति के पुण्यमय अवसर पर गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य भगवान के पावन सानिध्य एवं आशीर्वाद के फलस्वरुप शंकराचार्य शिविर के दिव्यतम पावन प्रांगण में 10 जनवरी से 17 जनवरी 2025 तक देव दुर्लभ श्रीमद् भागवत महापुराण प्रवचन का भव्यतम कार्यक्रम जामली देवी देवांगन (छत्तीसगढ़ तुलसी वाले) के प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित है इस पुनीत अवसर पर कथा व्यास आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री (व्याख्यान-दिवाकर) के द्वारा अमृतमयी वाणी में कथा सुधा रस प्रवाहित होगी। भागवत कथा के सप्तम दिवस के दिव्य अवसर पर पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज का 16 जनवरी को मंगलमय शिविर में पदार्पण एवं व्यास पीठ से दिव्य आध्यात्मिक धर्मोपदेश प्रवचन आशीर्वचन श्रवण करने का सौभाग्य सुलभ हो रहा है। शंकराचार्य महाभाग का 16 जनवरी से 06 फरवरी तक प्रयाग महाकुंभ शिविर (संगम लोअर मार्ग मोरी चौराहा सेक्टर 19 में प्रवास कार्यक्रम निर्धारित है) प्रतिदिन प्रातः 11:30 से 1:00 बजे तक दर्शन दीक्षा संगोष्ठी एवं सायं 5:00 बजे से 08 तक धर्म सभा में सत्संग प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित है इस अवसर पर देश के विभिन्न प्रांतो से सनातन धर्म प्रेमी श्रद्धालु भक्तगण शिष्यवृन्द धर्म संघ पीठ परिषद आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी, राष्ट्रोत्कर्ष अभियान, हिंदू राष्ट्र संघ सनातन संत समिति के पदाधिकारी सदस्य वृन्द पहुंचकर दर्शन एवं सत्संग का लाभ प्राप्त करे। उक्त सभी जानकारी देते हुए आचार्य झम्मन शास्त्री ने अपील की है दर्शन एवं सत्संग में लाभ उठाकर जीवन को धन्य बनावे।

# पेड़ पर लटका मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**दल्लीराजहरा।** वार्ड नंबर 17 गार्डर पुल रेलवे पटरी के पास पेड़ पर एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ था, जिसे देख वार्डवासियों द्वारा सूचना राजहरा थाने में दी गई। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि मृतक का नाम घनश्याम ठाकुर है जो की बस स्टैंड में किरण डेली नीड्स के नाम से दुकान का संचालन करता था। यह वार्ड नंबर 15 का रहने वाला था वह कल से लापता का जिसकी थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। मृतक की सूचना राजहरा थाने में दे दी गई है। मौके पर पुलिस पहुंचकर पंचनामा कर आगे की कार्रवाई कर रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक पर कर्ज अधिक होना बताया जा रहा है कल ही बालोद से प्राइवेट फाइनेंस कंपनी के लोगों के द्वारा जाकर उसके ऊपर दबाव बनाया गया था जिसकी वजह से वह अत्यधिक परेशान था। मृतक के पास से मोबाइल एवं एक सुसाइड नोट मिला है।

# जीवन में शिक्षा का सबसे बड़ा स्थान है : ललित

## शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई में वार्षिकोत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई में हर्षोउल्लास के साथ वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ राजेश कुमार पाण्डे ने की। कार्यक्रम में भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, मंडल महामंत्री सोनू राजपूत, महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष सरस्वती साहू विशेष अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के मूर्ति पर विधिवत पूजा अर्चना के साथ तथा राजगीत के साथ किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा के अनुकूल रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम की अनुपम प्रस्तुति दी। स्वागत भाषण जन भागीदारी अध्यक्ष सरस्वती साहू ने दिया। महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन संस्था प्रमुख व क्षेत्रीय अपर संचालक डॉ राजेश पांडे ने दिया और संस्था की उपलब्धियां के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि कॉलेज जीवन जीने की कला सिखाती है। छात्र जीवन सबसे अच्छा होता है। हम जो बनना चाहते हैं जो करना चाहते हैं उसको करने के लिए पर्याप्त समय होता है। मेहनत और लगन से बच्चे हर मुकाम को हासिल कर सकते हैं। आज देश में जितने भी महापुरुष हुए जितने भी नेता हुए उन्होंने अपने जीवन में लक्ष्य को बनाकर चला और सफलता हासिल की। मंजिल उन्हीं को मिलता है जिनके सपनों में जान होती है पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। इसीलिए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी को लग जाना है। जीवन में शिक्षा का सबसे बड़ा स्थान है शिक्षा के माध्यम से ही आप हर चीज हासिल कर सकते हो सीखने की इच्छा जीवन में अंतिम समय तक रहती है कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ नीरजा रानी पाठक, उतई कॉलेज प्राचार्य अरुण कुमार मिश्रा, रूपेश पारख, नरेन्द्र साहू, सतीश चंद्राकर, चेतन सिन्हा, धनश्याम चंद्राकर, खूबीराम साहू, हरीश यादव, रूपनारायण शर्मा, भीषम देवांगन, राशि वर्मा, बृजमोहन साहू, भारत भूषण, प्रभा साहू, विमला कामड़े, शीतल रात्रे, संगीत रजक, रंजना चंद्राकर, विजय लक्ष्मी साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं और नगरवासी उपस्थित थे।

# शासकीय कर्मियों के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने एक कड़ा निर्देश जारी किया है। उन्होंने प्रदेश के सभी विभागों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि हाल के दिनों में सड़क दुर्घटनाओं के कारण कई शासकीय कर्मियों की मृत्यु और गंभीर चोट लगने की घटनाएं सामने आई हैं। यह स्थिति चिंताजनक है और इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। मोटरयान (संशोधन) अधिनियम, 2019 के तहत वाहन चालन के दौरान सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग अनिवार्य है। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि शासकीय सेवकों को न केवल इन नियमों का पालन करना चाहिए, बल्कि अपने परिवार और आम जनता के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। सभी शासकीय कर्मियों के लिए निर्देशः प्रदेश में कार्यरत सभी शासकीय और अर्द्धशासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे वाहन चालन के समय अनिवार्य रूप से हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें। इसके अलावा, इन निर्देशों को सभी शासकीय कर्मियों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संबंधित विभागों को सौंपी गई है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने इस बात पर जोर दिया है कि नियमों का पालन न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए जरूरी है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश देने के लिए भी आवश्यक है। यह निर्देश प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जारी किया गया है।शासकीय कर्मियों से अपेक्षा की गई है कि वे इन नियमों का पालन कर दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनें।

# दुर्ग रेंज आईजी ने वित्तीय धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों के संपत्तियों को जप्त करने हेतु दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग ने बालोद में विशेष अपराध समीक्षा बैठक ली। इस दौरान आईजी ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा बालक, बालिकाओं की पता तलाश दस्तयाबी हेतु ऑपरेशन मुस्कान तेज करने पर जोर दिया गया। वहीं उन्होंने सशक्त एप्प के माध्यम से लावारिश वाहन एवं चोरी के वाहनों की खोजबीन करने हेतु पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को उक्त एप्प का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने दिए निर्देश। वही उन्होंने वित्तीय धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों के जमीन संपत्ति और बैंक खाते को जप्त करने हेतु निर्देश भी दिए। दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक एसआर भगत सहित सभी राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न प्राथमिकताओं और मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उक्त बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता से हल करना था। रामगोपाल गर्ग ने सभी अधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा और तत्परता से कार्य करने का संदेश दिया। उक्त बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर और अशोक कुमार जोशी, एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, सीएसपी राजहरा डॉ. चित्रा वर्मा, डीएसपी बोनीफास एक्का, समेत समस्त थाना प्रभारी एवं ऑफिस स्टाफ उपस्थित थे।

### इन मुख्य बिंदुओ पर हुई चर्चा

लंबित प्रकरणों का निराकरणः लंबित चालान और मर्ग से संबंधित प्रकरणों को क्रोनोलॉजिकल ऑर्डर में सूचीबद्ध कर त्वरित निराकरण करने व अनावश्यक देरी न करने दिए निर्देश। टारगेट बेस समाधानः लंबित प्रकरणों का निराकरण तय समय सीमा के भीतर लक्ष्य आधारित तरीके से करने की योजना बनाई गई। बेल जंप प्रकरणः बेल जंप मामलों में आरोपियों की पहचान और उन्हें न्यायिक प्रक्रिया में वापस लाने हेतु ठोस कदम उठाने सभी अधिकारियों को निर्देशित किए। ऑपरेशन मुस्कानः गुमशुदा बालकों, बालिकाओं को खोजने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान को और तेज करने के निर्देश दिए गए। लावारिस वाहन चेकिंगः लावारिस वाहनों की पहचान और कार्रवाई के लिए सशक्त एप के माध्यम से डेटा चेक करने का अभियान तेज किया जाएगा। पुलिस का प्रभावः यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि अपराधियों में पुलिस का भय हमेशा बना रहे। नशा विरोधी अभियानः नशे के सौदागरों की संपत्तियों की जांच और जब्ती के लिए सक्रिय अभियान चलाने के निर्देश दिए। ई-साक्ष्य एप का उपयोगः ई-साक्ष्य एप के व्यापक और प्रभावी उपयोग पर बल दिया गया। पशु क्रूरता के प्रकरणों में जप्त वाहनों को राजसात की कार्यवाही करने निर्देशित किए। एनडीपीएस के मामलों में नकेल कसने चैनल को पकड़ने माल कहां से आ रही है, कहां जाएगी उसके तह तक जाकर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किए। इसके अलावा अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी चर्चा की गई।

# अव्यवस्था के बावजूद जिले में लगभग सत्तर फीसदी धान खरीदी




पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में 108 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी किया जा रहा है। जहां पर मूलभूत सुविधाओं का आभाव है । कुछ जगहों पर किसान के धान में खुलकर कांटा मारी किया जा रहा है। जिसे रोकने में शासन प्रशासन नाकाम दिखाई दे रहे है तो कही पर जगह के अभाव के चलते खरीदी करने में उपार्जन केंद्र प्रभारी को भारी दिक्कत भी हो रहा हैं । इन सभी समस्याओं के बावजूद सत्तर, पचहत्तर फीसदी खरीदी पूर्ण हो गया है लेकिन उठाव की स्थिती बेहद खराब है जिसके चलते किसान और प्रभारी दोनों परेशान हैं । कबीरधाम जिले के सीमाओं में स्थित खरीदी केंद्रों में अन्य राज्य के धान को खुलेआम खपाया जा रहा है जिसे रोक पाने में जिम्मेदार सक्षम नजर नहीं आ रहे है।

### किसानों से खुलेआम लुट

कबीरधाम जिले में किसानों के धान को खरीदने के लिए 108 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर किसान प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेचने जाते है। किसान खरीदी केंद्र में कोई दिक्क त न हो इसे ध्यान में रखते हुए अपने घर से प्लाटिक बोरी में 41 किलो तौल कर ले जाते है जो जुट के वारदाना में 41किलो 200, 300 ग्राम आता है जबकि नियमानुसार 40 किलो 700 ग्राम की तौल होना चाहिए। किसानों के मना करने पर उपार्जन केंद्र प्रभारी धान को रिजेक्ट कर देते है या फिर उनसे वजन में और बढ़ा लेते है ।

### उठाव नहीं होने से खरीदी में परेशानी

कबीरधाम जिला के लगभग 80 प्रतिशत उपार्जन केंद्रों में लिमिट से अधिक धान का भंडारण है जिसका उठाव नहीं हो रहा है जिसके चलते धान खरीदी के लिए जगह की दिक्क त बनी हुई है। किसान और उपार्जन केंद्र प्रभारी दोनों परेशान हैं । उठाव के लिए डी ओ तो जारी कर दिया गया है जो ऊट के मुंह में जीरा के बराबर है। खरीदी केंद्र कोदवा गोंडान , तरेगांव जंगल सहित कई ऐसे उपार्जन केंद्र है जो कमी और गड़बड़ी में मशहूर है बावजूद वहां के खरीदे गए धान का परिवहन नहीं होना । कई प्रकार के संदेह को जन्म देता है जबकि चिन्हांकित उपार्जन केंद्रों में मौजूद धान का परिवहन अविलंब कराना चाहिए जो नहीं हो पा रहा है।

### सीमावर्ती में बने बैरियर महज दिखावा

समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी किया जा रहा है । कबीरधाम जिले में मैदानी इलाकों में धान का उत्पादन बढ़िया रहता हैं जहां पर कोई दिक्क त नही है लेकिन वनांचल क्षेत्र में प्रति एकड़ 5 से 10 क्विंटल ही उत्पादन आता है । जिसकी जानकारी जिम्मेदारों को भी है । वनवासी बैगा, आदिवासियों के वन अधिकार पत्र , पट्टा की जमीन का पंजीयन कराकर व्यापारी अन्य राज्य या अन्य जिलों से धान लाकर बेच रहे हैं। जिसकी जानकारी उपार्जन केंद्र प्रभारी को भी है लेकिन किसानों के टोकन होने के कारण मजबूरी में खरीद रहे है । अवैध परिवहन को रोकने के लिए बैरियर और जो टीम गठित किया गया है जो समझ दिखावा साबित हो रहा है। वनांचल क्षेत्र के कई ऐसे खेत है जहां धान तो क्या प्रति एकड़ 21 क्विंटल पैरा का उत्पादन नहीं हो पाता । जिसकी जानकारी वनांचल के निवासी और खेती करने वाले को भी है।

### कोरम पूर्ति करते है नोडल अधिकारी

धान खरीदी में किसी भी प्रकार का कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए सभी उपार्जन केंद्रों के लिए नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो केवल कागजों पर दिखाई देता है। उपार्जन केंद्रों में किसानों की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। शनिवार या रविवार को सप्ताह में एक दिन अपना मौजूदगी दिखाकर खानापूर्ति कर लेते है जबकि उक्त दोनों दिन खरीदी बंद रहता हैं जिसके कारण किसान भी नही रहते जबकि नोडल अधिकारियों को शासन प्रशासन और किसान ,उपार्जन केंद्रो के बीच मध्यस्थता का कार्य करना चाहिए।

### भौतिक सत्यापन की आवश्यकता

उपार्जन केंद्रों में किसानों के कमाई को खुलेआम काटा मारी करते हुए नियमों को ताक में रखकर खरीदी कर रहे हैं। उपार्जन केंद्रों में रखे धान की बोरी को तौल करने से सारी गड़बड़ी उजागर हो जाएगा साथ ही जो किसान अभी भी धान बेचने के लिए बचे हुए है उनके घर में धान है या नहीं उसका भी सत्यापन करने की आवश्यकता है। बाजार में व्यापारियों को धान की खरीदी पर रोक लगाना चाहिए और अन्य जिला या राज्य से धान की परिवहन पर कड़ाई से रोक लगाए जाने की आवश्यकता है ।

# लोकार्पण एवं नवधा रामायण में परपोड़ा पहुंचे विधायक दीपेश साहू



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम परपोड़ा में लोकार्पण एवं नवधा रामायण पाठ सस्वर मानस मंडली का संगीतमय कार्यक्रम ग्रखा गया था, समापन के अवसर पर अंतिम दिन बेमेतरा विधायक दीपेश साहू पहुंचे, जहाँ सांस्कृतिक मानस भवन, ग्राम पंचायत परपोड़ा का किया लोकार्पण, गौड़ खनिज जनपद स्तर मद मूल्य चार लाख की लागत से भवन का निर्माण किया गया। जिसके मुख्य अतिथि विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, अध्यक्षता प्रीतम सिंह चंदेल, विशिष्ट अतिथि के रूप में रूप घनश्याम सिवारे, सुनील सिंह राजपूत और सरपंच संतोषी साहू, उप सरपंच डोमन साहू, सचिव धनीराम जांगड़े, पंच तेजराम साहू इनके साथ योगेश वर्मा, महेंद्र साहू, संरक्षक रामानंद जोशी, संदीप शर्मा, शंकर साहू, के साथ समस्त गांव के लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर दीपेश साहू विधायक बेमेतरा ने नरेंद्र मोदी की गारंटी की याद दिलाते हुए महतारी वंदन योजना की बात की और उनके सुशासन की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाई। उन्होंने आवास योजना, उज्ज्वला योजना और विकास के लिए छूटे हुए कार्यों को जल्दी करवाने आश्वासन दिया, सड़क, रोड, नाली, भवन और आवास के लिए ग्राम पंचायत के लोगों को आश्वासन दिया कि हर संभव मदद आप लोगों के लिए किया जाएगा। लोक कला मंच के चंद्र भूषण का महतारी कार्यक्रम का भी आनंद लेने के लिए ग्राम वासियों से उन्होंने अनुरोध किया और कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन से लोगों में जागरूकता और भाईचारे का माहौल बनता है। इस तरह के कोई भी आगे आयोजन होंगे उसके लिए हमारे द्वारा सहयोग किया जाएगा।

# राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा भारत एवं श्रमजीवी पत्रकार संघ के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय पत्रकार सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ◀ चांपा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा भारत एवं श्रमजीवी पत्रकार संघ के संयुक्त तत्वाधान में 12 जनवरी 2025, रविवार को आलोट मध्य प्रदेश में एक दिवसीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन आलोट में आयोजित होगा और इसमें देशभर के कई प्रमुख पत्रकार, नेता, और समाजसेवी भाग लेंगे।इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन-आलोट के सांसद अनिल फिरोजिया अपनी गरिमामयी उपस्थिति देंगे। अध्यक्षता जितेंद्र गहलोत पूर्व विधायक आलोट करेंगे। इसके अलावा, विशेष अतिथि के रूप में लाला भाई शंभू लाल, जिला पंचायत अध्यक्ष, रतलाम, और दलजीत सिंह गुरु दत्ता, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा भारत, भी शामिल होंगे एवं महानियंत्रक के.सी. यादव, राष्ट्रीय



पत्रकार मोर्चा भारत, और उपेंद्र सिंह यादव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं संरक्षक, इस कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण होंगे। कार्यक्रम का संचालन और मार्गदर्शन दीपक जैन, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, श्रमजीवी पत्रकार संघ, द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में नंदन राज जैन, विधानसभा संयोजक मती ममता विमल कुमार जैन, नगर परिषद अध्यक्ष, आलोट मुकेश परमार, नगर परिषद अध्यक्ष, ताल जितेंद्र सोनी, प्रधान संपादक, लोक स्वामी अनिल देश रला, उपाध्यक्ष, जय मालवा महासंघ मनीष सेठिया, अध्यक्ष, गोवर्धन गौशाला, आलोट इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ पत्रकार रामचंद्र शर्मा मीसाबंदी, ताल, और कपिल जंगलवा, अध्यक्ष आलोट, ने अपील की है। इसके अलावा, फिरोज शाह, सचिव आलोट, और राजाराम गायरी, उपाध्यक्ष ताल, ने भी अपने स्तर पर अधिक से अधिक पत्रकार साथियों से भाग लेने की अपील की है।यह सम्मेलन पत्रकारिता के मौजूदा परिदृश्य, चुनौतियों, और भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। और भिन्न पत्रकारिता में इस राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा में पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं इस संगठन में अनेकों दायित्वों को सौंपा जायेगा साथ में नियुक्ति पत्र देकर अपने संभागीय अध्यक्ष एवं सचिव बनाकर सभी जिलों में राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा संगठन बढ़ाने का कार्य करेगा और अपनी पत्रकारिता के क्षेत्र में एकजुटता और पारदर्शिता बनाए रखने हेतु ऐसे आयोजन समाज और पत्रकारों के लिए प्रेरणा स्रोत बनते हैं। सभी पत्रकार साथियों से अनुरोध है कि वे इस आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं और इसे सफल बनाएं।

### छत्तीसगढ़ के पत्रकारों की भागीदारी

इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के रायपुर जांजगीर-चांपा जिले से भी पत्रकार अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुणाल गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव भरत सोनी, प्रदेश अध्यक्ष राम सिंग नायर , राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, संतोष देवांगन, और विनोद यादव जैसे प्रतिष्ठित पत्रकार इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे।

## तीन दिवसीय बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम का भव्य आयोजन ग्राम नगझर में

**सक्ती।** सक्ती जिले क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगझर में 10 जनवरी 2025 से संत शिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की तीन दिवसीय जयंती कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है जिसमें प्रथम दिवस की मुख्य अतिथि चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव होंगे तो वही द्वितीय दिवस पर रामिन तोरेंद्र सोनवाने रहेगें



साथ ही समापन दिवस की मुख्य अतिथि जांजगीर लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े जी रहेगें आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवसागर मधुकर जी ने बताया कि हर साल की भाती इस वर्ष भी ग्राम नगझर में बाबा गुरु घासीदास की जयंती कार्यक्रम का भव्य आयोजन बड़ी धूमधाम मनाया जाएगा जिसमें क्षेत्र के सम्मानीय जनों को सादर आमंत्रित किया गया है साथ ही क्षेत्र के सभी श्रद्धालु व गायन वादन करने वाले कलाकारों को भी सादर आमंत्रित किया गया है।

# ध्यान रखें आप अपने परिवार के लिए हैं घर संसार इसलिए रहें सावधान : एएसआई मनोज राठौर

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात पुलिस ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात पुलिस के द्वारा इन दोनों जिले भर में आम जनों को दुर्घटनाओं से बचने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी में यातायात पुलिस के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर के नेतृत्व में यातायात पुलिस स्टाफसरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचा और यहां लगभग 1850 विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सड़क में वाहन चलाते समय किस तरह से सावधानियां बरतनी है इसकी जानकारी दी गई यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर ने विद्यार्थियों को बताया कि आप 16 वर्ष की उम्र में हल्के दो पहिया वाहन चला सकते हैं इसके लिए आरटीओ से लाइट लाइसेंस जारी किया जाता है वहीं 18 वर्ष की उम्र में स्थाई लाइसेंस के साथ बच्चे दो पहिया वाहन का प्रयोग कर सकते हैं और 20 वर्ष की उम्र में हल्के और भारी वाहन लाइसेंस के साथ वाहन चलाए जा सकता है राठौर ने कहा कि कभी भी सड़क में वाहन चलाते समय नशे का प्रयोग से बचना चाहिए जो की दुर्घटनाओं के लिए कारण बनता है वही दुर्घटनाओं से बचने के लिए हेलमेट का प्रयोग करें और कभी भी तीन सवारी बैठक वहां ना चलाएं राठौर ने कहा कि आप सभी अपने घर के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं आप ही से आपके माता-पिता भाई बहनों का घर संसार है इसलिएसड़क में वाहन चलाने के दौरान इस बात का ध्यान रखें और लापरवाही से बचते हुए हमेशा जागरूक रहे और नियमों का पालन करें इस अवसर पर यातायात पुलिस के अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे एएसआई मनोज राठौर ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी यातायात पुलिस के डीएसपी डीके सिंह के मार्गदर्शन और निर्देश पर यातायात पुलिस का या अभियान सतत रूप से चलता रहेगा इस दौरान आरक्षक खेमलाल साहू चंद्रप्रकाश बिजवाआर हेड कांस्टेबल मनोज दुबे भी मौजूद रहे।

# छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती में अंक बढ़ाने को लेकर गड़बड़ी का आरोप, कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में चल रही पुलिस भर्ती प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। इस मामले में अभ्यर्थियों ने पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक बिलासपुर महोदय को शिकायत पत्र सौंपकर गहराई से जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि भर्ती प्रक्रिया में फिजिकल टेस्ट के अंकों में धांधली की गई है, जिसमें कम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों के अंक बढ़ाकर अधिक दिए गए। एक उदाहरण में, राजनांदगांव जिले में लगभग 3000 छात्रों के अंकों को बढ़ाए जाने की शिकायत दर्ज हुई। वैसा ही बिलासपुर जिले के भर्ती प्रक्रिया पर




आरोप लगाया जा रहा है कि पैसे लेके अपने करीबियों का नंबर बढ़ाया जा रहा है। इस संदर्भ में, पुलिस ने 24 दिसम्बर को तकनीकी टीम की मदद से एक महिला अभ्यर्थी को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार भी किया है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि इस प्रक्रिया से ईमानदार और मेहनती छात्रों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने तत्काल जांच के साथ-साथ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और रिश्वत के आधार पर शामिल छात्रों को भर्ती प्रक्रिया से बाहर करने की मांग की। अभ्यर्थियों ने अपनी बात रखते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की मांग की है ताकि योग्य उम्मीदवारों के अधिकार सुरक्षित रहें।

# यातायात जागरूकता कार्यक्रम यातायात पुलिस विभाग द्वारा आयोजित किया गया

## विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गयी

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा, मुंगेली में 36वां सड़क सुरक्षा माह 2025 अंतर्गत यातायात जागरूकता कार्यक्रम यातायात पुलिस विभाग मुंगेली द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें हायर सेकेंड्री विभाग के दोनों माध्यम के विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गयी। कार्यक्रम में जिला यातायात प्रभारी द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से जागरूक करते हुए बताया गया कि वाहन चालक हमेंशा अपने बायी तरफ ही चले, चैंक आने पर अथवा ट्रैफिक जाम होने पर सिग्नल देखते हुए पूरे समय धैर्य से इंतजार करें, वाहन चलाते समय मोबाइल अथवा ईयर फोन का इस्तेमाल न करें, बिना हेलमेट व सीट बेल्ट



वाहन न चलाये, बिना लाईसेंस वाहन न चलायें, तेज गति से वाहन न चलायें आदि प्रेरक बातों का उल्लेख किया। उन्होने आगे कहा कि सड़क पर दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति का यथासंभव त्वरित कार्यवाही करते हुए स्वास्थ्य केन्द्र तक पहुंचाए। राष्ट्रीय राजमार्ग में किसी प्रकार की वाहन दुर्घटना होने पर टोल फ्री नं. 1033 पर डायल कर आवश्यक सहायता करें। अपने उद्बोधन में शाला प्राचार्य डॉ. आई.पी.यादव ने जीवन का महत्व समझाते हुए कहा कि सभी विद्यार्थीगण अपने साथ-साथ अपने आस-पास रहने वाले सभी व्यक्तियों को इन सब सावधानियों से अवगत करावें एवं नियम उल्लंघन से होने वाली अनहोनी घटनाओं से बचें। कार्यक्रम में सहायक उपनिरीक्षक यशवंत सिंह राजपूत, आरक्षक सीताराम बर्मन एवं अजित परिहार द्वारा सराहनीय सहयोग करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता महादेव यादव, राहुल वर्मा, उमाशंकर साहू, शबनम बानो, वंदिता गुप्ता, संध्या कुजूर, व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू आदि सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एव विद्याथीगण उपस्थित रहें।

# मारवाड़ी युवा मंच एवं जागृति शाखा द्वारा किया गया वृक्षारोपण



पायनियर संवाददाता ◀ चांपा
www.dailypioneer.com

मारवाड़ी युवा मंच एवं मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला जांजगीर द्वारा मंच स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर 20 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत कार्यक्रम के छठवें दिन दोनों शाखों के संयुक्त तत्वाधान में गौशाला स्कूल में वृक्षारोपण किया गया उक्त कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित थे।

इसी तरह मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा से अध्यक्ष शिखा अग्रवाल उपाध्यक्ष पूनम अग्रवाल सचिव बबीता गर्ग कोषाध्यक्ष कल्याणी भोपाल पुरिया उपस्थित थे उक्त शाखा का कार्यक्रम लगातार 20 दिनों तक संचालित होता रहेगा।

# ग्राम भदौरा निवासी सत्यवती चतुर्वेदी के बोन ट्यूमर बीमारी का सफल ऑपरेशन किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

अत्याधुनिक सुविधाओं एवं बेहतर डॉक्टरों की टीम के साथ मुंगेली जिला अस्पताल मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में बेमेतरा जिले के नवागढ़ ब्लाक के ग्राम भदौरा निवासी सत्यवती चतुर्वेदी के बोन ट्यूमर बीमारी का सफल ऑपरेशन किया गया। सत्यवती पिछले 06 माह से बाएं पैर की एड़ी के ऊपर सूजन और दर्द के कारण काफी परेशान थी। उन्होंने आस-पास इलाज कराया पर कोई समाधान नहीं मिला। आर्थिक तंगी के कारण महंगे निजी अस्पतालों में इलाज करना संभव नहीं था। ऐसे में उन्होंने जिला चिकित्सालय मुंगेली में संपर्क किया। यहां पर अस्थि रोग विशेषज्ञों द्वारा जांच एवं एक्सरे किया गया और उनके बाएं पैर की फीबुला हड्डी में बोन ट्यूमर बीमारी का होना पाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर ने



बताया कि सिविल सर्जन डॉ. एम.के.राय के नेतृत्व में विशेषज्ञ डॉक्टरो की टीम द्वारा पूरी संवेदनशीलता एवं कुशलतापूर्वक सत्यवती के इस जटिल हाई रिस्क सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया और सत्यवती ने बताया कि पहले चलने में काफी परेशानी होती थी, पैर में दर्द रहता था। निजी अस्पताल में इलाज कराने से लाखों रुपए खर्च होते, लेकिन जिला चिकित्सालय में उनका बिना पैर काटे सफल ऑपरेशन हुआ है। इससे वह काफी खुश है।

उन्होंने मुख्यमंत्री, कलेक्टर और जिला चिकित्सालय की पूरी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि अब उन्हें कोई परेशानी नहीं है। वह अपने दैनिक कार्यो को आसानी से कर सकेगी।

# प्रशासन द्वारा लोरमी विकासखंड के ग्राम बोड़तरा कला में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देश पर कॉल सेंटर के प्रकरणों का प्रशासनिक अमलो द्वारा त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रशासन द्वारा लोरमी विकासखंड के ग्राम बोड़तरा कला में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। शासकीय प्राथमिक शाला बोड़तरा कला में आवागमन वाली सड़क पर तारण साहू एवं लीलाबाई द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर दीवार का निर्माण किया गया था, जिसके कारण शिक्षक एवं बच्चों को स्कूल आने-जाने में काफी असुविधा हो रही थी। इससे विद्यालय का समस्त कार्य प्रभावित हो रहा था। स्थानीय व्यक्ति ने इसकी शिकायत जिला कलेक्टोरेट स्थित कॉल सेंटर में दर्ज कराई। जिस पर कलेक्टर द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए एसडीएम अजीत पुजारी के नेतृत्व में तहसीलदार एवं राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया और



अतिक्रमण हटाकर स्कूल के लिए रास्ता खुलवाया गया। रास्ता खुलने से शिक्षकों और बच्चों को स्कूल आने-जाने में कोई परेशानी नहीं हो रही है। शिक्षण का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार सी.पी. सोनी, शांतनु तारम सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव के मंशानुरूप एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों के समाधान के लिए प्रशासन द्वारा जिला कलेक्टोरेट परिसर में कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा है। आमजन कॉल सेंटर के नम्बर 9406275513, 9406275514, 9406275534, 9406275535, 8641002203 पर संपर्क कर अपनी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों को घर बैठे दर्ज कर सकते हैं और इनका उचित समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

# यादव समाज द्वारा मातर मड़ई का आयोजन

## हमारी संस्कृति धरोहर यादव समाज की पहचान : संजय यादव

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

विधानसभा के ग्राम घोरपुरा मातर मड़ाई में शामिल हुए संजययादव' मुंगेली विधानसभा ग्राम घोरपुरा जिला मुंगेली यादव समाज द्वारा मातर मड़ई का भव्य आयोजन सफल रहा। संजय यादव ने कहा हमारी संस्कृति धरोहर यादव समाज की पहचान। इसे हमें आगे भी इस परंपरा को बचाए रखना है यादव समाज हमेशा गौ सेवक के नाम से जाने जाते हैं गौ माता जो पूरे विश्व की पूजनीय एवं जीवन तारिणी मानी जाती है यादव समाज हमेशा सभी वर्गो को साथ लेकर चलने वाला समाज के नाम से जाने जाता है इस महोत्सव जिसमें मुख्य अतिथि पुन्नुलाल मोहले पूर्व खाद्य मंत्री व विधायक मुंगेली धनीराम यादव मुंगेली अध्यक्ष पाच राज यादव महा समीति संजय यादव मुंगेली उपाध्यक्ष पाच राज यादव महा समीति रामकुमार यादव जनपद सदस्य उर्मिला यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक यादव अधियारखोर अध्यक्ष



राजनीति कमेटी पाच राज टेकलाल यादव धोघट्टी संगठन मंत्री पाच राज यादव महा समीति श्रीराम यादव मुंगेली देवी शंकर यादव उमरिया गौटेया नवागढ़ राज प्रेमलाल यादव मुंगेली देवान नवागढ़ राज सुरज यादव संयोजक यादव समाज नवागढ़ राज महेन्द्र यादव रामगढ़ अध्यक्ष यादव समाज नवागढ़ राज रमेश यादव जमहा संजय यादव लोहडिया उपाध्यक्ष यादव समाज नवागढ़ राज घनश्याम यादव कोषाध्यक्ष सर्व यादव समाज तहसील मुंगेली। इसी कार्यक्रम में मातर मड़ई में नृत्यक दल दस टीम आये थे बहुत ही शानदार प्रस्तुति। सबसे प्रथम भगवान श्री कृष्ण के प्रतिमा में श्रीफल माल्यार्पण करते हुए पुन्नुलाल मोहले विधायक मुंगेली धनीराम यादव मुंगेली अध्यक्ष पाच राज यादव महा समीति संजय यादव उपाध्यक्ष पाच राज यादव महा समीति। मोहले ने अपने उदबोधन में घोषणा करते हुए यादव समाज सामुदायिक भवन के लिए दो लाख एवं साथ में आयोजन समिति को पच्चीस हजार देने की घोषणा कि साथ में सप्ताह में प्रत्येक रविवार को बाजार भराने का अनुशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोंष यादव सुरज यादव जल्ला यादव संजय यादव कोहडिया आदि साथ में समस्त यादव समाज ग्राम घोरपुरा रहे।

## पेयजल के लिए ना तो लंबी दूरी तय करनी पड़ती है और न ही इंतजार, महिलाओं की मुश्किलें हुई दूर

# ग्राम हिराडबरी के निवासियों के लिए संजीवनी साबित हुआ जल जीवन मिशन

पायनियर संवाददाता ◀ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

पेयजल मनुष्य की बुनियादी और सर्वप्रमुख आवश्यकता में से एक है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के बहुत बड़े वर्ग को पेयजल एवं निस्तारी हेतु पानी की उपलब्धता के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। यहां की बड़ी जनसंख्या को समुचित मात्रा में पेयजल सुनिश्चित नही हो पा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र सरकार के द्वारा राष्ट्रीय जल जीवन मिशन योजना के तहत देश के हर घर में नल कनेक्शन प्रदाय कर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हेतु कार्य किया जा रहा है। यह योजना देश लोगों के स्वास्थ्य उन्नयन के लिए कारगर योजना साबित हो रहा है। जिले के विकासखण्ड-सूरजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत-सम्बलपुर के ग्राम हिराडबरी के ग्रामीणों को पेयजल एवं निस्तारी हेतु समुचित मात्रा में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने से आज यह योजना ग्रामवासियों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। इस योजना के शुरू होने के



पूर्व ग्राम हिराडबरी के ग्रामीणों को दूर जाकर पानी का प्रबंध करना पड़ता था। पूर्व में ग्रामीण पीने के पानी के लिए कुएँ पर निर्भर थे जिसमें गर्मीयों के मौसम में जल स्तर कम होने से पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं हो पाता था तथा बरसात आने पे कुएँ में मटमैला पानी भर जाता है। जिसमें पीने का पानी की बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो जाती थी। परन्तु इस योजना के सफल क्रियान्वयन के फ्लस्वरूप ग्राम की महिलाओं को काफी सुविधा हो रही है। ग्रामीण महिलाएं को पानी के लिए काफी समस्या का सामना करना पड़ता था। जिसके कारण उन्हें समय पर अपने घरेलु जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में कठिनाई होती थी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम के सभी घरों में नल के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल एवं निस्तारी हेतु समुचित मात्रा में पानी की प्रबंध के लिए किसी प्रकार की कठिनाई नही हो रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना से अब पानी सुबह शाम दो समय घरों तक उपलब्ध होता है। जिससे ग्रामवासी बहुत खुश और लाभान्वित नजर आये। इस योजना की सराहना करते हुए ग्राम के लोगों ने कहा कि निश्चित रूप से इस योजना के फ्लस्वरूप हम ग्रामीणों के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव हुआ है। हमारे सेहत की सुरक्षा के साथ-साथ समय की भी बचत हो रही है। अब हम घरेलु एवं अन्य जरूरी कार्यो को समय पर कर पा रहे हैं। अब ग्रामीण सुखद भविष्य के लिए पूरी तरह से आशान्वित होकर जल संकट की समस्या से भी मुक्त हुए हैं। उन्होंने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया है।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद छत्तीसगढ़

// अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा क्रमांक 13/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड 2025 गरियाबंद, दिनांक 06/01/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल पद्धति निविदा प्रपत्र ''अ'' में नीचे उल्लेखित कार्य हेतु आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | टीप |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गरियाबंद जिले अंतर्गत के राजिम नगर में राजिम कुंभ (कल्प) मेला 2025 में पेयजल व्यवस्था हेतु अस्थाई जी.आई.पाईप लाईन विस्तार कार्य 6550 मी, एवं एच.डी.ई.पी. टंकी स्थापना कार्य दिये गये शेड्यूल अनुसार। | 9.08 लाख | 6810/- | एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन की श्रेणी ''द'' एवं उच्च श्रेणी |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक 14-01-2025 तक देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
गरियाबंद (छ.ग.)

G-242505195/2

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक समारू राम पिता बानूराम निवासी ग्राम तिरैया तहसील बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 640/2 रकबा 0.10 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.10 हे. भूमि को आवासीय सह व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति का संस्था उजर-दावा हो तो दिनांक 15/01/2025 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5:00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं तथा समय पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बेरला, जिला-बेमेतरा

## शपथ पत्र

मैं ओमप्रकाश देशमुख आ. हिरूराम देशमुख जाति-कुर्मी, साकिन-वार्ड नं. 12, दल्लीराजहरा तह.डौंडी जिला-बालोद छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं कि:-

1. यह कि मैं ग्राम वार्ड नं. 12 दल्ली राजहरा तह. डौडी जिला बालोद छ.ग. का मूल निवासी हूं। मेरा वास्तविक वो सही नाम ओमप्रकाश देशमुख आ. हिरूराम देशमुख है जो कि मेरे समस्त शैक्षणिक अभिलेखो आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित है।
2. यह कि जब मेरे नाम पर आर.टी.ओ से हैवी ड्रायविंग लायसेंस प्रदान किया गया था उसमें मेरा नाम ओम प्रकाश आ. हीरू राम अंकित हो गया है जबकि मेरे विभिन्न दस्तावेजों में मेरा नाम ओमप्रकाश देशमुख आ. हिरूराम देशमुख अंकित है। अतः मैं अपने ड्रायविंग लायसेंस में अपना नाम ओमप्रकाश देशमुख आ. हिरूराम देशमुख अंकित करवाना चाहता हूं।
3. यह कि मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि विभिन्न अभिलेखों में दर्ज नाम ओमप्रकाश देशमुख आ. हिरूराम देशमुख एवं ड्रायविंग लायसेस में दर्ज नाम ओम प्रकाश आ. हीरू राम मेरे एक ही व्यक्ति का ही नाम है। यदि बाद में उक्त दोनों नाम अलग-अलग व्यक्ति का होना पाया गया तो उसकी पूरी जवाबदारी मुझपर होगी।
4. यह कि मुझे अपने ड्रायविंग लायसेंस में अपना नाम ओमप्रकाश देशमुख आ. हिरूराम देशमुख दर्ज करवा कर नया ड्रायविंग लायसेंस प्राप्त करने हेतु श्रीमान अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय बालोद के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस शपथपत्र की आवश्यकता है, अतः शपथ पत्र प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता

### सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा शपथपत्र की कंडिका 1 से 4 में दी गई जानकारी सत्य व सही हैं। आज दिनांक 26/12/2024 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया हूँ।

शपथकर्ता

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से बेहतर हुई जशपुर जिले की स्वास्थ्य सुविधाएं

## कैंसर के इलाज में कर्ज बोझ तले दबा था राम प्यारे का जीवन, दीर्घायु वार्ड में मिला निःशुल्क उपचार



अपनी कहानी बयान कर रहे हैं।

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के शासकीय अस्पतालों की सुविधाओं में लगातार विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से राज्य के मरीजों का विश्वास सरकारी अस्पतालों के प्रति मजबूत हुआ है। जशपुर के रामप्यारे और दीनदयाल स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर

### राम प्यारे को दीर्घायु वार्ड में मिला नि:शुल्क उपचार

कैंसर का उपचार कराने में मेरी पूरी जमा पूंजी खत्म हो गयी घर बेचने तक की नौबत आ गयी, ऐसे में जिला अस्पताल का दीर्घायु वार्ड मेरे लिए संकटमोचक बना जहां मुझे निःशुल्क उपचार के साथ दवाइयां भी मिल रहीं हैं। ये कहना है राजापारा निवासी 60 वर्षीय रामप्यारे राम का। राम प्यारे शासकीय मॉडल स्कूल में भृत्य के पद पर कार्यरत हैं। कई सालों से उनके पेट में दर्द एवं जलन की शिकायत थी। प्रारम्भ में जब राम प्यारे ने अम्बिकापुर में निजी अस्पताल में जांच कराई तो पेट में अल्सर होने की बात कह कर चिकित्सकों ने ईलाज प्रारम्भ किया। दो साल तक उपचार होने के बाद आराम ना मिलने पर उन्होंने रायपुर के निजी अस्पताल में अपने ईलाज कराया। जांच में पता चला कि उन्हें अमाशय का कैंसर है। वहां से दूसरे निजी अस्पताल रेफर किया गया। जहां उनका एक साल तक उपचार चला। इस ईलाज में उनकी घर की सारी जमा पूँजी खत्म हो गयी। स्थिति ऐसी बनी कि उन्हें अपना घर बेचने तक की नौबत आ गयी थी। वे कर्ज के बोझ तले दबते चले गए। बच्चों ने जहां से बन पड़ा कर्ज लेकर ईलाज कराने की कोशिश की। ऐसे में उन्हें जिला अस्पताल में निःशुल्क उपचार के संबंध में जानकारी मिली। उन्होंने यहां पर अपना उपचार कराना प्रारम्भ किया। अब उन्हें ईलाज के लिए बार बार रायपुर के चक्क र नहीं लगाने पड़ते। राम प्यारे बताते हैं कि उनके ईलाज में प्रति माह 90 हज़ार से 1 लाख तक हो जाते थे। ऊपर से आने जाने और अन्य खर्चे अलग से करना पड़ता था। यहां पर उपचार निःशुल्क हो जाता है और कहीं जाने के खर्च की भी जरूरत नहीं पड़ती। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं शासन का धन्यवाद दिया।

### दीनदयाल की परेशानी में आशा की राह बना दीर्घायु वार्ड

कांसाबेल के कैंसर पीड़ित मरीज दीनदयाल यादव ने बताया कि उन्हें सितम्बर 2023 से कई शारीरिक दिक्क तों का सामना करना पड़ रहा था। पहले जब जांच कराई तो हैड्रोसिल की समस्या का पहचान कर उसका ईलाज किया गया। पर शारीरिक व्याधि फिर भी बढ़ती रही पेट में सूजन हो गया। एक दिन वे घर पर काम करते हुए बेहोश हो गए तो 2-3 दिनों तक बेहोशी की हालत में कुनकुरी में ईलाज चलता रहा। जहां बीमारी का ज्ञान ना होने पर अम्बिकापुर में भी जांच हुई तो चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रायपुर जाने की सलाह दी। जहां पर चिकित्सकों की जांच में किडनी का कैंसर होने की बात सामने आई। घर में राजमिस्त्री का कार्य कर पूरे घर की जिम्मेदारी अपने ऊपर उठाने वाले दीनदयाल की इस हालत से पूरे परिवार में डर का माहौल फैल गया था, पर डॉक्टरों ने समझाया की उन्हें आर्थिक बोझ ना हो इसके लिए वे अपने जिले में ही इसका उपचार करा सकते हैं। जब वे जशपुर आये तो दीर्घायु वार्ड में उनका निःशुल्क उपचार आयुष्मान कार्ड योजना द्वारा प्रारम्भ हुआ। दीनदयाल का जहां बिस्तर से उठना बोलना भी दूभर हो गया था। अब धीरे-धीरे वह ठीक होने लगे हैं वे अब खुद उठ कर बैठने की अवस्था में आ गए हैं। इसके लिए दीनदयाल एवं उनकी प ी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी धन्यवाद दिया।

# राज्य स्तरीय मेंबरशिप ग्रोथ वर्कशॉप में चमन सोरी एवं संजना हरमिट ने किया जिले का प्रतिनिधित्व

## डॉ. सोमनाथ यादव ने छत्तीसगढ़ की स्काउटिंग को नई ऊंचाई पर ले जाने किया आह्वान

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






भारत स्काउट एवं गाइड राज्य कार्यालय रायपुर के निर्देशानुसार तथा राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के कुशल मार्गदर्शन में तथा कैलाश सोनी राज्य सचिव के नेतृत्व में एवं मोहम्मद शादिक शेख कोऑर्डिनेटर के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य भर सेआए हुए सभी जिलों के जिला पदाधिकारियों को दो दिवसीय मेंबरशिप ग्रोथ वर्कशॉप में 33 शैक्षणिक जिले के सम्मिलित प्रतिभागियों से सोमनाथ यादव ने कहा कि सटीक कार्ययोजना और समन्वय के साथ काम किया जाए तो किसी भी लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। मेम्बरशिप ग्रोथ के तहत राज्य की रणनीति तैयार की गई है। अब प्रत्येक जिलों की जिला स्तरीय रणनीति को अंतिम रूप देना है। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. यादव ने कहा कि स्ट्रेटजी प्लान और मेम्बरशिप ग्रोथ के लिए आवश्यक सहयोग और संसाधन राज्य मुख्यालय द्वारा जिलों को उपलब्ध कराए जाएंगे। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय, रायपुर द्वारा इंडस पब्लिक स्कूल, दीपका, कोरबा में आयोजित वर्कशॉप के उद्घाटन सत्र के अति विशिष्ट अतिथि एसीबी इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक (प्रशासन) कैप्टेन एके सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड जैसे संगठनों की गतिविधियां युवाओं को नैतिकता का पाठ पढ़ाती है और उनके भीतर देश भक्ति, समाज सेवा का जज़्बा पैदा करती है। दो दिवसीय मेम्बरशिप ग्रोथ वर्कशॉप में मुख्य रूप से जिला संगठन आयुक्त एवं कुछ जिलों से जिला सचिव, जिला सयुंक्त सचिव, स्काउटर, गाइडर की भी भागीदारी रही। इसी कड़ी में भारत स्काउट एंड गाइड जिला संघ कोंडागांव के जिला संगठन आयुक्त भीषभदेव साहू के कुशल मार्गदर्शन में इस कार्यशाला में चमन लाल सोरी जिला सचिव एवं जिला संगठन आयुक्त गाइड संजना हरमीट ने कोंडागांव जिला का प्रतिनिधित्व किया।

# सत्यवती को अब नहीं होगी चलने में परेशानी

## जिला अस्पताल मुंगेली में बोन टयूमर का हुआ सफल ऑपरेशन



पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य सुविधाओं एवं बेहतर डॉक्टरों की टीम के साथ मुंगेली जिला अस्पताल मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में बेमेतरा जिले के नवागढ़ ब्लाक के ग्राम भदौरा निवासी सत्यवती चतुर्वेदी के बोन ट्यूमर बीमारी का सफ्ल ऑपरेशन किया गया। सत्यवती पिछ्ले 06 माह से बाएं पैर की एड़ी के ऊपर सूजन और दर्द के कारण काफी परेशान थी। उन्होंने आस-पास इलाज कराया पर कोई समाधान नहीं मिला। आर्थिक तंगी के कारण महंगे निजी अस्पतालों में इलाज करना संभव नहीं था। ऐसे में उन्होंने जिला चिकित्सालय मुंगेली में संपर्क किया। यहां पर अस्थि रोग विशेषज्ञों द्वारा जांच एवं एक्सरे किया गया और उनके बाएं पैर की फीबुला हड्डी में बोन ट्यूमर बीमारी का होना पाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर ने बताया कि सिविल सर्जन डॉ. एम.के.राय के नेतृत्व में विशेषज्ञ डॉक्टरो की टीम द्वारा पूरी संवेदनशीलता एवं कुशलतापूर्वक सत्यवती के इस जटिल हाई रिस्क सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया और सत्यवती ने बताया कि पहले चलने में काफी परेशानी होती थी, पैर में दर्द रहता था। निजी अस्पताल में इलाज कराने से लाखों रुपए खर्च होते, लेकिन जिला चिकित्सालय में उनका बिना पैर काटे सफल ऑपरेशन हुआ है। इससे वह काफी खुश है। उन्होंने जिला चिकित्सालय की पूरी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि अब उन्हें कोई परेशानी नहीं है। वह अपने दैनिक कार्यो को आसानी से कर सकेगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने बताया कि सत्यवती को स्वास्थ्य लाभ के लिए रेड क्रॉस और जन औषधि के माध्यम से 05 हजार रुपए का चेक भी प्रदान किया गया।

# देश भर के सुप्रसिद्ध डॉक्टर एकत्रित होंगे शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में

## हेमोफीलिया, सिकल सेल बीमारी के एआई बेस्ड एडवांस ट्रीटमेंट पर होगी विस्तृत चर्चा

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ज़ोर दिया हैं। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी की पहल और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के पैथोलॉजी विभाग द्वारा दिनांक 10 जनवरी से 12 जनवरी तक इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलाजिस्ट्स एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स के (कैप्कॉन 2024-25) छत्तीसगढ़ चैप्टर का तीन दिवसीय 20वाँ वार्षिक वर्कशॉप और कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की परिस्थिति को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए इस कॉन्फ्रेंस का विषय अनलॉकिंग द सीक्रेट्स ऑफ डिजीज, एडवांसेज पैथोलॉजी (पैथोलॉजी में रोगों की प्रकृति के रहस्यों को पता लगाना) स्वास्थ्य से संबंधित रखा गया है। इस कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं पड़ोसी राज्य के समस्त चिकित्सक, पैथोलॉजिस्ट एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अधिकारी सहित 200 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति की संभावना है। रायगढ़ में छत्तीसगढ़ चैप्टर इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलाजिस्ट्स एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स का पहला कॉन्फ्रेस होने जा रहा हैं। कॉन्फ्रेंस के आयोजक अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार मिंज ने बताया कि सम्मेलन के दौरान देश के प्रख्यात चिकित्सक संबंधित विषय में एक-दूसरे से अपने अनुभव साझा करेंगे। इसका लाभ जनसामान्य के साथ शामिल सभी चिकित्सक पैथोलाजिस्ट सहित पीजी छात्र छात्राओ को पहुंचेगा। कॉन्फ्रेंस में ब्लीडिंग डिसऑर्ड्स एण्ड कॉगुलेशनडिस ऑर्डर जैसे हैमोफ़िलिया, इम्युनियो हिस्टो-केमिस्ट्री पर कैंसर इत्यादि में निश्चित डायग्नोसिस (निदान), एआई के साथ पैथोलॉजी का सही सरल उपयोग तथा डाटा बेस डिजिटल सोल्यूसन्, सिकल सेल बीमारी का उन्नत आधार पर उपचार, गांठ के सुई से जाँच की पैथोलॉजी निदान तकनीक में वैज्ञानिक निष्कर्ष, स्टोरमिंग सेशन एण्ड प्रेज़ेंटेशन, ऑटोप्सी केयर क्लिनिको पैथोलॉजिकल कॉन्फ्रेंस एंड केस डिस्कशन, विश्व स्वास्थ्य संगठन 5वें संस्करण से मूत्राशय के ट्यूमर को बेहतर ढंग से निदान, नरम ऊतक ट्यूमर के निदान के लिए दृष्टिकोण, बॉर्डरलाइन डिम्बग्रंथि ट्यूमर दुविधाओं को दूर करना एवं अप्रोच टू नेटिव रीनल (किडनी) बायोप्सी विषयों पर चर्चा होगी।

# स्कूलों सहित आश्रम-छात्रावासों में आयोजित किया जा रहा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गाँधी के मार्ग दर्शन में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 12 अप्रैल 2024 से 08 जनवरी 2025 तक विकासखंड नगरी, धमतरी, कुरूद एवं मगरलोड के स्कूलों में शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं का मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अब जिले के सभी छात्रावास, आश्रम के अधीक्षकों के प्रशिक्षित होने के बाद छात्रावास, आश्रम के सभी छात्र-छात्राओं का 6 जनवरी 2025 से कार्यशाला आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत अब तक कुल 185 छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य का प्रशिक्षण दिया गया है। इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य हमारे रोजमर्रा के अनुभवा का हिस्सा, शारीरिक स्वास्थ्य की तरह, हम सभी के पास मानसिक स्वास्थ्य है, अच्छा मानसिक स्वास्थ्य हमारे जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है और अपनी भावनाओ को कैसे नियंत्रित एवं अभिव्यक्त करते है, जिसका हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पडता है के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही बच्चो में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओ को समझना जैसेः- बुलइंग, हिंसा, आर्थिक परेशानी, शैक्षाणिक समस्याए, नशीले पदार्थ का उपयोग, परिवार का साथ छुट जाना, शारीरिक बिमारी इत्यादि के बारे में भी जानकारी दी गई। इसमें स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, भारतीय रेडक्रास सोसायटी एवं यूनिसेफ के सहयोग से स्कूल के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित कार्यशाला में मास्टर प्रशिक्षक के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए किशोरों में होने वाले मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं एवं उपाय के बारे में विभिन्न खेल व एक्टिविटीज जैसे सांप सिढी, भावना चक्र, भावनात्मक पाबंदी इत्यादि के जरिए समझाया गया। गौरतलब है कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों के मनोवैज्ञानिक विकास को बढ़ाना तथा परीक्षा व कॅरियर के दबाव आदि को कम कर बेहतर तनाव प्रबन्धन के गुण सीखाना हैं।

# स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से एमसीबी में मोतियाबिंद का ऑपरेशन प्रारंभ

## 17 लोगों को मिली नेत्र ज्योति

पायनियर संवाददाता ◀ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के प्रयासों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ में मोतियाबिंद ऑपरेशन प्रारंभ हो गया है। डॉ. अविनाश खरे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आधिकारी मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक व डॉ. पुष्पेंद्र सोनी, डॉ. एस. एस. सिंह बीएमओ के मार्गदर्शन में सोमवार को 17 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन डॉ. आर.एस. सेंगर नेत्र विशेषज्ञ द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि विगत जुलाई माह में बारिश के कारण ऑपरेशन थियेटर में नमी आ जाने के कारण ऑपरेशन को बंद किया गया था। ओटी की रिपेयरिंग कराने के बाद कल्चर नेगेटिव आने के बाद ओटी में ऑपरेशन शुरू हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा डॉ. मनोज सिंह आई सर्जन बिलासपुर और डॉ. उमा खापर्डे अपनी सेवाएं जिला चिकित्सालय में दे रहे हैं। अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ में ऑपरेशन लगातार जारी रहेगा, इसके साथ ही आवश्यक दवाई संसाधन की व्यवस्था भी की जा रही हैं। नेत्र ऑपरेशन में डॉ. सेंगर के अलावा आर. डी. दीवान सहायक नोडल अधिकारी (अंधत्व), किरण वर्मा, अल्पना पटेल, प्रियंका साहू, दशरथ राम, रामकरण साहू, रजनीश कुमार एवं गिरधारी ने सफल नेत्र ऑपरेशन में सहयोग दिया।

# विष्णु के सुशासन में मरीजों के स्वास्थ्य सुविधाओं का हो रहा लगातार विस्तार

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीज के परिजनों को खून की जांच कराने के लिए सैंपल लेकर पैथोलॉजी लैब नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल में भर्ती अंतः रोगी मरीजों के लिए प्रबंधन ने बड़ा फैसला लिया है। अब वार्ड में भर्ती सभी मरीजों के पैथोलॉजिकल जांच के लिए उनका ब्लड सैंपल वार्ड में एकत्रित कर वार्ड बॉय द्वारा पैथोलैब तक पहुंचाया जाएगा और जांच पश्चात् ब्लड रिपोर्ट एकत्रित करके उसे संबंधित वार्ड में ऑन ड्यूटी नर्स को दिया जाएगा। अम्बेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर मेडिसिन मेल वार्ड क्र. 8 एवं 9 तथा मेडिसिन फीमेल वार्ड क्रं. 10 एवं 11 में भर्ती मरीजों के लिए यह व्यवस्था शुरू की गई है। धीरे-धीरे सभी वार्डों में सैंपल कलेक्शन सिस्टम की यह व्यवस्था लागू हो जाने के बाद मरीजों को सबसे बड़ी राहत मिलेगी और उनके अटेंडर को भी जांच के लिए ब्लड सैंपल को लेकर पैथोलॉजी लैब तक नहीं जाना पड़ेगा। रिपोर्ट भी उनको समय पर मिल जायेगा। विदित हो कि 1340 बेड के अम्बेडकर अस्पताल में रोजाना 950 से भी अधिक मरीज भर्ती रहते हैं। वहीं प्रतिदिन लगभग 260 नये मरीज अतः रोगी विभाग (आईपीडी) में भर्ती होते है। यहाँ विभिन्न विभागों के बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में आने वाले मरीजों की संख्या प्रतिदिन लगभग दो से ढाई हजार रहती है। ओपीडी के अलावा इमरजेंसी में आने वाले मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन चौबीस घंटे खून जांच एवं रेडियोलॉजी जांच की व्यवस्था रहती है।

# जिला मुख्यालय में नशामुक्ति सह पुनर्वास सह संचालित

पायनियर संवाददाता ◀ बलरामपुर
www.dailypioneer.com




समाज कल्याण विभाग के उप संचालक चन्द्रमा यादव ने बताया है कि विकासखण्ड बलरामपुर मुख्यालय के मिशन रोड में समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त नशा मुक्ति सह पुनर्वास केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। इस नशामुक्ति सह पुनर्वास केन्द्र में जिले के नशा पीडित व्यक्तियों को रख कर उनकी काउन्सलिंग की जाती है तथा केन्द्र में योग प्रणायाम आवश्यकता अनुसार दवाईयां आदि भोजन रहने की सुविधा सभी निःशुल्क है। केन्द्र में विशेषज्ञ काउन्सलर के माध्यम से नशा पीड़ित व्यक्ति की काउन्सलिंग की जाती है तथा उन्हें नशा से होने वाले दुष्प्रभावों के सबंध में जागरूक किया जाता है। इस प्रकार किसी भी प्रकार के नशा से पीडित व्यक्तियों को नशा मुक्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र में निःशुल्क आवास, पौष्टिक भोजन, उपचार, काउंसिलिंग, नशे के प्रति जागरूक, जीवन कौशल की शिक्षा, योग के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। इस केन्द्र में नशा पीड़ित स्वयं या परिवार के सदस्यों द्वारा, पुलिस द्वारा या अन्य अधिकारियों तथा आमजनों द्वारा नशा से पीड़ित व्यक्ति को प्रवेश दिलाया सकता है। प्रवेश हेतु कोई शुल्क नहीं लगता है। सभी सेवायें निःशुल्क है। अतः जो भी नशा के आदी हो उसकी सहायता हेतु केन्द्र में प्रवेश दिलाया जा सकता है। प्रवेश हेतु श्री प्रभाकर द्विवेदी केन्द्र संचालक के मोबाइल नंबर 73892-06101 पर या श्री चन्द्रमा यादव उपसंचालक समाज कल्याण विभाग के मोबाईल नम्बर 99933-95391 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# दृष्टिबाधित बच्चों के लिए उपलब्ध कराया गया 'एनी डिवाइस'

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



वर्तमान समय में दिव्यांग छात्र छात्राओं को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नये-नये तकनीक और उपकरणों का शिक्षा के क्षेत्र में समावेश किया जा रहा है। ताकि दिव्यांग बच्चों के शैक्षणिक विकास को एक नया दिशा दिया जा सके। और हम सभी जानते है कि ब्रेल लिपि के माध्यम से दृष्टिबाधित व्यक्ति पढ़ने लिखने में सामर्थ्य हासिल कर सकते है दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के गीदम विकासखंड अन्तर्गत जावंगा में स्थित आवासीय विद्यालय ''सक्षम'' का संचालन किया जा रहा है। यह छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा संस्थान हैं जहां दिव्यांग बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। यहां वर्तमान में विभिन्न दिव्यांग श्रेणी के 94 बालिकाओं, एवं 90 बालक अध्ययनरत है इनमें 16 बालिकाएं एवं 12 बालक दृष्टिबाधित श्रेणी में है। इस संस्थान में बच्चों को सर्वांगीण शिक्षा के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने के सभी उपाय किए जा रहे हैं। यहां बच्चे अपने दैनिक कार्यों को आसानी से पूरा कर लेते हैं। ये बच्चे दूसरे बच्चों की तरह सामान्य स्कूलों में सुबह की पाली में जाते हैं। दोपहर को इनकी विशेष प्रशिक्षण की कक्षाएं होती हैं जहां इनकी जरूरतों के अनुरूप इन्हें चीजें सिखायी जाती हैं। इसके साथ ही जिला प्रशासन के प्रयास अनुरूप दंतेवाड़ा जिले में नेत्रहीन बच्चों के लिए शिक्षा और तकनीक का जो समावेश हो रहा है, वह एक सराहनीय पहल है। इस क्रम में जिला प्रशासन द्वारा सक्षम स्कूल में दृष्टिबाधित बच्चों को एक विशेष उपकरण 'एनी डिवाइस' प्रदान किया गया है। दृष्टिबाधित बच्चों के लिए एक क्रांतिकारी उपकरण यह एक स्मार्ट लर्निंग टूल है, जो ब्रेल लिपि सीखने और पढ़ने में बच्चों की मदद करता है। एनी डिवाइस खासतौर पर उन बच्चों के लिए डिजाइन किया गया है जो देखने में असमर्थ हैं। यह डिवाइस टच और ऑडियो फीचर्स के माध्यम से बच्चों को ब्रेल अक्षरों को पहचानने और लिखने में सहायता करता है।

### बच्चों को होने वाले फायदे

एनी डिवाइस से बच्चे ब्रेल लिपि आसानी से सीख सकते है। इसके साथ ही यह डिवाइस बच्चों को आत्मनिर्भर बनने में मदद करता है, जिससे वे अपनी पढ़ाई में दूसरों पर कम निर्भर रहते हैं। सीखने का यह नया तरीका बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करता है। जिला प्रशासन का यह प्रयास दृष्टिबाधित बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। 2013 में सक्षम विद्यालय की स्थापना से लेकर अब ब्रेल लिपि के उन्नयन और एनी डिवाइस के उपयोग तक, यह प्रयास नेत्रहीन बच्चों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है। इस संबंध में बच्चों को पढ़ा रहे शिक्षक अमित यादव ने बताया कि 2015 से ब्रेल लिपि बच्चों को पढ़ा रहे है लेकिन अब जिला प्रशासन के सहयोग से हमें एक नया डिवाइस मिला है पहले ब्रेल मशीन में एक साथ लिख सकते थे लेकिन अब एनी डिवाइस के माध्यम से बच्चे और अच्छे से पढ़ाई कर सकते है और अन्य प्रकार की सुविधा मिलेगी, जिससे बच्चों और अच्छे से पढ़ पाएगें। ब्रेल लिपि पहले से ही नेत्रहीन बच्चों के लिए पढ़ने-लिखने का एक अनूठा साधन है। अब इस नई तकनीक, एनी डिवाइस, के माध्यम से बच्चों को न केवल पढ़ाई बल्कि गेम, गाने और अन्य डिजिटल सुविधाओं का भी अनुभव हो रहा है। यह ''डिवाइस वॉइस असिस्टेंस'' जैसी तकनीक से लैस है, जो बच्चों को आत्मनिर्भर और आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ने में मदद करती है। दंतेवाड़ा प्रशासन का यह कदम समाज के उन वर्गों के लिए प्रेरणा है, जिन्हें विशेष ध्यान और सहयोग की आवश्यकता है। यह शिक्षा में समावेशिता और तकनीकी विकास का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

### कैसे काम करता है एनी डिवाइस ?

बच्चे अपनी उंगलियों से डिवाइस पर ब्रेल अक्षरों को छूते हैं। डिवाइस तुरंत ऑडियो में अक्षर का नाम और उसकी ध्वनि सुनाता है। इसमें इंटरएक्टिव गेम्स और क्विज भी होते हैं, जो बच्चों को सीखने में मजेदार अनुभव प्रदान करते हैं।

# सत्र 2025-26 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय चयन परीक्षा 18 जनवरी को

**महासमुन्द।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली से प्राप्त सूचना के अनुसार जिले भर के 30 परीक्षा केंद्रां पर 18 जनवरी को कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा आयोजित किया जाएगा। छात्र अपना एडमिट कार्ड जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा केन्द्रों पर छात्रों को एडमिट कार्ड के साथ आधार कार्ड या अन्य कोई वैद्य पहचान पत्र लेकर जाना अनिवार्य

# सखी वन स्टॉप सेंटर अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु वॉक इन इंटरव्यू 20 जनवरी को

**बलौदाबाजार।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सखी वन स्टॉप सेंटर के विभिन्न रिक्त पद यथा केस वर्कर, बहूद्देशीय कार्यकर्ता, पैरालीगल कार्मिक, पैरा मेडिकल कार्मिक एवं सुरक्षा गार्ड के पदों पर महिला सेवा प्रदाताओं के चयन हेतु 20 जनवरी 2025 को प्रातः 9 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय भवन, अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय बलौदाबाजार में वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया गया है। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालयीन दिवसों में कार्यालय में उपस्थित होकर एवं जिले के वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बलौदाबाजार डॉट जीओव्ही डॉट इन www.balodabazar.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

# छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज का भव्य सम्मेलन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की पावन धरा पर छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज का ऐतिहासिक अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह 11 और 12 जनवरी को विधानसभा रोड सफायर ग्रीन के पास लोटस रिसोर्ट में आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन समाज की एकता, समृद्धि और योगदान को समर्पित होगा। जिसमें प्रदेश के मुखिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. राम अवतार महतो (अखिल भारतीय शौण्डिक संघ) अतिथिः डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, मंत्री रामविचार नेताम, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे। कार्यक्रम के दूसरा सत्र में शौण्डिक रत्न अलंकरण समारोह मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह, अध्यक्ष विधानसभा, छत्तीसगढ़ पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ शासन, अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल मंत्री-लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा, शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन अतिथि व अतिथि समाज के आगन्तुक गणमान्य प्रमुख एवं समाज के समस्त बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है। कार्यक्रम का तीसरे सत्र में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। 11 जनवरी शाम 7:30 शुरू होगी। जिसमे छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोशिएशन के प्रदेश अध्यक्ष व अभिनेता योगेश अग्रवाल एवं मोना सेन शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावन एवं कलकत्ता के कलाकारो द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। 12 जनवरी 2025 को समाज के उत्थान और दशा और दिशा पर परिचर्चा एवं चिंतन बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक राज्य के अध्यक्ष, सचिव एव आमंत्रित सदस्य व प्रदेश कार्यकारिणी उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन शौंडिक समाज के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। यह समाज के सदस्यों को एक मंच प्रदान करेगा जहां वे अपने विचारों और अनुभवों को साझा कर सकेंगे। इस भव्य आयोजन में शौण्डिक समाज के सजातीय बंधु देश विदेश पहुंच रहे है देश विदेश में सामाजिक बहुलता के चलते झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, आसाम, पंच परगना, महाराष्ट्रा, तेलांगना, आंध्र प्रदेश मध्य प्रदेश सहित छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आयोजन में शामिल होने पधार रहे है। झारखंड पड़ोसी राज्य में सामाजिक बहुलता होने की वजह से जिसमें प्रमुख जिला लोहरदगाय, गुमला, हजारीबाग, बोकारो, धनबाद, गिरडी, जमशेदपुर, सराईखेला एवं हजारीबाग से विधायक प्रदीप प्रसाद भी आ रहे है बिहार से पूर्व मंत्री रामचंद पुरवे, पूर्व उद्योग मंत्री समीर महासेठ, दिल्ली से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रंजन प्रसाद, पड़ोसी देश नेपाल से परमेश्वर महासेठ, राम उदार महासेठ ने अपनी सहमति दे चुके है।

# छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती में अंक बढ़ाने को लेकर गड़बड़ी का आरोप, कार्रवाई की मांग



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में चल रही पुलिस भर्ती प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। इस मामले में अभ्यर्थियों ने पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक बिलासपुर महोदय को शिकायत पत्र सौंपकर गहराई से जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि भर्ती प्रक्रिया में फिजिकल टेस्ट के अंकों में धांधली की गई है, जिसमें कम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों के अंक बढ़ाकर अधिक दिए गए। एक उदाहरण में, राजनांदगांव जिले में लगभग 3000 छात्रों के अंकों को बढ़ाए जाने की शिकायत दर्ज हुई।

वैसा ही बिलासपुर जिले के भर्ती प्रक्रिया पर आरोप लगाया जा रहा है कि पैसे लेके अपने करीबियों का नंबर बढ़ाया जा रहा है। इस संदर्भ में, पुलिस ने 24 दिसम्बर को तकनीकी टीम की मदद से एक महिला अभ्यर्थी को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार भी किया है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि इस प्रक्रिया से ईमानदार और मेहनती छात्रों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने तत्काल जांच के साथ-साथ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और रिश्वत के आधार पर शामिल छात्रों को भर्ती प्रक्रिया से बाहर करने की मांग की।

अभ्यर्थियों ने अपनी बात रखते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की मांग की है ताकि योग्य उम्मीदवारों के अधिकार सुरक्षित रहें।

# भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आनंद यादव का प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। भाजपा कार्यालय भाटापारा में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा से आशीर्वाद लेने और आभार व्यक्त करने पहुचे आनंद यादव को शिवरतन शर्मा ने सॉल, श्रीफल, बुके भेंट कर एवं मिठाई खिला कर नवीन दायित्व के लिए बधाई शुभकामनायें दी। इस अवसर पर उपस्थित विधानसभा के मंडल पदाधिकारियों एवं युवा मोर्चा के सम्मिलित नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर अपने संबोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष यादव ने कहा पार्टी कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। इसलिए उनका सम्मान सर्वोपरि रहेगा। उन्होंने कहा कि वह जिले में गांव गांव जाकर पार्टी की नीतियों व सिद्धांतों को पहुंचाकर संगठन को और मजबूत बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। आनंद यादव ने उक्त अवसर पर आगे कहा की मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक एवं राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष नियुक्त होना यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में संभव हैं। मैं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा, मंत्री टंकराम वर्मा एवं देश प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व का, जिले के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करता हूं। उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, योगेश अनंत, पवन वर्मा, चन्द्रमणी तिवारी, मथुरा यदु, नारायण साहू, राजा कामनानी, हेमसिंह चौहान, परश देवांगन, सतीश सोनी, गोलू अवस्थी, देवक साहू, प्यारे रजक, सूर्यकान्त ताम्रकार, संतोष साहू, माखन महिलांगे, महेश वर्मा, गजानंद ठाकुर, मनोज शर्मा, चन्द्रमणि साहू, चंद्रा कला साय, चेतन वर्मा, मुकेश साहू, संजय वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# भक्तिन माता राजिम पुरस्कार से सम्मानित हुए शिक्षक छोटेलाल साहू

## स्वजाति बंधुओ एवं शुभ चिंतकों ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा आयोजित राजिम जयंती के पावन पर्व पर राजिम के त्रिवेणी संगम में आयोजित विशाल साहू समाज के आराध्य देवी माता राजिम जयंती के अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कार्य करने वाले संस्था एवं व्यक्तियों को सम्मानित किया हैं, शिक्षा एवं सामाजिक सेवा तथा मानव कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुझे भी भक्तिन माता राजिम पुरस्कार से सम्मानित किया हैं। कार्यक्रम के प्रथम सोपान के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रमुख अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा युवा प्रकोष्ठ एवं कसडोल विधायक संदीप साहू थे द्वितीय सोपान के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव अतिथि तोखन साहू केंद्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, अतिथि महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, रमशिला साहू, चंद्र शेखर साहू पूर्व मंत्री, मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण, रोहित साहू विधायक राजिम, इंद्र कुमार साहू विधायक अभनपुर, इंद्र साव विधायक भाटापारा, ईश्वर साहू विधायक साजा, दीपेश साहू विधायक बेमेतरा ओंकार साहू विधायक धमतरी, बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर, भोला साहू विधायक खुज्जी, दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव, कार्यक्रम प्रभारी भुनेश्वर साहू उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ मोहन कुमारी साहू, कोषाध्यक्ष हनुमत साहू सहित प्रदेश पदाधिकारी गण एवं सभी जिला के अध्यक्ष गण एवं हजारों की संख्या में स्वजाति बंधु कार्यक्रम में उपस्थित थे। भक्तिन माता राजिम पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए प्रदेश साहू संघ, राजिम माता मंदिर समिति के समस्त पदाधिकारियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

# प्रसिद्ध समाजसेविका कल्पना योगेश तिवारी को मिला प्राइड ऑफ सेंट्रल इंडिया पुरस्कार

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



प्राइड ऑफ सेंट्रल इंडिया पुरस्कार समारोह में प्रसिद्ध समाजसेविका कल्पना योगेश तिवारी को प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार मध्य भारत के उल्लेखनीय व्यक्तियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया जाता है। कल्पना योगेश तिवारी ने समाजसेवा क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अथक प्रयास किए हैं। उनके कार्य से प्रेरणा लेकर कई लोग आगे बढ़ रहे हैं। कल्पना योगेश तिवारी को मिला यह पुरस्कार उनके कठोर परिश्रम, समर्पण और प्रतिभा का प्रमाण है। समाजसेविका कल्पना योगेश तिवारी को यह अवार्ड केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान के हाथों दिया गया। नई दिल्ली के फाइव स्टार होटल हयात में 8 जनवरी 2025 को इस अवार्ड सेरेमनी का भव्य आयोजन रखा गया था। कल्पना योगेश तिवारी, छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में खारुन नदी के तट पर स्थित ग्राम गोमची में असहाय वृद्धजनों के लिये सर्वसुविधा युक्त निर्मित 200 बिस्तरों वाले मां आनंद वृद्धाश्रम की ट्रस्टी हैं। 35 एकड़ भूमि पर बने इस विशालकाय मां आनंद वृद्धाश्रम में पूजा करने के लिए मन्दिर, खाने के लिए बड़ा कैंटिन एवं दस बिस्तरों का एक अस्पताल भी है। देश के अलग अलग जगहों से आए हुए वृद्धजन यहां अभी रह रहे हैं, जिनकी सेवा का दायित्व कल्पना योगेश तिवारी ही देखती हैं।

# ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाने का प्रयासः अविरल फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने हीरापुर में विकास को दिया बढ़ावा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की पहली रजिस्टर्ड एनबीएफसी एमएफआई फाइनेंस कंपनी अविरल फाइनेंस ने राधाबाई के इनिशियल इन्वेस्टमेंट में मुख्य भूमिका निभाई और उन्हें उनकी पहली भैंस खरीदने के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई। अविरल फाइनेंस से हर बार समय पर फाइनेंशियल सपोर्ट मिलने से, राधाबाई अब 18-20 भैंसों के झुंड की देखभाल करती हैं, और न केवल हीरापुर में बल्कि आस-पास के गांवों में भी डेयरी इंडस्ट्री में निरंतर अपनी स्थिति को आगे बाधा रही है। राधाबाई की इस अद्भुत यात्रा ने क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी ऐसा ही करने के लिए प्रेरित किया है। उनकी सफलता को देखते हुए, कई उद्यमियों ने अपने कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए अविरल फाइनेंस के साथ पार्टनरशिप करना चुना है। अविरल फाइनेंस से फाइनेंशियल सपोर्ट प्राप्त करके, ये महिलाओं ने अपने काम में नए तरीके अपनाए हैं और अपने लिए एक स्थायी रोज़गार का साधन तैयार किया है। हीरापुर की मेहनती उद्यमी राधाबाई ने अविरल फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड की मदद से अपने छोटे डेयरी व्यवसाय को एक सफल और बड़ा उद्यम बना दिया है। उनकी यह प्रेरक कहानी सबके लिए मिसाल है। राधाबाई ने सीमित साधनों से शुरुआत करके यह साबित किया है की सुलभ वित्तीय मदद से ग्रामीण इलाकों में सफलता हासिल की जा सकती है। राधाबाई ने अविरल फाइनेंस के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि, अविरल फाइनेंस मेरे व्यवसाय की वृद्धि और सफलता में एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। उनके समर्थन ने मुझे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने और अतीत में असंभव लगने वाले कार्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाया है।

# मर्सिडीज़-बेंज ने भारत में इस साल अपने इतिहास की सबसे ज्यादा सेल दर्ज कीः 2024 में हुई जबरदस्त वृद्धि

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत के सबसे डिज़ायरेबल लग्ज़री कार निर्माता मर्सिडीज़-बेंज ने इस साल भारत में अपने 30 सालों के इतिहास में सबसे ज्यादा सेल दर्ज की है। मर्सिडीज़-बेंज ने जनवरी-दिसंबर 2024 में सबसे अच्छी सेल दर्ज करते हुए अपने 'थ्री-स्टार' वाहनों की विशिष्टता बरकरार रखी और भारतीय बाजार में इसकी 'सबसे डिज़ायरेबल' लग्ज़री कार ब्रांड की पहचान को मजबूत बनाया। कंपनी ने जनवरी-दिसंबर 2024 की अवधि में 19,565 नई कारों की रिकॉर्ड बिक्री की है। बाजार की चुनौतीपूर्ण स्थितियों के बाद भी ब्रांड ने 12.4 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि की। संतोष अय्यर, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, मर्सिडीज़-बेंज इंडिया के अनुसार मर्सिडीज़-बेंज ने भारत में अब तक की सबसे अच्छी सेल्स परफॉर्मेंस दी है। इससे भारत के लिए इसकी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। यह ऐतिहासिक सेल मर्सिडीज़-बेंज के आकर्षक और दिलकश पोर्टफोलियो, सर्वश्रेष्ठ सर्विस और सुगम स्वामित्व के अनुभव, ग्राहकों के लिए विशेष अनुभवों, और आसान फाईनेंस के कारण हुई है, जिसने भारतीय ग्राहकों की महत्वाकांक्षाओं को जगा दिया। अपने फ्रैंचाइज़ी पार्टनर्स के साथ हम अपने मौजूदा नेटवर्क का लग्ज़री रूपांतरण जारी रखेंगे, और विकास की क्षमता वाले नए बाजारों की खोज करते रहेंगे। भारत के सबसे डिज़ायरेबल लग्ज़री कारनिर्माता, मर्सिडीज़-बेंज ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत 2 एक्सक्लुसिव बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ईक्यू टेक्नोलॉजी के साथ जी580 और ईक्यूएस एसयूवी 450 लॉन्च किए। ये कारें मर्सिडीज़-बेंज का इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो मजबूत बनाएंगी, जो हर व्यक्ति की जरूरत के अनुरूप एक इलेक्ट्रिक कार पेश करता है।

# इमामी ने पुरूषों की ग्रुमिंग को दी बोल्ड और नई पहचान : स्मार्ट एण्ड हैण्डसम

- रोज़ाना की ग्रूमिंग बनेगी आसान 'हर रोज़ हैण्डसम कोड' के साथः कार्तिक का वादा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

इमामी लिमिटेड ने पुरूषों के लिए अपने जाने-माने ब्राण्ड 'फेयर एण्ड हैण्डसम' को नई पहचान देते हुए इसे 'स्मार्ट एण्ड हैण्डसम' के रूप में रीब्राण्ड किया है। इसके साथ ही कंपनी ने बॉलीवुड के जाने-माने एक्टर कार्तिक आर्यन को अपना नया ब्राण्ड अम्बेसडर बना लिया है। यह रीब्रांडिंग बहुत अधिक मायने रखती है, ब्राण्ड तकरीबन दो दशकों से मेल ग्रूमिंग मार्केट में अपनी स्थिति को मजबूत बनाए हुए है और उपभोक्ताओं की बदलती पंसद के साथ अपने आप में बदलाव लाता रहा है। युवा पुरूष अपनी त्वचा की देखभाल एवं ग्रुमिंग को प्राथमिकता देते हैं और स्मार्ट एण्ड हैण्डसम उनकी बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 'हर रोज़ हैण्डसम कोड' पुरूषों को ऐसे ग्रुमिंग समाधान उपलब्ध कराने की ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो उनके आत्मविश्वास और व्यक्तित्व में निखार लेकर आएगा। ब्राण्ड के लिए युवाओं का सिर्फ अच्छा दिखना ही मायने नहीं रखता, बल्कि यह भी ज़रूरी है कि वे रोज़ाना अपने आप में भरपूर आत्मविश्वास महसूस करें। यह नई पहचान मेल ग्रुमिंग के लिए ब्राण्ड के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो उनकी सम्पूर्ण देखभाल के लिए आधुनिक समाधान लेकर आता है। रीब्रांडिंग के साथ नई पैकेजिंग पर एक खास स्टेटमेन्ट दिखाई देता है ''फेयर एण्ड हैण्डसम इज़ नाओ स्मार्ट एण्ड हैण्डसम' जिससे उपभोक्ताओं में ब्राण्ड की पहचान और इसके प्रति भरोसा और मजबूत होगा। ब्राण्ड की इस यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, सुपरस्टार कार्तिक आर्यन जो कि स्मार्ट एण्ड हैण्डसम का नया चेहरा बन गए हैं। अपनी यंग एनर्जी, स्टाइल और आकर्षण के लिए विख्यात कार्तिक, ब्राण्ड के मूल्यों के अनुरूप पुरूषों को रोज़ाना आकर्षक दिखने और सर्वश्रेष्ठ महसूस करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। ऐसे में उनके साथ साझेदारी युवा पुरूषों के साथ ब्राण्ड के रिश्ते को और अधिक मजबूत बनाएगी। युवाओं की ग्रुमिंग संबंधी बढ़ती ज़रूरतों को देखते हुए हमें इस सेक्टर में अपार संभावनाएं दिखाई देती हैं।

# पीएम स्वनिधि योजना : 27356 हितग्राही लाभान्वित, 40.17 करोड़ रूपये का ऋण वितरित, कुल 10362 हितग्राहियों की प्रोफाइलिंग



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि के रूप में ऐसे हितग्राहियों, जो रेहड़ी-ठेला लगाते है, को सिक्योरिटी फ्री लोन 7% की सब्सिडी के साथ उपलब्ध कराया जाता है। कुल 27356 हितग्राहियों को पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया जा चुका है जिसमें से दस हज़ार, बीस हज़ार एवं पचास हज़ार रूपये के ऋण में कुल राशि 40.17 करोड़ रुपए का वितरण किया जा चुका है। ऋण की सुविधा के साथ सभी हितग्राहियों को निःशुल्क क्यूआर कोड का वितरण किया गया, जिसके माध्यम से उन्हें डिजिटल लेन-देन की प्रक्रिया हेतु प्रोत्साहित किया जा सके। साथ ही पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित हितग्राहियों एवं उनके परिवारजनों को स्वनिधि से समृद्धि अन्तर्गत सोशियो इकोनॉमिक प्रोफाइलिंग के माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं से भी जोड़ा जा रहा है। आज तक कुल 10,362 हितग्राहियों की प्रोफाइलिंग की जा चुकी है। विभिन्न योजनाये जैसे पीएम सुरक्षा बीमा, योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम श्रम योगी मान धन योजना, पीएम जन धन योजन, जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदना योजना यह कार्य रायपुर नगर पालिक निगम के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल एवं जोन कार्यालयों में निरंतर जारी है।

## छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज ने मेघावी छात्रों का किया सम्मान

# विद्यार्थी अपने भविष्य निर्माण के लिए मोबाइल का दुरुपयोग ना करें : पुरंदर मिश्रा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा विप्र भवन में मेघावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि पुरंदर मिश्रा (विधायक रायपुर उत्तर) की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुरंदर मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने भविष्य निर्माण के लिए मोबाइल का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। साथ ही अपने माता-पिता एवं घर के बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। घर के बड़े बुजुर्ग भी घर में बातचीत का माहौल बना कर रखें। आर्थिक सहयोग करना और कैरियर बनाना कोई बड़ी बात है पर बच्चों को संस्कार देना इससे अधिक महत्वपूर्ण कार्य हैं। समारोह में पुरंदर मिश्रा के साथ छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के विद्यार्थियों को मंच पर उपस्थित समाज के सदस्य अरुण शर्मा, नरेन्द्र तिवारी, प्रदीप नारायण तिवारी, एल.एन. तिवारी, कुसुम शर्मा, बीजापुर के पूर्व कलेक्टर अनुराग पांडेय और सुभाष तिवारी द्वारा छात्रवृत्ति की राशि अध्ययन-अध्यापन में सहयोग के लिए प्रदान की गई। इस अवसर पर अरुण शर्मा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए परिश्रम की सलाह देते हुए समाज द्वारा प्रकार सतत सहयोग की बात कही। प्रदीप नारायण तिवारी ने अपने उद्बोधन में समाज के इस कार्य को समाज के विकास के लिए आवश्यक बताया। एल एन तिवारी ने कहा कि इस प्रकार आर्थिक सहयोग करना कोई एहसान नहीं है, बल्कि हम सब का कर्तव्य है क्योंकि यही बच्चे हमारा भविष्य हैं। व्यास नारायण शुक्ला, अविनाश शुक्ला, प्रमोद शर्मा, उमाकांत तिवारी, सुरेंद्र शुक्ला, के के शुक्ला, नटराज शर्मा, संजय दीवान, विनय तिवारी, प्रकाश तिवारी, विभा तिवारी सहित समाज के वरिष्ठ सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समारोह का संचालन डॉ.मेघेश तिवारी ने किया। यह जानकारी देते हुए विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने बताया कि कोरोना काल के समय समाज के सदस्य एवं तत्कालीन मंत्री रविंद्र चौबे की प्रेरणा से ब्राह्मण समाज के लोगों की आवश्यकता को ध्यान में रखकर खाद्य सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया था। कोरोना काल में ही समाज के मेघावी विद्यार्थियों को अध्ययन-अध्यापन में सहयोग के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने का विचार समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा रखा गया। जिसके लिए उदार दानदाताओं ने राशि उपलब्ध की। जिसमें प्रमुख रूप से विधायक पुरंदर मिश्रा द्वारा एक लाख, धरसीवा के विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा द्वारा पचास हजार रुपए, बेलतरा के विधायक सुशांत शुक्ल द्वारा पचास हजार रुपए, भास्कर शर्मा ने 5 लाख, कुसुम शर्मा ने 1 लाख, स्व. कुंज बिहारी दुबे स्मृति में मांडवी दुबे द्वारा 1,25,000 एवं अनिल शर्मा द्वारा 1,00,000 प्रदान किया गया। समाज के इस कार्य में सहयोग देने के लिए मंच पर ही सुभाष तिवारी ने 21 000 सहयोग देने की घोषणा की। समाज के भविष्य को उज्जवल बनाने की दृष्टि से विगत वर्ष लगभग 50 बच्चों को पांच लाख की छात्रवृत्ति राशि वितरित की गई थी। लगातार तीसरे वर्ष भी लगभग 5 लाख की राशि 50 से 60 मेघावी विद्यार्थीयों को प्रदान किया गया।

# निगम उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा ने जोन 7 में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लंबित प्रकरणों की जाँच की

## 4 प्रकरण मिले, पर किसी की एंट्री होना नहीं पाया गया, सम्बंधित कर्मचारी को नोटिस देने दिए निर्देश



**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा ने नगर निगम जोन 7 कार्यालय पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर जाँच की। इस दौरान 4 लंबित प्रकरण मिले, किन्तु किसी भी प्रकरण की एंट्री करना नहीं पाया गया। इस पर उपायुक्त ने उक्त कार्य से सम्बंधित कर्मचारी को नोटिस देने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

# सैमसंग 22 जनवरी को मोबाइल एआई के क्षेत्र में लाएगा नई क्रांति

**रायपुर।** एआई अनुभव को और भी आसान और स्मार्ट बनाने के लिए तैयार हो जाइए। गैलेक्सी एआई का नया वर्जन जल्द ही आपके मोबाइल के रोजमर्रा के इस्तेमाल को और बेहतर बनाएगा। नई गैलेक्सी एस सीरीज आपके एआई अनुभव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 22 जनवरी को सैन जोस में अनपैक्ड इवेंट आयोजित करेगा, जिसमें मोबाइल एआई के नए युग की शुरुआत होगी। इस इवेंट में प्रीमियम गैलेक्सी इनोवेशंस पेश किए जाएंगे, जो आपकी जिंदगी को पहले से भी ज्यादा सुविधाजनक बना देंगे। इस इवेंट को Samsung.com/in, सैमसंग न्यूजरूम इंडिया और सैमसंग के यूट्यूब चैनल पर भारतीय मानक समय (आईएसटी) के अनुसार, सुबह 11:30 बजे से लाइव स्ट्रीम किया जायेगा।

# अंजोरा स्कूल में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों ने भाग लेकर अपना विचार प्रगट किया

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com




सेवा फाउंडेशन भिलाई दुर्ग के तत्वावधान में शास.उच्च.माध्य. शाला अंजोरा ख दुर्ग में पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्तर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें आस-पास के 10 से अधिक स्कूल के बच्चों ने भाग लेकर अपना विचार प्रगट किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नंदकुमार सेन पूर्व अध्यक्ष केश शिल्प कल्याण बोर्ड, अध्यक्षता एस.के.जैन अध्यक्ष सेवा फाउंडेशन, विशेष अतिथि हरेन्द्र देव धृतलहरे सभापति जनपद पंचायत दुर्ग, रिवेन्द्र यादव पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ, होरीलाल चतुर्वेदी प्राचार्य हाईस्कूल अंजोरा, तीरथ यादव अध्यक्ष शाला विकास समिति, हेमन्त देशमुख पूर्व अध्यक्ष शाला विकास समिति, सुरेश निर्मलकर सदस्य शाला विकास समिति आदि उपस्थित रहे। व्याख्याता शिवनारायण देवांगन ने बताया का वाद-विवाद प्रतियोगिता तीन स्तर पर आयोजित किया गया पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विषय खेलकूद समय की बर्बादी या जरूरी पर हुआ जिसमें पक्ष में प्रथम छगन लाल थनौद, द्वितीय पूर्णिमा यादव वही विपक्ष में प्रथम भारती थनौद, द्वितीय प्रिया खपरी, सांत्वना पुरस्कार छाया देशमुख चंगोरी, कृतिका साहू खपरी, पायल अंजोरा, दीक्षा चंगोरी को मिला। हाईस्कूल स्तर पर खेती के लिए आवश्यक है जैविक खेती या रासायनिक खेती विषय पर हुआ पक्ष में प्रथम केसरी अंजोरा, द्वितीय प्रीसी शर्मा रसमड़ा, विपक्ष में प्रथम श्रुति वर्मा रसमड़ा, द्वितीय हिमानी निषाद थनौद व सांत्वना स्थान धनेश्वरी चक्रधारी पुलगांव, चेतना देशमुख थनौद, कविता चन्द्रवंशी बिरेझर, रिखी निषाद पुलगांव, डिम्पल साहू अंजोरा, थामेश्वरी देशमुख बिरेझर रही। हायर सेकेंडरी स्तर पर मोबाइल का उपयोग अभिशाप या वरदान विषय पर हुआ जिसमे पक्ष में प्रथम स्थान खुशी यादव अंजोरा, द्वितीय प्रणय कुमार थनौद, विपक्ष में प्रथम लोकेश साहू अंजोरा, द्वितीय राहुल देशमुख थनौद व सांत्वना स्थान पूर्वी साहू रसमड़ा, हर्ष साहू रसमड़ा, विमल साहू रसमड़ा, भारती साहू रसमड़ा रही। इस वाद-विवाद प्रतियोगिता का निर्णायक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस व्याख्याता अंजोरा, अंजू दिल्लीवार व्याख्याता थनौद व जीवन लाल चन्द्राकर प्रधान पाठक खपरी रहे। कार्यक्रम को सभी अतिथियों ने विचार प्रगट करते हुए सेवा फाउंडेशन के इस कार्यक्रम का खूब प्रशंसनीय बताते हुए कहा कि यह बच्चो के नैतिक व बौद्धिक विकास के लिये जरूरी कदम है ऐसा प्रतियोगिता हमेशा होते रहना चाहिए। सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष जैन ने संस्था के विषय में जानकारी दिया वही वाद-विवाद प्रतियोगिता में सफल सभी प्रतिभागियो को पुरस्कृत किया जिसमें नगद राशि व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन उमा राठौड़ व्याख्याता अंजोरा व आभार प्रदर्शन डॉ.शिवनारायण देवांगन आस व्याख्याता अंजोरा ने किया। इस अवसर पर सेवा फाउंडेशन के एम. व्ही.बी.रेडी, पी.के.तिवारी, प्रवीण मिश्रा, मनोहर लाल, एल.के. साहू, जे.के.भोसले, रेजी मथाई, एम.बी.राव, शिक्षक गण भूपेंद्र कुमार दिल्लीवार, भावना किन्हेकर, चन्द्रकांत साहू, मनोज कुमार गुप्ता, अभिलाषा साहू आदि उपस्थित रहे।

# नगर निकायों में स्वनिधि से समृद्धि शिविर का आयोजन

## 11 जनवरी तक, 8 योजनाओं का मिलेगा सीधा लाभ

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार 6 जनवरी से 11 जनवरी तक छत्तीसगढ़ के समस्त निकायों में शिविर का आयोजन किया जाना है। इसी तारतम्य में स्वनिधि से समृद्धि अंतर्गत जशपुर जिले में 05 शहरों में से 03 शहर जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव को भारत सरकार द्वारा चयनित किया गया है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों का सामाजिक आर्थिक प्रोफाईलिंग कार्य किया जाना है, उक्त प्रोफालिंग के उपरांत स्वनिधि से समृद्धि शिविर में लाभान्वित हितग्राहियों को शासन की 08 योजनाओं (प्र.म. सुरक्षा बीमा योजना, प्र.म. जीवन ज्योति बीमा योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्र.म. श्रम योगी मानधन योजना, प्र.म. जनधन योजना, वन नेशन वन रासन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, प्र.म. मातृ वंदना योजना एव 'बी.ओ.सी डब्ल्यू में पंजीयन) से लाभान्वित कराना है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत जिले में अब तक नगर पालिका परिषद् जशपुर में 624 हितग्राही, नगर पंचायत कुनकुरी 503 हितग्राही तथा नगर पंचायत पंत्थलगांव में 221 हितग्राही को इस योजना से लाभान्वित किया गया है। राज्य शासन के निर्देशानुसार दिनांक 06 से 11 जनवरी 2025 तक नगरीय निकायों जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में शिविर के माध्यम से शासन की उक्त आठ योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सामाजिक आर्थिक प्रोफाईलिंग कार्य किया जा रहा है। इस शिविर में उनके परिवार सदस्यों का भी प्रोफाईलिंग कार्य किया जा रहा है।

### अध्यक्ष पद सामान्य चुनावी मुकाबला हुआ दिलचस्प,नेताओं ने अपनी अपनी दावेदारी पेश की

**बलौदाबाजार।** पालिका में अध्यक्ष का पद सामान्य हो गया है। इसी के साथ शहर में राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो गई है। बालौदा बाजार की नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए लगभग 20000 मतदाता निर्णायक होंगे पालिका अध्यक्ष के लिए दोनों प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस से कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ दावेदारी पेश करने में जुट गए हैं। पालिका अध्यक्ष पद के सामान्य होने के बाद भाजपा और कांग्रेस दोनों में अध्यक्ष पद के दावेदारों की संख्या बढ़ गई है। दोनों ही दलों के कार्यकर्ता अपने उम्मीदवारों के पक्ष में काम करने लगे हैं। शहर के चौक-चौराहों पर इसे लेकर चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। इन सबके बीच कुर्सी की दौड़ पर रोज नए किस्से बन रहे हैं।

# सेलेगाँव हायर सेकेंडरी स्कूल में नशा उन्मूलन शपथ दिलाया गया



पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

डॉ.नीता बाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी पदेन सचिव छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं डॉ. डी एल. पटेल कार्यक्रम समन्वयक शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर के निर्देशन एवं भागीरथी नायक जिला संगठक जिला उत्तर बस्तर कांकेर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगांव के तत्वावधान में आयोजित नियमित गतिविधि अंतर्गत नशा उन्मूलन एवं पोषण आहार हेतु मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को संदेश देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, स्वयंसेविकाएं स्लोगन एवं नारे के माध्यम से समाज एवं प्रदेश को संदेश देते हुए नशा मौत का द्वार है नशा से हमेशा दूर रहें।समाज को नशा से दूर रखें साथ ही पोषण आहार हेतु लोगों को जागरुक करते हुए शपथ ली गई उक्त कार्यक्रम मे प्राचार्य जीआर नायक, कार्यक्रम अधिकारी खेमलाल कटेंद्र, सुमन ठाकुर मैडम, रैनसिंह दर्रो, पुकेश्वर साहू, जागृति ध्रुव, रूखमणी सिन्हा समस्त छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय स्टॉफ उपस्थित थे।

# सेलेगाँव मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले व्याख्याताओं का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



पालक - शिक्षक मेगा सम्मेलन का मकसद शिक्षकों और पालकों के बीच समन्वय बनाकर बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों में मदद के लिए उपाय सुझाना, बच्चों की गतिविधियों के बारे में चर्चा कर बच्चों की प्रगति से पालकों को अवगत कराना। बच्चों के लिए घर में पढ़ाई के लिए सही जगह मेरा कोना का निर्माण करना बच्चों की दिनचर्या सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करना। बच्चों के सीखने की जानकारी लेना बच्चों में सार्वजनिक रूप से अपने विचारों को व्यक्त करने और उनके संकोच को दूर करने में मदद करना। बच्चों की अकादमिक प्रगति और प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी। पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा छात्रवृत्ति, जाति प्रमाण पत्र, और अन्य डिजिटल प्लेटफार्म के बारे में जानकारी दी गई।

इसके पूर्व सत्र 2023-24 बोर्ड परीक्षा में अपने विषय में 100 प्रतिशत परिणाम देने वाले व्याख्याता गौतम नायक, एम के साहू, सुमन ठाकुर, प्रमिला कोरेटी, पीयुषा बंजारे, रैनसिंह दर्रो, गायत्री भूआर्य को शाला विकास एवम् प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार शुक्ला, सरपंच प्रदीप ठाकुर, रामा साहू एवं मन्नू जैन के द्वारा कलम भेंटकर सम्मानित किया गया। संचालन व्याख्याता के एल कटेंद्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# गांजा तस्करी में दोषी पाए गए दो आरोपियों को 10-10 साल की सजा



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोण्डागांव जिले के विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) उत्तरा कुमार कश्यप की अदालत ने गांजा तस्करी के दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए 10-10 साल की सजा और एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक प्रभा मिश्रा ने जानकारी दी कि केशकाल थाना पुलिस ने 20 अगस्त 2023 की रात एनएच-30 पर चेकिंग के दौरान एनडीपीएस एक्ट के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों में सगीर अली (30) निवासी जिला फरीदाबाद (हरियाणा) और गजेन्द्र सिंह (26) निवासी जिला मथुरा (उत्तर प्रदेश) शामिल थे। पुलिस ने इनके कब्जे से 42 किलो से अधिक अवैध गांजा बरामद किया था, जो तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। न्यायालय में दोनों आरोपियों पर लगाए गए आरोप सिद्ध हो गए। दोष सिद्ध होने के बाद विशेष न्यायाधीश ने दोनों को 10-10 साल की कैद और एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# ग्राम साल्हे के वार्षिक देव मेला में भारी भीड़ उमड़ी उमड़ी मेला के शुभारंभ, देवी देवताओं का स्वागत



पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम साल्हे के वार्षिक देव मेला में भारी भीड़ उमड़ी उमड़ी मेला के शुभारंभ देवी देवताओं की स्वागत के पश्चात् देवी देवताओं द्वारा मेला स्थल कि ढाई परिक्रमा करने के पश्चात् पुर्ण हुई तत्पश्चात आऐ डांग डोली देवी देवताओं को विश्राम हेतु बारह गांव बरहो परगना मंदिर व शीतला मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए और पुजा पाठ करने के साथ उनकी विदाई दी गई इस वर्ष मेला में काफी भीड़ भाड़ रहीं दोपहर के बाद से ही लोगों का आना-जाना प्रारम्भ हो चुका था मेला आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष मेला में पहली बार आकाश झुले भी लगा है इस कारण हमारे क्षेत्र के लोगों के लिए काफी खुशी है साथ ही बताया कि यह मेला तीन दिन तक रहेगा वहीं ग़ामिण रिखी राम मंडावी ने बताया कि मैं पहली बार आकाश झुले का आनंद लिया मुझे थोड़े से डर भी लगा पर अच्छा भी लगा झुले वाले ने बताया कि अभी तक ठीक चल रहा है और हमें उम्मीद है अच्छा कारोबार रहेगा।

# वर्षों के इंतजार के बाद निषाद समाज भवन का नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



लंबे अरसे के बाद आज करचिया में निषाद समाज भवन के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल बेहरा सेवानिवृत रमाकांत केवरत निषाद समाज अध्यक्ष गोवर्धन निषाद एवं शिवलाल निषाद देशिंग खेदु सहित देवभोग ग्राम पुजारी ने भूमि पूजन किया गया इस बीच नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल बेहरा ने कहा कि सामाजिक सदभाव स्थापित करने में निषाद समाज हमेशा अहम भूमिका अदा करती है ऐसे में निषाद समाज भवन का भूमि पूजन करना काफी उत्साह की बात है क्योंकि सामाजिक भवन नहीं होने के चलते सामाजिक लोगों को बैठक एवं सामाजिक काम काज के निपटारा में काफी ज्यादा कठिनाई देखने को मिलता रहा मगर अब समाज भवन निर्माण होने से परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और इसके सभी तत्परता से कार्य करते जल्द से जल्द भवन को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा इसी तरह समाज प्रमुख गोवर्धन निषाद ने कहा कि वर्तमान सरकार से लगातार मांग करने के बाद सामाजिक लोगों की भावनाओं का सम्मान करते लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तत्काल 10 लाख भवन स्वीकृत किया गया मतलब लोगो के आकांक्षाओं का पूरा सम्मान किया जिसे लेकर सामाजिक लोगों में काफी खुशी है और मुख्यमंत्री का आभार भी प्रकट कर रहे हैं क्योंकि काफी समय से बैठक के लिए परेशानी होती रही कभी बरगद पेड़ के नीचे बैठना पड़ता था तो कभी किसी के घर में लेकिन अब भवन निर्माण की पहल से सामाजिक लोगों को परेशानी नहीं होगी।

# रवि का प्रकाश हमेशा चमकता रहे : कुंजाम

## शिक्षक रवि लोहसिंह को दी गई विदाई

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



प्राथमिक शाला ढूट्टापीपली मे पदस्थ शिक्षक रवि प्रकाश लोहसिंह को व्यायाम शिक्षक मे पदोन्नति उपरांत विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित समारोह मे प्रधान पाठक भुनेश्वर कुंजाम ने कहा कि रवि प्रकाश का प्रकाश हमेशा चमकता रहे. उन्होंने कहा कि जैसा लोहसिंह का नाम है वैसी उनका कर्म भी है. उनका शिक्षा और खेल के क्षेत्र मे किये गए योगदान हमारा स्कूल कभी नहीं भूलेगा. कार्यक्रम को कई वक्ताओं ने संबोधित करते हुए शिक्षक लोहसिंह के विद्यालय में शिक्षा के प्रति ईमानदारी पूर्वक किये कार्य, मधुर स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा का चर्चा किये। इनका शिक्षको और छात्रों से हमेशा मधुर संबंध बना रहा। इनका विद्यालय से जाना हम सबों के लिए काफी दुखदायी है। सबने उनकी दीर्घायु और स्वस्थ्य जीवन की कामना किया। वहीं कईयों ने कहा कि इस मौके पर इतनी भीड़ उनके स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा का एक उपहार है। लोहसिंह के विदाई मे पुरे गांव वाला का हुजूम उमड़ पड़ा। लोहसिंह के गांव आगमन होते ही मांदरी नृत्य के साथ उनको स्कूल प्रांगण मे ले जाया गया. जहाँ गाँव वालो ने फूलमाला पहना कर आरती उतारी. इस मौके पर सभी गांव वालो के आँखे नम हो गई थी. सभी अपने चहेते शिक्षक से बारी बारी से मुलाकात कर उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे थे. अंचल मे यह पहला मौका था जब किसी शिक्षक के विदाई मे इतना हुजूम उमड़ा था. रवि लोहसिंह ने अपने विदाई भाषण मे गांव वालो के द्वारा इतने बड़े कार्यक्रम आयोजन करने के लिए आभार प्रकट किया. उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि गांव मे मिला मान सम्मान के लिए सदैव ऋणी रहूंगा. उन्होंने अपने 13 साल के कार्यकाल के अनुभव को साझा किया. तत्पश्चात प्रधानाध्यापक भुनेश्वर कुंजाम, विद्यालय शिक्षक और गणमान्य लोग द्वारा रवि लोहसिंह को माला पहना कर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किए, वहीं प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षिका, छात्र छात्रा और गणमान्य लोगो द्वारा कई उपहार भेंट स्वरूप दिया गया। इस मौके पर भुनेश्वर कुंजाम, भानुशंकर दर्रो, प्रदीप दास, रामाधार साहू, सविता जैन, देवलाल नुरुटी, संजय ठाकुर, किरण पोटाई, चंदन सर्फे, मुकेश सोनवानी, बिरसाय आचला, आदि उपस्थित थे।

## टांगरगांव के परशु राम, राजकुमार, सुभाधर और अगस्तुस ने कोसा पालन को बनाया आय का जरिया

# रेशम विभाग द्वारा संचालित कोसा पालन से किसान बन रहे समृद्ध

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली सरकार में सभी वर्ग और समुदाय के लोगों को रोजगार मिले और उनकी जीवन स्तर में सुधार हो। इस आशय से मुख्यमंत्री साय ने सभी विभागों को अपने-अपने विभागीय योजनाओं से लोगों को हितग्राही मूलक कार्य देकर रोजगार से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में रेशम विभाग द्वारा रोजगार की दृष्टि से कोसा पालन हेतु उन्नत नस्ल की स्व.डिमब समूह के किसानों को प्रदाय किया जाता है। जो कि उनके मेहनत के अनुसार उनकी आमदनी को दोगुनी कर रही है। इसके साथ ही किसी भी प्रकार का समस्या होने पर विभाग द्वारा अधिकारी व कर्मचारी स्वयं उपस्थित होकर निराकरण करने का प्रयास करते हैं। रेशम विभाग द्वारा लोगों के लिए रोजगार का बहुत अच्छा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जो मजदूरी के लिए अन्यत्र राज्य पलायन होते थे अब लगभग उसमें 75 प्रतिशत कमी हुई है। टसर पालन और रेशम धागाकरण से लोगों आर्थिक विकास की ओर अग्रसर हो रहे हैं। जिले के रेशम अधिकारी श्याम कुमार द्वारा मिली जानकारी अनुसार जिला मुख्यालय से लगभग 65-70 किलोमीटर दूर कांसाबेल विकासखण्ड के अन्तर्गत ग्राम टांगरगांव में 05 हेक्टेयर वन भूमि में साजा व अर्जूना का पौधे विभाग द्वारा लगाया गया है जिसमें कोसा कीट पालन कर किसानों के द्वारा अतिरिक्त आय अर्जित किया जा रहा है। इस कार्य को किसानों रुचि से करते हैं और इससे अच्छी आमदनी मिलती है। जिले के दूरस्थ अंचल में बसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र वैसे बसे गांव में रेशम विभाग की योजनाओं से लोगों तक उनकी जीवन यापन के लिए रोजगार प्रदान कर आर्थिक विकास करने का सार्थक प्रयास कर रहा है। जो कि विभाग द्वारा चलाया गया योजना मील का पत्थर साबित हो रहा है। जिले के कई ऐसे ग्राम है। जहां रेशम विभाग द्वारा संचालित योजना से कई गरीब परिवार को लाभान्वित किया है ऐसे ही कांसाबेल के अंतर्गत ग्राम टांगरगांव जो कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है इस क्षेत्र में लगभग 05 हेक्टयर में साजा-अर्जूना पौधे रेशम विभाग द्वारा लगाया गया है जिसमें टांगरगांव ग्राम के ही ग्रामीण परशुराम, राजकुमार, सुभाधर सहित अगस्तुस के साथ 04 लोगों का ग्रुप है जिनके द्वारा पिछले कई वर्षों से कोसा पालन किया जाता है एवं इनके द्वारा अच्छी आमदनी प्राप्त किया जा रहा है। पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष 2024-25 में इनके द्वारा 3000 डीएफएल्स पालन कर लगभग 151080 कोसा फल उत्पादन किया गया। जिसकी आमदनी राशि 05 लाख 20 हजार 680 प्राप्त हुआ। इसी प्रकार इस ग्रुप में प्रत्येक सदस्य को वार्षिक आय लगभग 1.50 लाख तक प्राप्त होता है, तथा इनकी पारिवारिक स्थिति में सुधार हो रही है आय बढ़ने के कारण इनके बच्चे अच्छे स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहें है। तथा इनके द्वारा कोसा पालन के द्वारा प्राप्त आय से पक्का मकान आदि निमार्ण कराया जा रहा है। परशु राम, राजकुमार, सुभाधर और अगस्तुस ने जानकारी देते हुए बताया कि कोसा पालन योजना से पहले वे अन्य राज्य मजदूरी करने जाया करते थे। जिसमें सिर्फ 30-35 हजार साल भर में बचा पाता था। जिससे परिवार का भरण पोषण कर पाना बहुत कठिनाई हो रही थी।

परन्तु जब से रेशम विभाग द्वारा कोसा पालन योजना टांगरगाव में स्थापित किया गया है तब से उन्हें रोजगार हेतु कहीं जाना नहीं पडता है इस कार्य से वे संतुष्ट है तथा अच्छी आय भी अर्जित कर पा रहें है। उन्होंने कहा कि हमारी स्थिति इतनी खराब थी जो कि रेशम विभाग ने रोजगार देकर हमें सुदृढ बनने का अवसर प्रदान किया है।

# सहकारी समिति उतई के प्राधिकृत अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने किया गर्म कपड़े का वितरण



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

सहकारी समिति उतई के अधीन धान खरीदी केंद्र उतई एवं धान खरीदी केंद्र खोपली में सुरक्षा कर्मियों को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े का वितरण किया गया। समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने अपने करकमलों से सभी सुरक्षा कर्मियों बल्ला बंजारे, रवि बंजारे, मन्नू यादव, मोबिलाल यादव, पुनीत राम सपहा कोगर्म कपड़ों का वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं सेवा सहकारी समिति उतई के अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, भाजयुमों उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, समिति प्रबंधक गिरधर सोनी, प्रहलाद साहू, पूरन साहू, गोविंद साहू, तिलक साहू, गजेंद्र कुर्रे, खोवालाल देशलहरे, मनीष यादव, जयंत कुमार साहू, चंद्रकला काकड़े, विजेंद्र कुमार कोसरे, रामसाय साहू, शंकर लाल यादव, जयंत कुमार साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल की अध्यक्षता में मंत्रि-मंडलीय उप समिति द्वारा धान के शत-प्रतिशत निराकरण के लिए मंथन

## राज्य सरकार द्वारा चालू खरीफ सीजन में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का अनुमान

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल बघेल की अध्यक्षता में महानदी भवन मंत्रालय में मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य सरकार द्वारा अनुमानित 160 से 165 लाख मीट्रिक टन धान के शत-प्रतिशत निष्पादन के लिए मंथन किया गया। केन्द्रीय और राज्य पूल में 125 लाख मीट्रिक टन धान का निष्पादन हो सकेगा। लगभग अतिशेष 40 लाख मीट्रिक टन धान के नीलामी के लिए निविदा प्रक्रिया पर गहन रूप से विचार-विमर्श किया गया। धान खरीदी के पश्चात माह फरवरी के दूसरे सप्ताह में नीलामी की प्रक्रिया शुरू करने के निर्णय पर सहमति बनी है। अंतिम निर्णय मंत्रिपरिषद की बैठक में तय होगी। मंत्रिमंडलीय उप समिति के सदस्यों ने शत-प्रतिशत धान के निराकरण हेतु अपने-अपने सुझाव भी दिए। गौरतलब है कि प्रदेश में इस खरीफ विपणन वर्ष में लगभग 160 से 165 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन संभावित है। इस खरीफ विपणन वर्ष में भारत सरकार से प्राप्त केन्द्रीय पूल में चावल जमा लक्ष्य (70 लाख मीट्रिक टन) एवं नागरिक आपूर्ति निगम के राज्य पूल लक्ष्य में (14 लाख मीट्रिक टन) से लगभग 125 लाख मीट्रिक टन धान का निराकरण संभव होगा। वहीं लगभग 40 लाख मीट्रिक टन धान का निराकरण शेष रहेगा। जिसकी नीलामी कर निराकरण किया जाना है। बैठक में धान खरीदी व्यवस्था, कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव, किसानों के लिए पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था, टोकन की स्थिति सहित विभिन्न किसान हित से जुड़े मुददे की समीक्षा की गई। बैठक में धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मंत्री-मंडलीय उप समिति के सदस्य कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा 20 सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। वर्तमान में राज्य में 2058 सहकारी समितियां तथा 2739 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से आगामी खरीफ विपणन वर्ष में 160 से 165 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का अनुमान लगाया गया है। चालू खरीफ विपणन वर्ष में 14 नवम्बर 2024 से शुरू हुए धान खरीदी महाअभियान के तहत अब तक 113 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में राज्य 21.54 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 25 हजार 549 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए तेजी के साथ धान का उठाव जारी है।

# आयुष्मान से ऑपरेशनः नई तकनीक से बालाजी हॉस्पिटल में हो रहा प्रोस्टेट का ऑपरेशन

## न के बराबर होता है ब्लड लॉस, हार्ट एवं ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए ये तकनीक फायदेमंद

### नई तकनीक का नाम होल्मियम लेज़र एनक्लूएशन यानी होलेप

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ की राजधानी रायपुर के मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में तमाम ऑपरेशन और इलाज नई-नई एडवांस तकनीक से हो रहा है। मरीजों के लिए अच्छी बात ये भी है कि तमाम ऑपरेशन यहां शासन की योजना के तहत आयुष्मान कार्ड में हो रहा है, जिसके कारण उन्हें ऑपरेशन कराने का कोई शुल्क भी नहीं लगता है। अब यहां प्रोस्टेट से परेशान मरीजों के लिए होलेप तकनीक वरदान साबित हो रही है। अस्पताल के यूरोलॉजिस्ट डॉ अरुण केरकेट्टा और डॉ सूरज जाजू कहते है कि अस्पताल में होल्मियम लेज़र एनक्लूएशन यानी होलेप तकनीक से अब मरीजों के प्रोस्टेट का ऑपरेशन संभव है। ये सबसे एडवांस तकनीक है। इस तकनीक से ऑपरेशन का सबसे ज्यादा फायदा हार्ट पेशेंट एवं ब्लड प्रेशर की समस्या से जुझ रहे मरीजों को मिलता है। क्योंकि इस ऑपरेशन में मरीजों का न के बरार ब्लड लॉस होता है और ऑपरेशन से पूर्व कोई दवाईयां बंद करने की जरूरत भी नहीं पड़ती है। इतना ही नहीं इस नई तकनीक से मरीज आयुष्मान कार्ड से ही अपना ऑपरेशन करा सकते है। डॉ. सूरज बताते है कि इस तकनीक से अस्पताल में पिछले कुछ महीनों में ही 60 से 70 ऑपरेशन हो चुके है।



DR. ARUN KERKETTA
MS, Mch. (Urology)

DR. SURAJ JAJOO
DNB, Mch Gold Medalist (Urology)

### दूसरे शहरों में ऑपरेशन का 1.5 से 2 लाख

विशेषज्ञ डॉक्टर कहते है कि यही ऑपरेशन दूसरे या मेट्रो सिटी में मरीज कराते है तो उन्हें करीब 2 लाख रूपए तक खर्च करने पड़ते है। यही कारण है कि इस नई तकनीक से ऑपरेशन कराने के लिए मरीज पड़ोंसी राज्यों से भी श्री बालाजी हॉस्पिटल पहुंच रहे है।

# प्रशासन ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाए जा रहे चार निर्माणाधीन मकानों को तोड़ा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध जिला प्रशासन का सख्त अभियान अब ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँच गया है। रायपुर जिले के टेमरी गांव में 9 जनवरी को प्रशासन ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाए जा रहे चार निर्माणाधीन मकानों को तोड़ दिया। तहसीलदार पवन कोसमा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई, जिसमें माना थाने की पुलिस, राजस्व निरीक्षक, और हल्का पटवारी भी मौजूद थे। तहसीलदार पवन कोसमा ने बताया कि ग्राम पंचायत टेमरी की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। शिकायत के अनुसार, सीताराम ध्रुव और अविनाश धृतलहरे नामक व्यक्तियों ने गांव की शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा कर चार मकानों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। तहसीलदार ने बताया कि जांच के उपरांत न्यायालय से बेजाकब्जा हटाने का आदेश पारित किया गया था। आदेश के आधार पर बुलडोजर चलाकर निर्माणाधीन मकानों को गिराया गया और शासकीय भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। तहसीलदार पवन कोसमा ने ग्रामीणों को चेतावनी दी है कि सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। ग्रामीण इलाकों में प्रशासन की इस कार्रवाई से लोगों के बीच संदेश गया है कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने की कोशिशें न केवल विफल होंगी बल्कि कठोर दंड का सामना भी करना पड़ेगा।

# श्रम मंत्री ने 41 हजार श्रमिकों के खातों में ट्रांसफर किए 23.22 करोड़




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल कार्यालय में 41 हजार से अधिक श्रमिकों के बैंक खाते में 23.22 करोड़ रूपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। विष्णु देव की सरकार में प्रदेश के श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को लगातार योजनाओं का लाभ तेजी से मिल रहा है। 37 हजार से अधिक निर्माण श्रमिकों को 14.83 करोड़ रूपए एवं 4928 असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों को राशि रूपए 8.39 करोड़ रूपए, 28 श्रमिकों को पेंशन एवं दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के तहत अनुदान राशि दिया जा रहा है। इस तरह कुल 41 हजार से अधिक श्रमिकों को 23.22 करोड़ रूपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित किए गए। इस अवसर पर सचिव सह श्रमायुक्त अलरमेल मंगई डी, अपर आयुक्त श्रम एस. एल. जांगड़े सहित श्रमिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान श्रम मंत्री ने मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के अंतर्गत चंगोराभाटा निवासी झम्मन यादव को एक लाख रूपए की सहायता राशि का चेक, मुख्यमंत्री नोनी सक्तिकरण सहायता योजना के तहत फाफाडीह रायपुर निवासी रेणु मिश्रा एवं उदिया सोसायटी टाटीबंद की दीपा साहू को 20-20 हजार रूपए का चेक, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के अंतर्गत कुशालपुर रायपुर निवासी रेश्मी बाई, प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर की लता देवांगन, कोटा रायपुर की हेमलता साहू एवं सड्डू रायपुर की भुवनेश्वरी साहू को एक-एक लाख रूपए की चेक प्रदाय किया गया।

# वाहन चालन के समय हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग अनिवार्य : मुख्य सचिव

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय सेवकों द्वारा वाहन चालन के समय हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राज्य शासन के समस्त विभागों, विभागाध्यक्ष, अध्यक्ष राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक रेंज, समस्त कलेक्टर और पुलिस अधिक्षकों को अपने अधिनस्त सभी शासकीय कर्मियों को सुरक्षा बेल्ट एवं हेलमेट का उपयोग सुनिश्चित करने कहा है। अमिताभ जैन ने सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि मोटरयान संशोधन अधिनियम 2019 में वाहन चालन के समय नियमानुसार सुरक्षा बेल्ट एवं हेलमेट के उपयोग के प्रावधान के अनुसार समस्त वाहन चालकों द्वारा धारण किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा है कि सभी शासकीय सेवकों द्वारा स्वयं एवं उनके परिजन और जनसामान्य की सुरक्षा के साथ-साथ नियमों के अनुपालन की प्रतिबद्धता का आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। इसी तरह से सभी को नियमों का पालन करना आवश्यक है। जिससे सड़क दुर्घटनाएं नही हो।

## गार्डन के नाले पर अवैध कब्जे को हटाया गया

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में शंकर नगर जोन कार्यालय गार्डन के नाले पर बने अवैध लेबर रूम और वाश रूम को हटाने की कार्रवाई की गई। यह निर्माण गार्डन के पास स्थित नाले के ऊपर अवैध रूप से किया गया था, जिसे नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी की उपस्थिति में जोन की टीम द्वारा हटवाया गया। कार्यवाही के दौरान निगम के अधिकारियों ने संबंधित व्यक्ति पर जुर्माना लगाने का निर्देश भी दिया।

## डी.एल.एड. परीक्षा हेतु आवेदन और नामांकन प्रक्रिया शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए डी.एल.एड. (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) नामांकन और परीक्षा आवेदन प्रक्रिया की तिथियां घोषित कर दी हैं। डी.एल.एड. के प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों को अपने आवेदन ऑनलाइन भरने होंगे। मंडल ने प्रक्रिया को समयबद्ध और सुचारू बनाने के लिए महत्वपूर्ण तिथियों की सूची जारी की है। प्रथम वर्ष के परीक्षार्थियों ग्राह्यता/नामांकन के लिए ऑनलाइन 10 से 31 जनवरी 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

# पुलिस ने गौमांस बेचने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

गौमांस बेचने वाले आधा दर्जन आरोपियों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत मोमिनपारा स्थित एक मकान में कुछ व्यक्तियों द्वारा गौमांस बेच रहे हैं। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुये एक विशेष टीम का गठन कर छापा मारा गया। इस दौरान मकान के कमरे में एक व्यक्ति उपस्थित था, पुलिस पार्टी आते देख अन्य कई लोग मौके से भाग निकले थे। मौके पर उपस्थित व्यक्ति से पूछताछ में अपना नाम समीर मण्डल होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा कमरे की तलाशी लेने के दौरान कमरे में गौमांस, मांस काटने का बड़ा हथियार/चाकू, तराजू सहित अन्य सामग्री बरामद हुई। समीर मण्डल को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा खुर्शीद अली, मोह. मुन्तजीर हैदर, अशफाक अली, अरमान हैदर एवं मोह. ईरशाद कुरैशी के साथ मिलकर गौमांस की बिक्री करना बताया गया। जिस पर टीम ने आरोपी खुर्शीद अली, मोह. मुन्तजीर हैदर, अशफाक अली, अरमान हैदर एवं मोह. ईरशाद कुरैशी की पतासाजी कर सभी को पकड़ा। सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गौमांस, नायलोन रस्सी, लकडी का गुटका, तराजू, किलो बाट, मांस काटने का 04 बडा हथियार/चाकू तथा बिक्री रकम नगदी 2550 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना आजाद चौक में अपराध क्रमांक 13/25 धारा 299, 325 बी.एन.एस. तथा छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 5, 6, 10 का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों से प्रकरण के संबंध में विस्तृत पूछताछ जारी है।

# बालको के शीतकालीन शिविर से छात्रों के आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी हुई आसान



पायनियर संवाददाता बालकोनगर
www.dailypioneer.com

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने प्रोजेक्ट कनेक्ट के तहत कक्षा 6वीं और 12वीं के छात्रों के लिए शीतकालीन शिविर का आयोजन किया। विद्या भवन सोसायटी के साझेदारी तथा जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से सप्ताहिक शिविर संपन्न हुआ। हर साल की तरह इस बार भी शिविर के माध्यम से कक्षा 10वीं और 12वीं के आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी और भविष्य में करियर चुनाव के लिए तैयार किया गया। शिविर में 11 स्कूलों के 250 छात्रों ने भाग लिया। कक्षा 10वीं के लिए विज्ञान, अंग्रेजी और गणित तथा 12वीं के लिए भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, अंग्रेजी और लेखाशास्त्र विषय में 6 सदस्यों की टीम द्वारा प्रतिदिन एक घंटे का सत्र आयोजित किया गया। इसमें प्रश्न पत्र पैटर्न से परिचय, वर्कशीट और मॉडल पेपर का उपयोग करके विभिन्न विषयों का अभ्यास, संदेह निवारण, समय प्रबंधन, प्रेरणा और जरूरतमंद छात्रों पर व्यक्तिगत ध्यान देना शामिल था। इसके साथ ही विशेषज्ञों द्वारा 6वीं से 12वीं के छात्रों को करियर परामर्श तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में बताया गया। भविष्य में उन्हें विषय अनुसार स्ट्रीम एवं करियर चुनने के विकल्प की जानकारी दी गई। शीतकालीन शिविर बच्चों को सीखने के लिए प्रोत्साहित करता है। छात्रों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए पहेलियाँ, कहानी सुनाना और मॉडल बनाने जैसी आकर्षक कार्यक्रम शामिल की गईं। विभिन्न शैक्षणिक सत्र के साथ छात्रों ने इनडोर और आउटडोर खेल, क्विज़ और समूह प्रतियोगिता में भाग लिया। 21वीं सदी के कौशल पर ध्यान केंद्रित करते हुए सहयोग, रचनात्मकता और संचार को बढ़ावा देने के लिए वीडियो और डिजिटल उपकरणों का उपयोग भी बताया गया। शिविर के माध्यम से छात्रों के भीतर संगठनात्मक कौशल को बढ़ावा दिया गया जो यह सुनिश्चित करती हैं कि वे टीम के वातावरण में बेहतर ढंग से कार्य करें। छात्रों के बीच शिविर द्वारा प्रदान की जाने वाली शैक्षिक सहायता उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। नियमित मूल्यांकन और व्यक्तिगत प्रतिक्रिया से सभी ने गणित में बेहतर कौशल का प्रदर्शन किया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि शिक्षा हमारे सामुदायिक विकास का प्रमुख स्तंभ है। कंपनी की प्रोजेक्ट कनेक्ट से बच्चों में आत्मविश्वास और समस्या-समाधान क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। हमारा लक्ष्य स्थानीय युवाओं के बीच शिक्षा को उनके जीवन का आधार बनाना तथा व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देना जिससे उन्हें रोजगार योग्य कौशल सीखने के अवसर प्राप्त हों। देश के उत्तरोत्तर विकास में सभी की भागीदारी महत्वपूर्ण है। हमारे विभिन्न सामुदायिक विकास कार्यक्रम इसी दृष्टिकोण से जुड़े हुए हैं। गर्ल्स स्कूल की छात्रा ममता श्रीवास ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी शिक्षा को बेहतर बनाती है जिनसे हमे बहुत सीखने को मिला। शिविर से हम निश्चित रूप पढ़ने के लिए सार्थक कदम उठाएंगे। हमने पढ़ाई के साथ नया सीखने का मौका मिला जिसके लिए मैं बालको का धन्यवाद करना चाहती हूं। वर्ष 2016 में शुरू किए गए परियोजना 'कनेक्ट' के अंतर्गत नियमित कक्षाएं आयोजित कर, ड्रॉपआउट छात्रों को पढ़ाने और ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन शिविर के माध्यम से सामुदायिक क्षेत्र में शिक्षा को नईं उचाईयों पर पहुंचा रहा है। बालको कर्मचारियों तथा स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से विज्ञान, अंग्रेजी, गणित और अकाउंटेंसी (सेमा) में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मदद से छात्रों के ग्रेड में सुधार, शिक्षकों की क्षमता निर्माण और करियर परामर्श के साथ सरकारी स्कूलों में सीखने का शैक्षिक माहौल विकसित करना है। छह सरकारी स्कूलों में परियोजना के माध्यम से सेमा विषयों पर नियमित कक्षाओं से 2150 से अधिक छात्र लाभान्वित हुए हैं।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403